# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, बुधवार 4 दिसंबर 2024







# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार

# छग में फूटा आक्रोश

## सड़क पर उतरा सर्वसमाज







*बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में मंगलवार को राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश भर में सर्व समाज ने आक्रोश रैली निकाली। इसमें भारी संख्या में संतों के साथ सर्व समाज के पदाधिकारी और आम जन एकत्रित हुए। सभी शहरों में आक्रोश रैली निकालकर कलेक्टरों को राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। संतों ने एक स्वर में कहा, किसी भी कीमत में हिंदुओं पर इस तरह का अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अत्याचारों को रोकने की मांग की।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/राजनांदगांव जगदलपुर/ धमतरी

राजधानी रायपुर में सनातन हिंदू पंचायत के बैनर तले सर्व समाज के लोग तेलीबांधा तालाब के पास एकत्रित हुए। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे सर्व समाज के लोगों ने आक्रोश रैली निकाली और कलेक्ट्रेट पहुंचे। इसके पहले एक सभा हुई। इस सभा में स्वरूपानंद महाराज, वेद प्रकाश महाराज, सर्वेश्वर दास महाराज के साथ ही आरएसएस के डा. पूर्णेंदु सक्सेना ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर विरोध जताया और कहा कि अत्याचार पर रोक लगनी चाहिए। रैली में शहर के विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल लाहू, सुनील सोनी, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव,

- *सभी जिलों में कलेक्टरों को सौंपा गया राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम ज्ञापन*

▶▶| शेष पेज 4 पर

### बंगाली समाज के लोग भी जुटे

जगदलपुर में देवी दंतेश्वरी मंदिर के सामने सनातन रक्षा मंच द्वारा आयोजित आक्रोश रैली में बांग्लादेश के खिलाफ लोगों का गुस्सा फूटा। धरना प्रदर्शन के बाद आक्रोश रैली निकालकर राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया। विशेष बात यह रही कि 70 के दशक में बांग्लादेश से हिंदुस्तान आए बंग बंधुओं ने भी उनकी

▶▶| शेष पेज 4 पर



### केंद्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग

राजनांदगांव की जनाक्रोश रैली में बड़ी संख्या में हिंदू संगठन एवं विभिन्न समाज के लोगों की उपस्थिति रही। हिंदू संस्कृति सुरक्षा मंच के बैनर तले मंगलवार को हुए इस प्रदर्शन के दौरान प्रारंभ में ओम के उच्चारण के साथ सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके पश्चात धरना शुरू हुआ। इस मौके पर मंच में उपस्थित हिंदू संगठन के पदाधिकारी एवं समाज के

▶▶| शेष पेज 4 पर



### बांग्लादेश के हिंदुओं को भारत लाया जाए

धमतरी में हिंदू सुरक्षा मंच ने गांधी मैदान में धर्मसभा और शहर में रैली निकाली। इसके बाद उचित कार्रवाई करने राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। वक्ता दीपक लखोटिया, पं. अशोक शास्त्री, डॉ. रोशन उपाध्याय, केपी सिंह, गोपाल यादव, सुमिता पंजवानी ने कहा, बांग्लादेश में हिंदुओं और

▶▶| शेष पेज 4 पर




### अयोध्या में संतों ने निकाली रैली

इधर, देशभर के कई शहरों में संतों और समाज के जन आक्रोश रैली निकाली। अयोध्या में भी बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीड़न के विरोध में संतों और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आनुषंगिक संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य सड़क पर उतर आए और जन आक्रोश रैली निकाली। यह रैली अयोध्या के ऐतिहासिक गुलाबबाड़ी मैदान से निकली और शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए गांधी पार्क के लिए रवाना हुई। रैली में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय भी शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में केंद्र की मोदी सरकार से बांग्लादेश के प्रकरण में सीधा हस्तक्षेप करने की मांग की। रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे। इसे लेकर प्रशासन ने पहले से ही सुरक्षा के प्रबंध कर लिए थे और बड़ी संख्या में फोर्स तैनात कर दिया था। रामजन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय कृष्ण प्रभु के वकील पर हुए हमले को बेहद डरावना बताया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं है।



**चंपत राय बोले- सीधा हस्तक्षेप करे सरकार**




*यूपी के प्रयागराज में अगले साल जनवरी में महाकुंभ होने जा रहा है। यह एक विशाल धार्मिक आयोजन है, जिसमें 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। हर साल, हजारों लोग संगम मंय स्नान करने के बाद त्रिवेणी का जल लेकर जाते हैं, लेकिन महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की इतनी बड़ी संख्या होने के कारण यह जल सभी तक नहीं पहुंच पाता। इस बार, प्रयागराज महाकुंभ में सरकार ने एक विशेष व्यवस्था की है, ताकि हर श्रद्धालु को त्रिवेणी का जल आसानी से मिल सके।*

# मूंज की डलियों से बने कलश में मिलेगा त्रिवेणी का पवित्र गंगाजल

## महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए बनी खास योजना

### 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में होगा महाकुंभ

**एजेंसी ▶▶ प्रयागराज**

इस वर्ष, उत्तर प्रदेश सरकार ने रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन पर त्रिवेणी का जल बोतल बंद और कलश में उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। इस कार्य को महिलाओं के स्वयं सहायता समूह द्वारा संभाला जाएगा, जो राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत प्रशिक्षित की जाएंगी। इन समूहों को इस काम के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे त्रिवेणी का जल श्रद्धालुओं को सही और सुरक्षित तरीके से उपलब्ध करा सकें। यह कदम सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास का हिस्सा भी है।

### जल की पैकिंग और सुरक्षित वितरण

महाकुंभ में पवित्र त्रिवेणी जल की पैकिंग को लेकर भी विशेष ध्यान रखा गया है। इस जल को धातु से बने कलश और बोतलों में पैक किया जाएगा, जो न केवल सुरक्षित होंगे, बल्कि आकर्षक भी होंगे। इन पैकिंग्स को एक खास और इकोफ्रेंडली डिजाइन में रखा जाएगा। खासतौर पर मूंज से बनी डलियों में त्रिवेणी जल को रखा जाएगा। मूंज का उपयोग पर्यावरण के लिहाज से भी उपयुक्त है, क्योंकि यह प्राकृतिक सामग्री है और इसके उपयोग से प्लास्टिक के बोतलों का असर कम होगा।




### यह होगा पैकिंग साइज

प्रयागराज के महेवा गांव की महिलाएं, जो ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) के तहत मूंज से विभिन्न उत्पाद तैयार करती हैं, उन्होंने खास डिजाइन की डलियां तैयार की हैं। इन डलियों में त्रिवेणी का जल एक लीटर, आधे लीटर और 250 मिली लीटर की पैकिंग साइज में मिलेगा। यह पैकिंग श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक होगी और जल को सुरक्षित रूप से ले जाने में मदद करेगी। साथ ही, इस पहल से प्रयागराज के मूंज उत्पाद की ब्रांडिंग भी होगी, जिससे स्थानीय कारीगरों को भी लाभ होगा।

## महाकुंभ 2025: सोनू, श्रेया महादेवन का होगा धमाल

प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं को गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में केवल पवित्र डुबकी ही नहीं, बल्कि बॉलीवुड के प्रसिद्ध गायकों के संगम का भी आनंद मिलेगा। गंगा पंडाल में आयोजित किए जाने वाले इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में शंकर महादेवन, कैलाश खेर, सोनू निगम, श्रेया घोषाल और अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से इस आध्यात्मिक आयोजन को और भी विशेष बनाएंगे।दरअसल, गायक और संगीतकार शंकर महादेवन, कैलाश खेर, सोनू निगम, विशाल भारद्वाज, ऋचा शर्मा, जुबिन नौटियाल और श्रेया घोषाल जैसे सितारे अपनी प्रस्तुतियां देंगे।



## खबर संक्षेप

### झारखंड में कल सोरेन के नए मंत्रिमंडल की शपथ

**रांची।** झारखंड में पांच दिसंबर को राज्य सरकार के नए मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह होगा। जिसमें झामुमो, कांग्रेस, राजद और लेफ्ट के विधायक मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। हालांकि किस दल से कितने मंत्री बनेंगे, अभी तक इसका खुलासा नहीं हो सका है। जबकि, इससे पहले 28 नवंबर को राज्य में हुए शपथ ग्रहण समारोह में सिर्फ हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।



### राहुल को नहीं मिलेगी संभल में एंट्री

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उत्तर प्रदेश के संभल जाना चाहते हैं लेकिन जानकारी सामने आ रही है कि उन्हें वहां पर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। संभल में डीएम द्वारा लगाए गए प्रतिबंध अभी भी लागू हैं। डीएम के आदेश के मुताबिक, प्रतिबंध जारी रहेंगे और राहुल गांधी पर भी लागू होंगे।



## विपक्ष ने किया लोकसभा से वॉकआउट

# अदाणी मुद्दे पर 'इंडिया' में दरार! कांग्रेस के प्रदर्शन का सपा-टीएमसी ने किया बायकॉट

### शीतकालीन सत्र के सातवें दिन भी जारी रहा हंगामा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली**

संसद के शीतकालीन सत्र के सातवें दिन मंगलवार को भी हंगामा जारी रहा। दरअसल, अदाणी मामले पर विपक्ष ने लोकसभा से वॉकआउट किया। उसके बाद संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन करने लगे। विपक्षी दलों के सांसदों के हाथ में 'मोदी-अदाणी एक हैं' और 'भारत अदाणी के खिलाफ जवाबदेही की मांग करता है', लिखी तख्तियां दिख रही थीं। इस प्रदर्शन में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी शामिल हुए। हालांकि, इससे समाजवादी पार्टी (एसपी) और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने दूरी बना ली है। ऐसे में सरकार के खिलाफ विपक्ष बिखरता नजर आया। इस दूरी ने एक बार फिर इंडिया गठबंधन में आई दरार को सामने ला दिया।

### विपक्षी पार्टियों में मतभेद की वजह

25 नवंबर से शुरू हुए संसद के शीतकालीन सत्र में लगातार गतिरोध बना हुआ है। कांग्रेस पार्टी का पूरा फोकस अदाणी मामले को लेकर है, लेकिन समाजवादी पार्टी संभल हिंसा पर चर्चा की मांग कर रही है। वहीं तृणमूल कांग्रेस चाहती है कि सदन में मंहगाई, बेरोजगारी, किसान, उर्वरक, विपक्षी राज्यों को मिलने वाले पैसे में कटौती और मणिपुर जैसे मुद्दों को लेकर चर्चा हो। यानी विपक्षी दलों में टीएमसी का रुख साफ है कि संसद में सभी मुद्दों पर चर्चा हो, कमोबेश ऐसा ही कुछ समाजवादी पार्टी भी चाहती है। इससे पहले सोमवार को संसद की कार्यवाही से पहले इंडिया ब्लॉक के नेताओं की मुलाकात राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे से हुई थी, जिसमें राहुल गांधी तो शामिल हुए थे, लेकिन टीएमसी का कोई सांसद नहीं पहुंचा था।




### कांग्रेस ने फूट को किया खारिज

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि हम मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। हम सदन के अंदर प्रदर्शन नहीं कर सकते इसलिए हमने संसद परिसर में विरोध किया है। टीएमसी के न शामिल होने पर उन्होंने कहा, 'हमारे बीच अबतक और मामलों में सही समन्वय चल रहा है। उनको पता है बंगाल में हम लोग एक साथ नहीं है। इसलिए शायद वह इस विषय पर भी अलग हैं।

### रेणुका चौधरी के बयान को लेकर भी मचा बवाल

इस बीच कांग्रेस नेता रेणुका चौधरी के एक बयान पर विवाद हो गया है। चौधरी ने कहा, 'हमारी तरफ से कोशिश है कि सदन की कार्यवाही सुचारू ढंग से चले क्योंकि जनता ने हमें चुनकर संसद भेजा है और वे चाहते हैं कि हम उनकी आवाज को यहां बुलंद करें।अगर सरकार सदन चलाना चाह रही है तो चलेगा, अगर वह नहीं चलाना चाह रही है तो नहीं चलेगा। सब समझते है कि ये षडयंत्र क्या है।' चौधरी ने कहा कि सदन चलाना हमारी जिम्मेदारी नहीं है बल्कि कुर्सी पर बैठे लोगों की जिम्मेदारी है। अगर वे लायक हैं तो चलाएंगे, नालायक हैं तो नहीं चलाएंगे।

### विपक्ष के प्रदर्शन पर भाजपा ने साधा निशाना

*अदाणी मामले पर संसद में इंडिया गठबंधन के विरोध में टीएमसी के शामिल नहीं होने पर भाजपा सांसद समिक भट्टाचार्य ने कहा, 'आप गठबंधन की स्थिति देख सकते हैं। कभी टीएमसी गायब है तो कभी आम आदमी पार्टी गायब है। कांग्रेस जहां भी लोगों के पास जाती है, जनता उन्हें वहां ठुकरा देती है। कांग्रेस के पास अब सिर्फ एक जगह है- संसद का गेट या फिर सदन नहीं चलने देना। यही कांग्रेस का एजेंडा है।*

# बांग्लादेश की हिमाकत भारतीय उच्चायुक्त को किया तलब




### तोड़फोड़ मामला

### अगरतला में काउंसलर सर्विस भी की बंद

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के बीच त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में पड़ोसी मुल्क के राजनयिक मिशन में हुई तोड़फोड़ मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं परिसर में घुसपैठ के मामले में चार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इस बीच बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब कर घटना का विरोध जताया गया है। साथ ही बांग्लादेश ने अगरतला में अपनी काउंसलर सर्विस भी बंद करने का ऐलान किया है।

### ये है मामला

सोमवार को अगरतला में स्थित बांग्लादेश के सहायक उच्चायोग में कथित तौर पर कुछ लोगों ने घुसकर तोड़फोड़ की और हंगामा मचाया। घटना के बाद त्रिपुरा पुलिस ने ड्यूटी में कथित लापरवाही के लिए पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई है। एसपी ने बताया कि घटना के बाद वाणिज्य दूतावास में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और सीआरपीएफ तथा त्रिपुरा स्टेट राइफल्स (टीएसआर) के जवानों को तैनात किया गया है। तोड़फोड़ की को लेकर भारतीय विदेश मंत्रालय ने निंदा की और कार्रवाई करने के आदेश दिए थे।

### दिल्ली में बढ़ाई गई बांग्लादेशी उच्चायोग की सुरक्षा

वहीं दिल्ली में बांग्लादेश के उच्चायोग की भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। चाणक्यपुरी में बांग्लादेश उच्चायोग के आसपास सुरक्षा बढ़ाई गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, 'सुरक्षा बढ़ा दी गई है और आयोग के चारों ओर अतिरिक्त पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। हम यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि इसके परिसर के आसपास कोई भीड़ न हो।

### चिन्मय के वकील पर जानलेवा हमला, सुनवाई टली

बांग्लादेश में हिंदू पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की जमानत याचिका पर होने वाली सुनवाई मंगलवार को टाल दी गई। चटगांव की अदालत में इस मामले में चिन्मय दास की तरफ से दलील रखने के लिए कोई वकील मौजूद नहीं था। इसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई टाल दी। दरअसल, दास के केस की पैरवी करने वाले वकील वकील रामेन रॉय पर हाल में इस्लामिक कट्टरपंथियों ने जानलेवा हमला कर दिया। रॉय की स्थिति बेहद गंभीर है।



# डिजिटल गवर्नेंस में नवाचार : 205 बिलियन डॉलर की 340 परियोजनाओं को रफ्तार

### *प्रगति प्लेटफॉर्म और भारत के डिजिटल गवर्नेंस पर ऑक्सफोर्ड के सैद बिजनेस स्कूल केस स्टडी के मुख्य निष्कर्ष*

**एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु**

ऑक्सफोर्ड के सैद बिजनेस स्कूल ने आईआईएम बेंगलुरु में जारी अपनी केस स्टडी में बताया है कि किस तरह से भारत का प्रगति प्लेटफॉर्म (प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाइमली इम्प्लीमेंटेशन) बड़े बुनियादी ढांचे और सामाजिक विकास परियोजनाओं को लागू करने के तरीके को बदल रहा है। गेट्स फाउंडेशन के सहयोग से किया गया शोध बताता है कि कैसे डिजिटल गवर्नेंस में इस नवाचार ने 205 बिलियन डॉलर की 340 परियोजनाओं को गति देने में मदद की है। इस केस स्टडी के मुख्य निष्कर्ष सामने आए हैं। 2015 में अपनी शुरुआत के बाद से, प्रगति ने 205 बिलियन डॉलर की 340 परियोजनाओं को गति देने में मदद की है। इसने बुनियादी ढांचे के विकास में अभूतपूर्व सहायता की है जिसमें 50,000 किलोमीटर के नए राष्ट्रीय राजमार्ग और हवाई अड्डों का दोहरीकरण शामिल है।



**शीर्ष नेतृत्व की भूमिका :** प्रगति के मूल में प्रधानमंत्री मोदी की सीधी भागीदारी है। वे आमतौर पर महीने में एक बार राज्य के मुख्य सचिवों और केन्द्रीय मंत्रालय के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस बैठकों के माध्यम से समीक्षा करते हैं। डिजिटल निगरानी उपकरणों के साथ मिलकर इस व्यावहारिक नेतृत्व ने जवाबदेही की एक नई संस्कृति बनाई है। विशिष्ट परियोजनाओं की समीक्षा में प्रधानमंत्री की सक्रिय भागीदारी नौकरशाही के गतिरोध को तोड़ने और कार्यान्वयन में तेजी लाने में मदद करती है।

### समस्या की निगरानी और समाधान

प्रगति प्लेटफॉर्म बुनियादी ढांचे में आने वाली बाधाओं का समाधान करने में प्रमुख भूमिका में सामने आया है। इसका अस्तित्व ही समाधान के लिए प्रेरित करता है। अधिकारी अक्सर प्रधानमंत्री की समीक्षा तक पहुंचने से पहले समस्याओं का समाधान कर देते हैं। उसके बाद भी समीक्षा के लिए आने वाली परियोजनाओं में प्रगति का एकीकृत दृष्टिकोण भूमि अधिग्रहण और पर्यावरण मंजूरी जैसे क्षेत्रों में लंबे समय से चले आ रहे गतिरोध को समाप्त करने में मदद करता है।

### डिजिटल गवर्नेंस इकोसिस्टम

प्रगति प्लेटफॉर्म एक व्यापक इको सिस्टम के भीतर काम करता है जिसमें बुनियादी ढांचे की योजना के लिए पीएम गति शक्ति और पर्यावरण संबंधी मंजूरी के लिए परिवेश शामिल है। इस एकीकृत स्वरूप ने अनुमोदन की समय-सीमा को बहुत ही नाटकीय ढंग से कम कर दिया है।

# गूगल मैप ने फिर दिया धोखा, नहर में गिरी कार

**एजेंसी ▶▶ बरेली**

■ यूपी में एक और हादसा

गूगल मैप एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ है। उत्तर प्रदेश के बरेली में एक बार फिर गूगल मैप ने कार सवार को गलत रास्ते पर भेज दिया। इसके बाद रास्ते में टूटी सड़क की वजह से कार पलट गई और नहर में चली गई। गनीमत रही कि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई। कार में 3 युवक सवार थे। घटना की जानकारी होते ही पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची और क्रेन से कार को बाहर निकाला गया। दरअसल दिव्यांशु टाटा टैगोर से गूगल मैप के सहारे पीलीभीत जा रहे थे। कलापुर नहर के पास तिराहा सड़क का कटान होने की वजह से गाड़ी नहर में पलट गई। गनीमत रही कि कार में सवार तीनों में से किसी को भी चोट नहीं आई। इसके बाद गाड़ी को क्रेन की मदद से बाहर निकलवाया गया।

डॉ.वाशानी
दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769
हर्बल लेप
शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
HMS
शिव मस्सा नाशक

### संभल कांड

# घटनास्थल से पाकिस्तान मेड 9 एमएम कारतूस व खोखे बरामद



**लखनऊ।** यूपी के संभल के कोतवाली इलाके के मोहल्ला कोट गर्बी स्थित टंकी रोड पर हुई हिंसा की जांच में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। जांच के दौरान फोरेंसिक और एलआईयू की टीमों को घटनास्थल से पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्ट्री मेड 9 एमएम के दो कारतूस बरामद हुए हैं। इनमें एक कारतूस मिसफायर मिला है, जबकि दूसरा खोखा बरामद किया गया है। इसके अलावा, 12 बोर और 32 बोर के दो-दो खोखे भी घटनास्थल से बरामद हुए हैं। बरामद गोलियों और खोखों की पुष्टि के लिए विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। संभल हिंसा के इस मामले में पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। पुलिस और जांच टीमों के अनुसार, यह मामला काफी गंभीर है। हिंसा के पीछे की साजिश और इसमें इस्तेमाल किए गए हथियारों की स्रोत की जांच की जा रही है। स्थानीय पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### ये है मामला

बता दें कि, स्थानीय कोर्ट के आदेश पर संभल में मुगलकालीन जामा मस्जिद का सर्वे करने के लिए एडवोकेट कमिश्नर के नेतृत्व में एक टीम 24 नवंबर को वहां गई थी। स्थानीय लोगों ने सर्वे टीम का विरोध किया। हालांकि, पुलिस की मौजूदगी में सर्वे टीम मस्जिद के अंदर पहुंची और सर्वे का काम शुरू किया। इस बीच मस्जिद के बाहर अचानक हजारों की भीड़ मजहबी नारे लगाते हुए जुटी और पुलिसकर्मियों पर पथराव शुरू कर दिया। नकाबपोश उपद्रवियों ने वहां मौजूद सरकारी गाड़ियों में आग लगा दी और गोलीबारी भी की। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साँई बाबा नेत्र हॉस्पिटल

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

रायपुर
बुधवार, 4 दिसंबर 2024
अगहन शुक्ल पक्ष चतुर्थी
वर्ष : 23, अंक : 138
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 30.8
न्यून. 20.5

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# मेडिकल कालेज के डीन, अधीक्षक को मिला अधिकार, दस लाख रुपए तक खरीद सकेंगे दवा-उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर चिकित्सा महाविद्यालयों से संबंधित अस्पतालों में आने वाले मरीजों को अब दवा और उपकरण की वजह से निराश नहीं होना पड़ेगा। आवश्यक दवा, उपकरण और निर्माण संबंधी कार्यों को पूरा करने के लिए मेडिकल कालेज के अधिष्ठाता और चिकित्सा अधीक्षक की वित्तीय शक्तियां दस लाख रुपए तक बढ़ा दी गई हैं। अस्पताल में रीएजेंट की समस्याओं को दूर करने के लिए उन्हें खरीदी का पूरा अधिकार दे दिया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम ▶▶|शेष पेज 4 पर

## मुख्यमंत्री की पहल पर स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में स्वशासी समितियों का फैसला

### अस्पतालों का हिस्सा अब 45 फीसदी

अब तक आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आने वाले क्लेम का 25 फीसदी हिस्सा संबंधित कालेज की स्वशासी समिति को प्राप्त होता था जिसे बढ़ाकर 45 प्रतिशत कर दिया गया है। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबंद्ध चिकित्सालयों को राज्य बजट से दवाइयां एवं भण्डार एवं रिएजेंट मद में प्राप्त बजट का आवंटन 10 फीसदी के बजाए 25 फीसदी कर दिया गया है।





### 2 करोड़ तक अनुमोदन का अधिकार

बैठक में प्रबंधकारिणी समिति को प्रति कार्य 2 करोड़ रूपए तक अनुमोदन का अधिकार दिया गया है। वित्त समिति को प्रति कार्य 10 लाख रूपए तक के अनुमोदन का पॉवर दिया गया है। केंद्र अथवा राज्य शासन के विभिन्न योजनाओं से स्वशासी समिति को प्राप्त राशि, आवंटन, अनुदान में से सामान्य सभा को खर्च व अनुमोदन का पूर्ण अधिकार होगा। प्रबंधकारिणी समिति 5 करोड़ रूपए तक की राशि का अनुमोदन कर सकेगी।

सौगात

## सीएम के आग्रह पर रायगढ़ की सरस्वती ने जारी की महतारी वंदन की राशि



रायगढ़। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को रायगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना की राशि जारी की। इस दौरान मुख्यमंत्री साय के सुशासन की झलक देखने को मिली। मंच में उनसे मिलने पहुंची महतारी वंदन योजना की हितग्राही सरस्वती यादव को उन्होंने बटन दबाकर प्रदेश की महिलाओं के खाते में महतारी वंदन योजना की दसवीं किश्त की राशि जारी करने का आग्रह किया। इस पर सरस्वती यादव ने बटन दबाकर प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना की 10वीं किस्त के रूप में 652 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। यह पहला मौका होगा जब किसी योजना के हितग्राही ने ही योजना की राशि जारी की है।

**पहला मौका जब हितग्राही ने ही जारी की योजना की राशि**

## राप्रसे के 14 अफसरों को आईएएस अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राज्य प्रशासनिक सेवा के 14 अफसर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी बन गए हैं। बताया गया है कि इस प्रमोशन के लिए दिल्ली में डीपीसी की बैठक रखी गई थी। इस बैठक में राज्य के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, एसीएस रेणु जी पिल्ले शामिल हुई थीं।

- सौम्या सहित तीन का नंबर नहीं लगा

### इन अधिकारियों को आईएएस अवार्ड

संतोष देवांगन, हीना नेताम, अश्वनी देवांगन, रेणुका श्रीवास्तव, आशुतोष पाण्डेय, अजय अग्रवाल, रीता यादव, लोकेश चंद्राकर, प्रकाश सर्वे, गजेंद्र ठाकुर, लीना कोसम, तनुजा सलाम, वीरेंद्र बहादुर पंचभाई, सौमिल रंजन चौबे शामिल है। इस अवार्ड की प्रक्रिया के दौरान कुछ अन्य अधिकारी भी दावेदारी में थे, लेकिन अलग अलग कारणों से वे आईएएस बनने की दौड़ से फिलहाल बाहर है। बताया गया है कि ▶▶|शेष पेज 4 पर

आज विधायक दल की बैठक, कल शपथ की तैयारी, पर सीएम पर अब भी सस्पेंस

# महाराष्ट्र का 'महा-फॉर्मूला', भाजपा के होंगे 22 मंत्री, शिंदे के 12 और पवार गुट से रहेंगे 10!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के 10 दिन बाद भी नई सरकार के गठन का इंतजार है। एकनाथ शिंदे के 'त्याग' के बाद देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री पद की रेस में सबसे ऊपर बताए जा रहे हैं, लेकिन भाजपा ने अभी तक नए मुख्यमंत्री के नाम का खुलासा नहीं किया है। फिर भी मुंबई के आजाद मैदान में 5 दिसंबर को होने वाले मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर तैयारियां भी जोरशोर से चल रही हैं। इस बीच, नई सरकार के गठन को लेकर फॉर्मूला भी सामने आ गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, महाराष्ट्र में 6-1 फॉर्मूले पर पावर शेयरिंग होगा। सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाली भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा मंत्री पद भी रखेगी। शिंदे और अजित पवार गुट ने ▶▶|शेष पेज 4 पर

*महाराष्ट्र में पावर शेयरिंग के लिए 6-1 का फॉर्मूला तय हुआ है। इसका मतलब ये है कि 6 विधायक पर एक मंत्रिपद मिलेगा। इस फॉर्मूले के तहत भाजपा अपने पास 20 से 22 मंत्री पद रखेगी। एकनाथ शिंदे गुट के पास 12 मंत्रालय होंगे, जबकि अजित पवार गुट को 9 से 10 मंत्री पद दिए जा सकते हैं। इधर, महायुति में अजित पवार की अगुवाई वाले सहयोगी दल एनसीपी ने भी पेच फंसा दिया है। एनसीपी ने शिंदे की शिवसेना के बराबर सरकार में जगह की मांग की है। इस बीच, मंगलवार शाम देवेंद्र फडणवीस वर्षा बंगले पर एकनाथ शिंदे से मिलने पहुंचे।*

### खास बातें

- पावर शेयरिंग के लिए 6-1 का फॉर्मूला तय होने की खबर
- पवार ने फंसाया नया पेंच, कहा- शिवसेना के बराबर हो मंत्री पद
- फडणवीस वर्षा बंगले पर एकनाथ शिंदे से मिलने पहुंचे



फाइल फोटो

### किन-किन मंत्रालय पर सस्पेंस?

गृह मंत्रालय किसके पास जाएगा, इस पर सस्पेंस है। भाजपा इसे अपने पास रखना चाहेगी। महाराष्ट्र विधानसभा में स्पीकर के पद को लेकर भी खींचतान चल रही है। शिंदे गुट इसे अपनी पार्टी के पास रखना चाहते हैं। शिंदे और अजित पवार के बीच मंत्रालयों के लेकर भी आपस में ठनी हुई है। दोनों गुट पीडब्ल्यूडी, अर्बन और फाइनेंस डिपार्टमेंट के लिए दावेदारी कर रहे हैं।

**आज क्या होगा?**

- बुधवार सुबह 10 बजे भाजपा विधायक दल की बैठक होगी
- ऑब्जर्वरों की निगरानी में विधायक दल का नेता चुना जाएगा
- देवेंद्र फडणवीस का विधायक दल के नेता चुना जाना तय ही है
- शिंदे और पवार को साथ लेकर राज्यपाल से करेंगे मुलाकात

### कल कितने मंत्री लेंगे शपथ?

5 दिसंबर को मुख्यमंत्री के साथ 2-2 मंत्री शपथ लेंगे। पहले भाजपा के 15, एकनाथ शिंदे और एनसीपी अजित पवार गुट से 5-5 मंत्रियों के शपथ लेने का प्लान था। सूत्रों का यह भी कहना है कि मुख्यमंत्री के साथ एकनाथ शिंदे और अजित पवार भी शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी के साथ, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत पार्टी के तमाम सीनियर नेता मौजूद रह सकते हैं। इसके साथ ही शपथ ग्रहण समारोह के लिए भाजपा शासित राज्यों को मुख्यमंत्रियों को भी आमंत्रित किया गया है।

## गले पर तख्ती हाथों में भाला...



- व्हील चेयर पर बैठकर पश्चाताप करने पहुंचे सुखबीर बादल, स्वर्ण मंदिर में धोए बर्तन
- शिअद नेता ने स्वर्ण मंदिर में की सेवा, अकाल तख्त ने सुनाई थी सजा

एजेंसी ▶▶| अमृतसर

शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता सुखबीर सिंह बादल ने मंगलवार को हरमंदिर साहिब गुरुद्वारे यानी स्वर्ण मंदिर के बाहर सेवादार के तौर पर काम किया। एक हाथ में भाला थामे, सेवादार की नीली ▶▶|शेष पेज 4 पर



हरिभूमि की खबर पर एक्शन

## एकलव्य विद्यालय में लापरवाही हॉस्टल अधीक्षक पर गिरी गाज




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

खबर का असर

50 सीटर आश्रम में 180 छात्र-छात्राओं के अव्यवस्था के बीच रहने की खबर हरिभूमि ने मंगलवार को प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इसमें शौचालय में बिस्तर और जहां लड़कियां नहाती हैं, वहां कैमरा होने की बात को प्रशासन ने गंभीरता से लेते जांच शुरू कर दी है। नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के हॉस्टल में भारी अव्यवस्था के बीच क्षमता से लगभग 4 गुना विद्यार्थियों के रहने और सारे नियम कानूनों की धज्जियां उड़ाने की बात सामने आई है। लंबे समय से चल रहे इस गंभीर अनियमितताओं को दुरुस्त करने की कोई पहल नहीं की गई। कलेक्टर विपिन मांझी ने सहायक आयुक्त को जांच के ▶▶|शेष पेज 4 पर

- हॉस्टल में अव्यवस्था, कलेक्टर ने की कार्रवाई

### आप और सर्व आदिवासी समाज ने की एफआईआर की मांग

छात्राओं के नहाने के स्थल में कैमरा का पाया जाना और शौचालय में बिस्तर का होना अत्यंत गंभीर बात है। इस विषय को लेकर आम आदमी पार्टी और सर्व आदिवासी समाज ने प्राचार्य पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। उनका कहना है कि इसमें पूरा सिस्टम दोषी है। एक व्यक्ति को निलंबित करने से अव्यवस्था को दूर नहीं की जा सकती। कई सालों से चल रहे इस गड़बड़ी में पूर्व में पदस्थ अधिकारियों और वर्तमान में जिम्मेदार लोगों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

## हेडमास्टर ने फाइल पटकी, महिला बीईओ का गला दबाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अभनपुर थाना क्षेत्र के बीईओ कार्यालय में हंगामा का एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। सीसीटीवी में हंगामा करने वाला परसदा स्थित पूर्व माध्यमिक शाला का हेड मास्टर है। फुटेज में बहस के दौरान हेडमास्टर तथा बीईओ टेबल पर फाइल पटकते दिख रहे हैं। इसके बाद दोनों के बीच हाथापाई की स्थिति निर्मित होती है। हाथापाई के दौरान हेडमास्टर महिला बीईओ का गला दबाते हुए टेबल पर पटकते दिख रहा है। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी हेड मास्टर के खिलाफ अपराध दर्ज कर गिरफ्तार कर ▶▶|शेष पेज 4 पर

- वीडियो आया सामने निलंबन के बाद केस दर्ज

### सीसीटीवी में कैद कारनामा

हेडमास्टर तथा बीईओ के बीच कैबिन के अंदर जो विवाद हुआ, वह पूरा मामला कैबिन में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। सीसीटीवी से प्राप्त फुटेज के मुताबिक बीईओ तथा हेड मास्टर टेबल पर फाइल पटकते दिख रहे हैं। दोनों के बीच हाथापाई की स्थिति निर्मित होती है और तेज आवाज आने पर अन्य स्टाफ कैबिन के अंदर दाखिल होते हैं। स्टाफ के अन्य सदस्य हेड मास्टर को बीईओ से अलग कर दूसरी जगह ले जाकर ▶▶|शेष पेज 4 पर




एक फोटो ने किया बड़ा बवाल, 6 को सुनवाई

# वर्ल्ड कप ट्रॉफी पर रखा पैर, मार्श-बीसीसीआई पर मुकदमा

एजेंसी ▶▶| अलीगढ़

भारत की मेजबानी में पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप का आयोजन किया गया था। इसके फाइनल में भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया से हुआ था। ऑस्ट्रेलिया ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मैच में भारत को हरा दिया था। इसके बाद मिचेल मार्श को विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई थी। उसी ट्रॉफी के साथ मिचेल मार्श की एक तस्वीर वायरल हुई थी जिसे लेकर अब उन पर अलीगढ़ में मुकदमा दायर किया गया है। साथ ही इसमें बीसीसीआई का नाम भी है। अधिवक्ता के अनुसार न्यायालय ने देहलीगेट थाने से रिपोर्ट मांगी है।

- मिचेल मार्श एक फोटो के कारण मुश्किल में फंसे
- पिछले साल वनडे वर्ल्ड कप का है मामला
- ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हरा जीता था खिताब



### भ्रष्टाचार विरोधी सेना ने दायर किया मुकदमा

भ्रष्टाचार विरोधी सेना के अध्यक्ष केशव देव गौतम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी मिचेल मार्श व भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के चेयरमैन रोजर बिन्नी के विरुद्ध न्यायालय में वाद दायर किया है। आरोप है कि मिचेल ने विश्वकप ट्रॉफी के ऊपर पैर रखकर देश की जनता का अपमान किया है। न्यायालय ने सुनवाई के लिए छह दिसंबर की तिथि नियत की है।

## चिंतन

# कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें सरकारें

कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन दुर्व्यवहार व उत्पीड़न काफी पीड़ादायक है। आज भी हमारे सरकारी व निजी दफ्तर महिला फ्रेंडली नहीं बन सके हैं। सरकार की कई गाइडलाइन्स, अदालतों की हिदायत और कानूनी कवच के बावजूद कार्यस्थल महिलाओं के लिए मुफीद नहीं हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो देश में सालाना हजारों मामले होते हैं, इनमें से सैकड़ों ही प्रकाश में आते हैं और कुछेक सौ की ही रिपोर्ट दर्ज होती हैं। लेकिन हर वर्ष पिछले वर्ष से अधिक मामले दर्ज होते हैं, यह वानगी है कि देश में सरकारी व निजी कार्यस्थल महिलाओं के लिए पूर्णतया सेफ नहीं हैं। उच्चतम न्यायालय ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 का देशव्यापी अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सभी सरकारी विभागों एवं उपक्रमों में आंतरिक शिकायत समिति गठित करने का निर्देश दिया है। चूंकि, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम को पूरे देश में समान रूप से लागू किया जाना चाहिए। इसलिए शीर्ष अदालत ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 31 दिसंबर, 2024 तक प्रत्येक जिले में एक अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया, जो 31 जनवरी, 2025 तक एक स्थानीय शिकायत समिति का गठन करेगा और तालुका स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करेगा। सर्वोच्च न्यायालय ने उपायुक्तों/जिला मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया है कि वे अधिनियम की धारा 26 के तहत आंतरिक शिकायत समिति अनुपालन के लिए सार्वजनिक और निजी संगठनों का सर्वेक्षण करें और रिपोर्ट प्रस्तुत करें। भारत में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से निपटने के लिए, वर्ष 2013 में 'कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम' लागू किया गया। इस अधिनियम के तहत, यौन उत्पीड़न की शिकायत करने के लिए, पीड़ित महिला या उसकी ओर से कोई भी व्यक्ति आंतरिक शिकायत समिति या स्थानीय समिति के पास शिकायत दर्ज करा सकता है। इस अधिनियम के तहत, कार्यस्थल पर अगर संगठन में दस या उससे ज़्यादा कर्मचारी हैं, तो शिकायत आंतरिक शिकायत समिति के पास दर्ज करानी होती है। अगर संगठन में दस से कम कर्मचारी हैं, तो शिकायत जिला अधिकारी द्वारा गठित स्थानीय समिति के पास दर्ज करानी होती है। अगर नियोक्ता आंतरिक शिकायत समिति नहीं बनाता या अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करता है, तो उस पर 50,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। अगर कोई संगठन में जाने वाली महिला उस संगठन के किसी कर्मचारी से परेशान होती है, तो वह उस संगठन की आंतरिक समिति के पास शिकायत दर्ज करा सकती है। निजी क्षेत्र में कार्यस्थल पर महिलाएं अधिक शिकार होती हैं, घरेलू महिलाकर्मियों के साथ भी ऐसी घटनाओं की संभावना अधिक रहती है। अमेरिकी ह्यूमन राइट्स वॉच के मुताबिक, भारत में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न रोकने के लिए कानून के पालन में बहुत सारी खामियां हैं। मीटू कैंपेन ने कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की भयावहता उजागर की थी। राज्य सरकारों व स्थानीय प्रशासन को सुनिश्चित करना चाहिए कि कार्यस्थल महिलाओं के लिए सुरक्षित रहें, उनका यौन उत्पीड़न न हो। कामकाजी महिलाओं को भी अपनी सुरक्षा को लेकर सतर्क रहना चाहिए और हर स्तर पर एहतियात बरतनी चाहिए।



दिवस विशेष
डॉ. एल. एस. यादव

# मजबूत हो रही भारतीय नौसेना

भारतीय नौसेना अपनी ताकत बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है जिससे वह आने वाले दिनों में और अधिक ताकतवर हो जाए। नौसेना को इस माह के अंत तक एक नया गाइडेड मिसाइल युद्धपोत प्राप्त हो जाएगा। रूस द्वारा तैयार किए गए दो युद्धपोतों में से आईएनएस तुशील पहला है। रूस-यूक्रेन युद्ध के लम्बा खिंचने के कारण इसकी प्राप्ति में विलम्ब हो गया। इसी युद्ध के चलते एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम और परमाणु पनडुब्बी के मिलने में भी देरी होने की संभावना है। आईएनएस तुशील युद्धपोत ब्रह्मोस मिसाइलों सहित अत्याधुनिक हथियारों से लैस होगा। तुशील के मिलने के बाद अगले वर्ष आईएनएस तमाल गाइडेड मिसाइल युद्धपोत मिल जाएगा।

पाकिस्तान व चीन की रक्षा तैयारियों को देखते हुए भारतीय नौसेना को अत्यन्त आक्रामक बनाया जा रहा है। हिन्द महासागर क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए भारतीय नौसेना का मुख्य फोकस रणनीतिक रूप से चीन की बढ़ती मौजूदगी का मुकाबला करने के लिए है। इसलिए भारतीय नौसेना अपनी ताकत बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है जिससे वह आने वाले दिनों में और अधिक ताकतवर हो जाए। समुद्र में भारत की ताकत बढ़ाने के लिए नौसेना को इस माह के अंत तक एक नया गाइडेड मिसाइल युद्धपोत प्राप्त हो जाएगा। रूस द्वारा तैयार किए गए दो युद्धपोतों में से आईएनएस तुशील पहला है। रूस-यूक्रेन युद्ध के लम्बा खिंचने के कारण इसकी प्राप्ति में विलम्ब हो गया।

इसी युद्ध के चलते एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम और परमाणु पनडुब्बी के मिलने में भी देरी होने की संभावना है। आईएनएस तुशील युद्धपोत ब्रह्मोस मिसाइलों सहित अत्याधुनिक हथियारों से लैस होगा। तुशील के मिलने के बाद अगले वर्ष आईएनएस तमल गाइडेड मिसाइल युद्धपोत मिल जाएगा। इन दोनों पोतों के मिलने से भारतीय नौसेना की ताकत काफी बढ़ जाएगी। उल्लेखनीय है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग सैन्य तकनीकी सहयोग की बैठक के लिए इसी माह रूस का दौरा करने वाले हैं। इन गाइडेड मिसाइल युद्धपोतों में ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों सहित अत्याधुनिक घातक हथियार तथा सैन्य अभियानों को अंजाम देने के लिए सेंसर लगाए गए हैं। तुशील गाइडेड मिसाइल युद्धपोत इलेक्ट्रॉनिक युद्धकला से सुसज्जित है। इसमें एंटी सबमरीन रॉकेट और तारपीडो लगाए गए हैं। इसकी लम्बाई लगभग 129 मीटर है। इसकी स्पीड 30 नॉटिकल मील प्रति घण्टा है। तुशील का वजन 3600 टन से ज्यादा है। इसमें 180 नौसैनिक यात्रा कर सकते हैं। भारत और रूस के बीच वर्श 2016 में चार तलवार क्लास के स्टील्थ फ्रिगेट बनाने के समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे। इसमें से दो रूस में और दो भारत में बनाए जाने थे। भारत में बनने वाला विशाखपट्टनम क्लास का चौथा गाइडेड मिसाइल युद्धपोत शीघ्र ही मिलने की उम्मीद है। यह 7400 टन वजन वाला है। इसमें लगी ब्रह्मोस मिसाइलें लम्बी दूरी तक मार करने में सक्षम हैं। इसी वर्श नीलगिरि फ्रिगेट भी नौसेना को मिलने वाला है। इसका वजन 6670 टन है और इसमें आठ ब्रह्मोस मिसाइलें लगी हैं। विदित हो कि भारतीय नौसेना वर्श 2003 तलवार क्लास के जंगी जहाज षामिल हो रहे हैं। वर्तमान में इस श्रेणी के छह स्टील्थ फ्रिगेट्स नौसेना के बेड़े का हिस्सा हैं। इनमें से चार को ब्रह्मोस मिसाइलों से लैस कर दिया गया है और दो पर काम चल रहा है। इन युद्धपोतों के नौसेना में शामिल होने से भारत की समुद्री ताकत काफी बढ़ जाएगी।

भारतीय नौसेना ने 27 नवम्बर 2024 के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। नौसेना ने यह परीक्षण परमाणु पनडुब्बी अरिघात से किया। इस पनडुब्बी को 2017 में लॉन्च किया गया था। अब इसका अपग्रेड वर्जन षीघ्र ही कमीशन किया जाना है। परमाणु पनडुब्बी अरिघात आईएनएस अरिहंत का अपग्रेडेड



वर्जन है। इस पनडुब्बी को विशाखापट्टनम में नौसेना के शिपबिल्डिंग सेंटर में निर्मित किया गया था। अब अरिहंत की तुलना में 6000 टन वजन वाली अरिघात के नये वर्जन को के-4 मिसाइलों से लैस किया जाएगा। इस परीक्षण में के-4 मिसाइल अपने सभी तय मानकों पर खरी उतरी। पनडुब्बी से इस मिसाइल का यह पहला परीक्षण था। वर्ष 2010 में इसका सबसे पहले परीक्षण किया गया था। तबसे अब तक इसके कई परीक्षण किए जा चुके हैं। यह मिसाइल 10 मीटर लम्बी और 20 टन वजन वाली है। यह एक टन वजन का पेलोड ले जाने में सक्षम है।के-4 मिसाइलों की मारक दूरी 3500 किलोमीटर तक है। इसलिए बंगाल की खाड़ी में जब इन मिसाइलों को तैनात किया जाएगा तो ये मिसाइलें चीन के मेनलैंड तथा दक्षिण व पश्चिमी इलाके तक के क्षेत्र को अपने निषाने पर ले लेंगी। यही नहीं अपनी मारक क्षमता के तहत ये चीन राजधानी बीजिंग को भी निशाने पर ले सकती हैं। अरिघात 50 दिन से ज्यादा पानी के अंदर रह सकती है। इसलिए यह चीन के जासूसी जहाजों की नजरों से बचकर अपनी गतिविधियों को अंजाम दे सकती है। अगर पाकिस्तान से मुकाबले की बात आती है तो अरिघात में तैनात होने पर ये इस्लामाबाद को भी नेस्तनाबूद कर सकती हैं। इन मिसाइलों से नौसेना की विध्वंसक क्षमता काफी बढ़ जाएगी। गौरतलब है कि भारत के पास पनडुब्बी से दागी जाने वाली मिसाइलों में कम दूरी की मारक क्षमता वाली के-15 मिसाइलें हैं। ये मिसाइलें 750 किलोमीटर की दूरी तक मार करने में सक्षम हैं। पनडुब्बी आईएनएस अरिहन्त में ये मिसाइलें तैनात हैं। इसके अलावा भारत के पास भारत का रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द इंटर कॉन्टिनेंटल बैलेस्टिक मिसाइल के-5 पर काम कर रहा है। उम्मीद है कि इसकी मारक दूरी 5000 किलोमीटर से भी ज्यादा होगी। इन सभी की तुलना में के-4 मिसाइलें ज्यादा सटीक, बेहतर एवं आसानी से ऑपरेट होती हैं। भारत की नीति यह है कि वह पहले किसी पर परमाणु हमला नहीं करेगा लेकिन यदि उस पर हमला हुआ तो वह उसे छोड़ेगा नहीं। ऐसी स्थिति में ये मिसाइलें काफी कारगर सिद्ध होंगी। नवम्बर 2024 में ही गोला बारूद नौका एलएसएएम-12 यार्ड 80 नौसेना को प्राप्त हुई है। उल्लेखनीय है कि ऐसी कुल आठ नौकाओं के निर्माण के लिए विशाखापट्टनम की मैसर्स सेकॉन इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ किया गया समझौता इस साल 19 फरवरी 2024 को पूरा हो गया था। इन नौकाओं के नौसेना के जंगी बेड़े में शामिल होने से उसकी परिचालन क्षमता में काफी वृद्धि हो जाएगी। इन नौकाओ को स्वदेशी रूप से डिजाइन करने के लिए भारतीय जहाज इंजीनियरिंग फर्म से सहयोग लिया गया। इसके अलावा नौसेना की विशाखापट्टनम की विज्ञान एवं तकनीकी प्रयोगषाला में इनका मॉडल सफलतापूर्वक तैयार किया गया जिससे इसकी समुद्री योग्यता का आकलन किया जा सके।

इनका निर्माण भारतीय नौवहन रजिस्टर के निश्चित नियमों के तहत किया गया है। नौसेना के लिए निर्मित किया गया पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत अपनी पूर्ण परिचालन क्षमता को हासिल कर चुका है। अब यह युद्ध मोड में तैनात होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। नौसेना इसे कहीं भी तैनात कर सकती है। इस पोत पर तैनात होने वाले 30 विमान बेड़े में 18 मिग-29 तथा 12 कामोव हेलीकॉप्टर होंगे। अमेरिका से खरीदे गए एमएच-60 रोमियो हेलीकॉप्टर शक्तिशाली पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं के साथ इस पोत पर तैनात रहेंगे। इन सभी के मिलने के बाद भारतीय नौसेना की ताकत काफी बढ़ जाएगी।

(लेखक सैन्य विज्ञान के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

पड़ोस
आर.के. सिन्हा



# पाक में क्यों बह रहा शिया मुसलमानों का खून


मोहम्मद अली जिन्ना ने जिस इस्लामिक देश पाकिस्तान को बनवाया था, वहां मुसलमान ही अब मुसलमानों की जान के दुश्मन हो गये हैं। वहां सुन्नी और शिया समुदायों के बीच हुए हालिया संघर्ष में 130 से ज्यादा लोगों का खून बहा। हिंसा खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अफगानिस्तान की सीमा से लगे कुर्रम जिले में हुई। सुन्नी बहुल पाकिस्तान में 24 करोड़ की आबादी में शिया मुस्लिम लगभग 15 प्रतिशत ही हैं। पाकिस्तान में शिया और सुन्नी मुसलमानों के बीच का हालिया संघर्ष जटिल है, जिसकी जड़ें सदियों पुरानी धार्मिक और राजनीतिक विभाजन के इतिहास पर टिकी हैं। वैसे तो कुछ कट्टरपंथी समूह दोनों पक्षों में ही मौजूद हैं जो हिंसा का इस्तेमाल करके ही अपने धार्मिक विचारों को आगे बढ़ाने में विश्वास रखते हैं। ये समूह साम्प्रदायिक भेदभाव को बढ़ावा देते हैं और हिंसा को सही ठहराते हैं। पाकिस्तान में सुन्नी समुदाय कतई शिया मुसलमानों को पसंद नहीं करते। इससे साफ है कि इस्लाम अपने मानने वालों को भी नहीं जोड़ता। हालांकि बातें बहुत होती हैं कि सारी दुनिया के मुसलमान एक हैं। लेकिन, ये अपनी इस बात को तो स्वयं ही बार-बार गलत साबित करते रहते हैं। पाकिस्तान में शिया मस्जिदों में धमाके और विस्फोट होना भी आम बात हो चुकी है। पेशावर में मई, 2022 में शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान हुए दिल दहलाने वाले आत्मघाती बम विस्फोट में लगभग 60 से अधिक शिया नमाजी मारे गए थे।। हमलावरों ने निशाना बनाया था शिया मुसलमानों और उनकी इबादतगाह को। यह भी याद रखा जाए कि एक इस्लामिक मुल्क में ही शिया मुसलमानों का जीना मुश्किल हो गया है।

वे हर वक्त डर-भय के साए में जीने को मजबूर बने रहते हैं। यह हाल उस पाकिस्तान का है जो मुसलमानों के वतन के रूप में बना था। पेशावर की शिया मस्जिद में हमला कोई अपने आप में पहली बार नहीं हुआ था। वहां पर शिया मुसलमानों पर लगातार जुल्मों-सितम होते रहे हैं। पाकिस्तान में लगातार प्रतिबंधित संगठन शियाओं के ख़िलाफ़ खुलेआम प्रदर्शन भी करते हैं। इस तरह के ज्यादातर प्रदर्शन लाहौर, क्वेटा, पेशावर वगैरह शहरों में देखने को मिलते हैं। वहां पर शिया मुसलमानों के खिलाफ माहौल बनाने वाला साहित्य भी हर जगह आसानी से वहाँ पर आम लोगों को आसानी से उपलब्ध है। तालिबान और इसी तरह के अन्य अतिवादी समूहों के विचारों का प्रभाव पाकिस्तान में है, जो साम्प्रदायिक संघर्षों को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। यह समूह अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए शिया-सुन्नी संघर्ष का उपयोग आम तौर पर करते हैं। पाकिस्तान में कुछ सियासी नेता साम्प्रदायिक तनाव को अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करते हैं। वे मतदाताओं को लुभाने के लिए और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को कमजोर करने के लिए साम्प्रदायिक भावनाओं को भड़काते हैं। बेशक, पाकिस्तान सरकार की सुन्नी परस्त नीति के कारण साम्प्रदायिक हिंसा को रोकने में नाकामी, या यहां तक कि कुछ मामलों में इसमें सहयोग करने से, इस समस्या को और बढ़ावा मिलता है। पाकिस्तान में कुछ सुन्नी जिन्ना को भी शिया बताते हैं। कौन जाने कि एक बार जिन्ना शिया साबित कर दिए गए तो उनकी विरासत को भी बिना कुछ जाने-समझे ही पाकिस्तान में धूल में मिला दिया जाएगा। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों, विशेषकर शिया मुसलमानों, हिंदुओं, ईसाइयों और सिखों के साथ भेदभाव के कई जटिल कारण हैं, जिनमें धार्मिक कट्टरता, राजनीतिक उद्देश्य और कई सामाजिक-आर्थिक कारक शामिल हैं। कोई एकल कारण नहीं है, बल्कि ये कारक आपस में जुड़े हुए हैं।

पाकिस्तान में कुछ अतिवादी आतंकी धार्मिक समूहों का प्रभाव काफी है, जो सुन्नी इस्लाम के एक विशेष व्याख्या का प्रचार करते हैं जो अन्य धर्मों और शिया इस्लाम के प्रति असहिष्णुता को बढ़ावा देता है। कुछ राजनीतिक दलों और नेताओं ने अपनी राजनीतिक शक्ति बढ़ाने के लिए धार्मिक भावनाओं का इस्तेमाल किया है। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों को अक्सर सामाजिक और आर्थिक रूप से वंचित किया जाता है। उन्हें अच्छी शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवा तक सीमित पहुंच होती है, जिससे वे और भी हाशिए पर आते ही चले जाते हैं। पाकिस्तान में हिन्दुओं के साथ कभी न्याय नहीं हुआ। इसी का नतीजा था कि जिन्ना का करीबी एक दलित हिन्दू मंत्री तक पाकिस्तान में नहीं रह सका। कुल मिलाकर बात यह है कि पाकिस्तान में अभी तो सिर्फ सुन्नी ही सुरक्षित हैं। आगे क्या होगा शायद खुदा को ख़ुद भी पता न हो । आगे - आगे देखिये होता है क्या?

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।


## संकर सहज स्वरूप सम्हारा




संकलित
दर्शन

श्रीरामचरितमानस में भगवान शंकर भक्ति के दाता भी माने गए हैं और भक्ति के भिक्षुक भी। शिव भक्ति देते भी हैं और मांगते भी हैं। भगवान शंकर में नवभक्ति का दर्शन होता है। उनमें अष्टांग योग का, ज्ञान की सातों भूमिकाओं का और धर्म के दसों लक्षणों का दर्शन भी होता है। लंका कांड में गोस्वामी जी ने जो धर्मरथ का वर्णन किया है। उसमें जितने धर्म के सूत्र बताए हैं, वे सभी महादेव में प्रस्थापित होते हैं। शिव भक्ति स्वरूप हैं। शिव का बाहरी रूप तो 'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला' वाला है, लेकिन आंतरिक स्वरूप भजन है, भक्ति है। मानस में है- 'संकर सहज स्वरूप सम्हारा'। सहज स्वरूप का अनुसंधान शिव ने किया। उनकी जो सहज प्रवृत्ति है, वह भजन है। भगवान भी कहते हैं कि 'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि'। शंकर की भक्ति जो करेगा, वही मेरी भक्ति पाएगा अथवा शंकर का जो सहज भजन स्वरूप है, उसे आत्मसात करेगा, वह मेरी भक्ति पाएगा। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने पहली भक्ति संत का संग बताई है- 'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा'। आप महेश का चरित्र देखिए। जैसे ही अवसर मिला, वे साधु-संतों का संग करते दिखाई देते हैं। पार्वती के विरह में संतों का संग करते थे। महादेव सत्संग के प्यासे हैं। दूसरी भक्ति है कथा श्रवण। कथा में जहां जगह मिले, वहां बैठकर कथा के प्रसंगों का रस उठाना। शिव कहते हैं, पार्वती, मैं काकभुशुंडि जी के आश्रम में हंस बनकर पीछे बैठ गया था। कथा श्रवण में इतनी रुचि, यह दूसरी भक्ति शिव में है।


## सुख-सुविधाओं से ज्यादा संस्कार देने पर दें ध्यान



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में दो खास परिवार हैं, पहला पांडव और दूसरा है कौरव। पांडव परिवार में कुंती और पांच पुत्र थे। जबकि कौरव परिवार में धृतराष्ट्र और गांधारी के साथ ही सौ पुत्र थे। पांडवों के पास सुख-सुविधाओं का अभाव था, जबकि कौरवों के पास सारी सुख-सुविधाएं थीं। महाभारत में कुंती अपने पांच पुत्रों के साथ वन में रह रही थीं, क्योंकि धृतराष्ट्र और दुर्योधन नहीं चाहते थे कि पांडु के पुत्रों को राज्य मिले। धृतराष्ट्र का पुत्र दुर्योधन अधर्मी था। वह बचपन से ही पांडव पुत्रों को परेशान कर रहा था। कुंती के पति पांडु शाप की वजह से मर चुके थे। पांडु की दूसरी पत्नी माद्री भी जीवित नहीं थी। इन दोनों के बाद कुंती को पांच पुत्रों का पालन करना था। तीन पुत्र कुंती के थे और दो पुत्र माद्री के थे। कुंती जानती थीं कि जंगल में तो कोई सुख-सुविधा तो मिलेगी नहीं, इसलिए कुंती ने बच्चों का पालन करते समय संस्कारों पर ज्यादा ध्यान दिया। दूसरी ओर कौरव पक्ष में धृतराष्ट्र अंधे थे, गांधारी ने भी आंखों पर पट्टी बांध ली थी। दुर्योधन और उसके भाई लगातार गलत काम कर रहे थे, लेकिन माता-पिता ने उनकी ओर ध्यान ही नहीं दिया। नतीजा ये हुआ कि सभी कौरव पुत्र अधर्मी हो गए। महाभारत युद्ध में जब श्रीकृष्ण को ये निर्णय लेना था कि किसके पक्ष में रहेंगे, तब उन्होंने धर्म मार्ग पर चल रहे पांडव पुत्रों को चुना। धृतराष्ट्र और गांधारी ने अपने पुत्रों को सुख-सुविधा की हर एक चीज दी थी, लेकिन अच्छे संस्कार नहीं दिए थे। संतान के मोह में धृतराष्ट्र ने दुर्योधन को सही-गलत का फर्क नहीं बताया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दिव्यांगों का दर्द

तीन दिसंबर को हर वर्ष विश्व दिव्यांग (विकलांग) दिवस मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य दिव्यांगों का सशक्तिकरण और इनके लिए समान अधिकार और विकास संभावनाओं की सुनिश्चितता करना भी है। हमारे देश में दिव्यांगों की संख्या काफी है। अगर हम वर्ष 2011 की जनसंख्या के आंकड़े देखें तो इसमें बताया गया है कि उस समय इनकी संख्या लगभग 2.68 करोड़ थी जो देश की जनसंख्या का लगभग 2 से ऊपर का प्रतिशत था।जैसे-जैसे जनसंख्या में वृद्धि हुई है, वैसे-वैसे यह आंकड़ा भी बढ़ा होगा। दिव्यांगों के प्रति हर नागरिक की सहानुभूति होनी चाहिए। सरकार को भी उनके कल्याण के लिए नई योजनाएं लेकर आगे आना चाहिए।

*- संदीप पाठक, महासमुंद*

## ट्रेंड

### प्रथम राष्ट्रपति को श्रद्धांजलि



देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी को उनकी जन्म-जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में भारतीय लोकतंत्र की सशक्त नींव रखने में उन्होंने अमूल्य योगदान दिया।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### द साबरमती रिपोर्ट



'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म ने देशवासियों को गोधरा के सच से परिचित कराया। इस फिल्म के माध्यम से लोगों को पता चल रहा है कि कैसे एक इकोसिस्टम ने इतने बड़े सच को सालों तक देश से छिपा कर रखा। -अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### अल्पसंख्यकों पर हिंसा



पड़ोसी देश बांग्लादेश में तख्ता पलट होने के बाद वहां नई सरकार में ख़ासकर हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हो रही हिंसा व जुल्म-ज्यादती आदि तथा उससे वहां बिगड़ते हालात अति-दुखद व चिन्ताजनक।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### हार्दिक शुभकामनाएं



सेंट फ्रांसिस जेवियर के पर्व के शुभ अवसर पर गोवा के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं। संरक्षक संत की स्थायी विरासत हमें शांति, सद्भाव और भाईचारे के मार्ग पर मार्गदर्शन करती रहेगी।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

## करंट अफेयर

# चीन का अंटार्कटिका में वायुमंडलीय स्टेशन

चीन ने अंटार्कटिका में अपना पहला वायुमंडलीय निगरानी स्टेशन स्थापित किया है। चीन इस बर्फीले और संसाधन-संपन्न दक्षिणी महाद्वीप में इस अनुसंधान स्टेशन का निर्माण कर वहां अपनी मौजूदगी को मजबूत कर रहा है। चीन मौसम विज्ञान प्रशासन (सीएमए) के अनुसार, पूर्वी अंटार्कटिका के 'लार्समैन हिल्स' में स्थित झोंगशान नेशनल ऐटमॉसफेरिक बैकग्राउंड एडमिनिसट्रेश (सीएमए) में रविवार से कामकाज शुरू हो गया है। सीएमए वेबसाइट पर सोमवार को प्रकाशित एक लेख में कहा गया है, 'यह स्टेशन अंटार्कटिका के वायुमंडलीय घटकों में सांद्रता परिवर्तनों के बारे में निरंतर और दीर्घकालिक परिचालनात्मक अवलोकन करेगा तथा क्षेत्र में वायुमंडलीय संरचना तथा संबंधित विशेषताओं की औसत स्थिति का विश्वसनीय प्रतिनिधित्व प्रदान करेगा।' हांगकांग स्थित 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' की खबर के अनुसार, लेख में कहा गया है कि निगरानी डेटा 'जलवायु परिवर्तन के प्रति वैश्विक प्रतिक्रिया का समर्थन करेगा'। यह चीन का नौवां वायुमंडलीय निगरानी स्टेशन और विदेश में इसका पहला स्टेशन है। इसके अलावा, चीन में वर्तमान में 10 नए वायुमंडलीय निगरानी स्टेशनों का परीक्षण किया जा रहा है।



## ऑफ बीट

# डाउन सिंड्रोम में बुढ़ापे के लिए डीएनए जिम्मेदार

डाउन सिंड्रोम से पीड़ित मरीजों में समय से पहले बुढ़ापे के लिए क्रोमोजोम-21 में मौजूद एक अतिसक्रिय जीन जिम्मेदार हो सकता है, जो डीएनए की मरम्मत की प्रक्रिया को बाधित करता है और ढलती उम्र से जुड़े लक्षणों को गति देता है। ब्रिटेन स्थित क्वीन मैरी विश्वविद्यालय के नेतृत्व में हुए एक नये अनुसंधान में यह दावा किया गया है। अनुसंधानकर्ताओं के मुताबिक, शरीर में रासायनिक क्रियाओं में तेजी लाने वाले एंजाइम पर 'डीवाईआरके1ए' नामक जीन की अतिसक्रियता डीएनए की मरम्मत करने वाले तंत्र को प्रभावित करती है। इससे कोशिकाओं में मौजूद डीएनए को ज्यादा नुकसान पहुंचता है और उनके अधिक संवेदनशील हो जाने से बुढ़ापे की प्रक्रिया तेज हो जाती है। अनुसंधानकर्ताओं के अनुसार, डाउन सिंड्रोम क्रोमोजोम-21 की एक अतिरिक्त प्रति या ट्राइसोमी-21 की मौजूदगी के कारण होता है। इस क्रोमोजोम के साथ जन्मे व्यस्कों में बुढ़ापे की जैविक प्रक्रिया से जुड़े लक्षण, मसलन-ऊतक पुनर्जनन क्षमता में कमी, जख्म भरने में देरी, ऑस्टियोपोरोसिस, मस्तिष्क की कोशिकाओं में क्षरण और प्रतिरक्षा कोशिकाओं का कमजोर पड़ना आदि जल्दी उभरने लगते हैं।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।




# राजनेता के बेटे पर आया दिल..

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




सारा अली खान अपनी फिल्मों को लेकर सुर्खियों में रहे या न रहे, लेकिन अपनी लव लाइफ को लेकर वो सुर्खियों में रहती हैं। दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत हो या कार्तिक आर्यन या फिर क्रिकेटर शुभमन गिल। अपनी लव-लाइफ को लेकर वह सुर्खियों में छाई रहती हैं। चर्चाएं हुईं कि एक्ट्रेस का दिल क्रिकेटर पर आया है, लेकिन वो सिर्फ अफवाह निकली। अब चर्चाएं हैं कि एक्टर एक बड़े राजनेता के बेटे को डेट कर रही हैं, जो खुद करोड़पति मॉडल है। पिछले काफी समय से पटौदी खानदान की इस बेटी का नाम करोड़पति मॉडल अर्जुन प्रताप बाजवा के साथ जोड़ा जा रहा है। दावा किया जा रहा है कि सारा और अर्जुन दोनों रिलेशनशिप में हैं।

## खुद को पूरी तरह से कवर करने के लिए लगाया करते थे शर्ट का कॉलर बटन

# अभिनय से बना दिया सबको दीवाना, असल जिंदगी में अधूरी रह गई पहली मोहब्बत

*नई दिल्ली। देव आनंद के नाम को किसी परिचय की जरूरत नहीं है। वे अपने समय के सबसे खूबसूरत कलाकार रहे। साथ ही अपनी अलग तरह की एक्टिंग स्टाइल से उन्होंने दर्शकों को अपना कायल बना लिया। जानिए, उनके जीवन से जुड़े कुछ किस्से।*

### धर्मदेव पिशोरीमल आनंद कैसे बने देव आनंद



देव आनंद अभिनय में आने से पहले 65 रुपए महीना वेतन पर काम करते थे। इसके बाद उन्होंने 85 रुपये के वेतन पर एक लेखा फर्म में क्लर्क के तौर पर काम किया। आगे चलकर वह अपने भाई चेतन के साथ जन नाट्य संघ यानी इप्टा के मेंबर बन गए। अशोक कुमार के देव आनंद बहुत बड़े फैन थे। उन्होंने फिल्म 'अछूत कन्या' और 'किस्मत' जैसी फिल्मों में अशोक कुमार को देखकर ही अभिनेता बनने का सोचा। देव आनंद को पहला ब्रेक भी उनकी एक अदद कोशिश के कारण मिला। दरअसल, वह जबरदस्ती प्रभात फिल्म स्टूडियो में घुस गए थे। वहां बाबू राव पई ने उन्हें देखा और देखते ही फिल्मों में काम करने का ऑफर दे दिया। बाबू राव पई, देव आनंद की मुस्कान और आंखों के कायल हो गए थे। जल्द ही देव आनंद को प्रभात फिल्म की एक फिल्म 'हम एक हैं' में मुख्य भूमिका निभाने का अवसर मिला। इस तरह शुरू हुआ देव आनंद का फिल्मी सफर। वह धर्मदेव पिशोरीमल आनंद (असल नाम) से देव आनंद बन गए।


### दोस्ती में किया वादा निभाया

देव आनंद जितने बढ़िया कलाकार थे, उतने ही बेहतरीन इंसान भी थे। उन्होंने जिससे भी दोस्ती की, उसे ताउम्र निभाया। अभिनेता और निर्देशक गुरु दत्त भी देव आनंद के जिगरी दोस्त थे। दोनों की मुलाकात पुणे में प्रभात स्टूडियो की फिल्म 'हम एक हैं' की शूटिंग के दौरान हुई। वहां आनंद की दोस्ती अभिनेता गुरु दत्त से हुई। दोनों ने एक-दूसरे से वादा किया कि उनमें से कोई एक अगर फिल्म उद्योग में सफल होता है, तो वह दूसरे को भी सफल होने में मदद करेगा। जैसे देव आनंद ने गुरु दत्त को कहा कि अगर वह कोई फिल्म बनाएंगे तो उसमें निर्देशक गुरु दत्त को लेंगे। वहीं, अगर गुरु दत्त कोई फिल्म बनाएंगे तो वह देव आनंद को हीरो लेंगे। आगे चलकर जब देव आनंद ने भाई चेतन के साथ मिलकर अपना प्रोडक्शन हाउस खोला तो गुरु दत्त को पहली फिल्म 'बाजी' में निर्देशन करने का मौका दिया। गुरु दत्त के अलावा राज कपूर और दिलीप कुमार के साथ भी देव आनंद की गजब की दोस्ती रही, जबकि यह तीनों बॉलीवुड में एक-दूसरे का कॉम्पिटिशन थे।

### खूबसूरती के हुए दर्शक दीवाने

देव आनंद जैसे-जैसे फिल्म करने लगे, उन्हें दर्शकों का प्यार मिलने लगा। दर्शक खासकर महिला दर्शक उनकी खूबसूरती की दीवानी हो गईं। पर्दे पर जब भी देव आनंद नजर आते, फीमेल फैंस उनसे अपनी नजर हटा ही नहीं पाती थीं।

### स्टाइल के पीछे का असल राज



देव आनंद फिल्मों में अपनी एक अलग स्टाइल के लिए जाने जाते हैं, वह कॉलर बटन लगाकर रखते थे। ब्लैक कपड़े ही पहनते थे। लेकिन, असलियत यह है कि बचपन और जवानी के शुरुआती दिनों में देव आनंद बहुत शर्मीले लड़के रहे। वह झुककर चलते थे और खुद को पूरी तरह से कवर करने के लिए शर्ट का कॉलर बटन लगाया करते थे। बाद में यही सब बातें पर्दे पर उनकी खासियत में बदल गईं।

### अधूरा रह गया था पहला प्यार

देव आनंद जब बतौर अभिनेता सफल हुए तो उनके जीवन में प्यार ने दस्तक दी। सिंगर सुरैया से उन्हें मोहब्बत हुई, लेकिन यह प्यार अधूरा ही रह गया। सुरैया से देव आनंद शादी करना चाहते थे, लेकिन सुरैया के घरवाले राजी नहीं हुए। बाद में देव आनंद ने कल्पना कार्तिक से शादी की। ऐसा बताया जाता है कि आगे चलकर देव आनंद का दिल जीनत अमान पर भी आया, लेकिन जीनत किसी और को प्यार करती थीं इसलिए देव को जीनत का साथ भी नसीब नहीं हुआ। इस तरह देखा जाए कई दिलों की धड़कन देव आनंद को खुद अपना प्यार नसीब नहीं हुआ।

# जब एक गाने की शूटिंग के कारण अमेरिका में बुरे फंसे फरदीन, पीछे पड़ गए एफबीआई ऑफिसर....


**नई दिल्ली।** फरदीन खान ने अपने करियर की शुरुआत में करीना कपूर के साथ एक फिल्म 'खुशी' की थी। इसी फिल्म के एक गाने की शूटिंग अमेरिका में हुई। इसके चक्कर में फरदीन के पीछे एफबीआई ऑफिसर पड़ गए थे। फरदीन खान एक बार फिर से बॉलीवुड फिल्मों में पूरी तरह से सक्रिय हो गए। पर्सनल लाइफ में तमाम उतार-चढ़ावों के बाद वह अब अपने करियर पर फोकस करना चाहते हैं। हाल ही में उन्होंने मैशबेल इंडिया को अपनी अपकमिंग फिल्म 'हाउसफुल 5' और करियर से जुड़ी बातों को लेकर एक इंटरव्यू दिया। इसमें ही उन्होंने एक किस्सा साझा किया कि कैसे वह फिल्म 'खुशी' के एक गाने को शूट करने के चक्कर में एफबीआई के शक के घेरे में आ गए थे।

***गाने के लिए पुलिस यूनिफॉर्म लेने गए :*** फरदीन इंटरव्यू में बताते हैं, 'मुझे करीना के साथ एक गाना फिल्म 'खुशी' के लिए शूट करना था, जिसमें पुलिस ऑफिसर की यूनिफॉर्म पहननी थी। ऐसे में मैं, फिल्म के डायरेक्टर और कुछ और लोग एक फैंसी ड्रेस स्टोर में गए। हमने वहां पुलिस की यूनिफॉर्म मांगी और कहा कि बिल्कुल रियल लगनी चाहिए। ड्रेस स्टोर के मालिक ने कहा कि यूनिफॉर्म मिल जाएंगी। लेकिन, अगले दिन हमारे होटल में एफबीआई के ऑफिसर पहुंच गए। दरअसल, मामला यह था कि कुछ दिन पहले ही 9/11 की घटना हुई थी। ऐसे में हर संदिग्ध गतिविधि पर एफबीआई नजर रख रही थी। हमसे पूछताछ की गई कि क्यों पुलिस की यूनिफॉर्म खरीद रहे हो। तब हमने बताया कि हम फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं।



***साथ में रहे एफबीआई ऑफिसर :*** फरदीन आगे बताते हैं कि जब गाने की शूटिंग हो रही थी तो एफबीआई एजेंट हमारे आसपास मौजूद रहे। वह हमारा पीछा करते रहे। जब उन्हें यकीन हो गया कि हम कोई गलत काम नहीं कर रहे हैं तो उन्होंने हमारा पीछा छोड़ दिया।

***करीना कपूर के साथ काम करके मिली खुशी :*** फिल्म 'खुशी' में करीना के साथ काम करने के एक्सपीरियंस को भी फरदीन ने याद किया। साथ ही करीना को वर्सटाइल एक्ट्रेस बताया। फरदीन ने कुछ और फिल्मों में करीना के साथ काम किया है।



# देवा-पुष्पा-2 द रूल-छावा की बदली गई रिलीज डेट

**मुंबई।** आगामी फिल्मों में शाहिद कपूर की एक्शन ड्रामा फिल्म देवा, विक्की कौशल की ऐतिहासिक फिल्म छावा और अल्लू अर्जुन की एक्शन ड्रामा से भरपूर फिल्म पुष्पा 2 द रूल शामिल है। शाहिद कपूर की फिल्म देवा अब 14 फरवरी 2025 की जगह 31 जनवरी 2025 को रिलीज हो रही sp;छावा एक आगामी भारतीय हिंदी भाषा की ऐतिहासिक एक्शन ड्रामा फिल्म है, जो मराठा राजा संभाजी के जीवन पर आधारित है। संभाजी महाराज का किरदार विक्की कौशल ने निभाया है। लेकिन अब इसकी रिलीज डेट भी चेंज कर दी गई है। छावा अब 19 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। पुष्पा 2 द रूल में अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की रोमांटिक केमेस्ट्री फिर से देखने को मिल रही है। पुष्पा 2 पहले 6 दिसंबर को रिलीज होनी थी, लेकिन अब 5 दिसंबर को रिलीज के लिए तैयार है।

भारतीय रिज़र्व बैंक जनता को सोशल मीडिया पर प्रसारित शीर्ष प्रबंधन द्वारा वित्तीय सलाह देने वाले फर्जी (डीपफेक) वीडियो के प्रति सतर्क करता है।

भारतीय रिज़र्व बैंक के संज्ञान में यह [redacted] है कि सोशल मीडिया पर गवर्नर के फर्जी वीडियो प्रसारित किए जा रहे हैं, जिनमें रिज़र्व बैंक द्वारा कतिपय निवेश योजनाओं को शुरू करने या उनको समर्थन प्रदान करने का दावा किया गया है। इन वीडियो में लोगों को तकनीकी उपकरणों के माध्यम से ऐसी योजनाओं में अपना पैसा निवेश करने की सलाह देने का प्रयास किया गया है।

भारतीय रिज़र्व बैंक यह स्पष्ट करता है कि उसके अधिकारी ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं हैं और न ही उनका समर्थन करते हैं तथा ये वीडियो फर्जी हैं। रिज़र्व बैंक वित्तीय निवेश संबंधी ऐसी कोई सलाह नहीं देता है।

अतएव, जन सामान्य को सोशल मीडिया पर प्रसारित ऐसे फर्जी (डीपफेक) वीडियो और उनका शिकार होने से बचने के लिए सतर्क किया जाता है।

आरबीआई वेबसाइट पर जाने के लिए यहां स्कैन करें।

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in


## टीवी मसाला



# शक्ति ने चंकी को रातोंरात दिलाई थी 10 फिल्में....

नई दिल्ली। ग्रेट इंडियन कपिल शो' में चंकी पांडे, गोविंदा और शक्ति कपूर की जोड़ी नजर आई। तीनों अभिनेता इस शो में मस्ती करते दिखाई दिए। तीनों अभिनेताओं ने एक दूसरे से जुड़े कई दिलचस्प खुलासे किए हैं। इस दौरान अर्चना पूरन सिंह ने भी शक्ति कपूर को लेकर एक किस्सा सुनाया। द ग्रेट इंडियन कपिल शो में चंकी पांडे ने बताया कि शक्ति कपूर ने प्रोड्यूसर से 50 हजार रुपए दिलाए थे। चंकी पांडे ने कहा कि एक पार्टी में शक्ति कपूर ले गए और प्रोड्यूसर से कहा कि ये बहुत बड़ा हीरो बनने वाला है। उनकी जेब में हाथ डाल कर जितने रुपए मिले मुझे दे दिए। उस रात मैंने 10 फिल्में साइन की थीं। चंकी पांडे ने कहा कि 9 प्रोड्यूसर ने पैसे वापस ले लिए। एक पिक्चर मैंने की। इस पर शक्ति कपूर ने कहा कि इसे देखकर किसी को लगता है कि इसने पैसे वापस किए होंगे। शक्ति कपूर ने कहा कि चंकी पांडे ने सलमान खान को बोला कि एक दुकान है जहां बहुत अच्छे कपड़े हैं। वो आपका बहुत बड़ा फैन है। आप चलिए, इसके बाद सलमान खान ने वहां जाकर कुछ कपड़े लिए। जब दोनों दुकान से निकले तो एक आदमी आया और पैसों की गड्डी चंकी को पकड़ा दी, क्योंकि दुकानदार ने चंकी पांडे से का था कि अगर तुम सलमान को ले आओगे तो मैं तुम्हें पैसा दूंगा।

# मैं खुलकर रहने वाले इंसानों में से हूं



**नई दिल्ली।** अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर का अफेयर काफी वक्त तक मीडिया की सुर्खियों में रहा। दोनों को कई बार साथ देखा गया। हालांकि, अब इनका ब्रेकअप हो चुका है। इस बीच अनन्य का नाम वॉकर ब्लैंको के साथ जुड़ रहा है। कथित तौर पर दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। अनन्या ने आगे कहा, 'मैं खुलकर रहने वाले इंसानों में से हूं। और जब कोई मुझसे कहता है कि तुम्हें बहुत ज्यादा चीजें शेयर नहीं करनी चाहिए, वे किसी और से चीजें शेयर कर सकते हैं। ऐसा सुनकर मुझे दुख होता है, क्योंकि मैं चीजों को इस तरह नहीं देखती। मैं लोगों में अच्छी चीजें देखना पसंद करती हूं'। अनन्या पांडे के वर्क फ्रंट की बात करें तो आने वाले साल में उनकी झोली में दो फिल्मे हैं। वे लक्ष्य के साथ रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगी। इसका निर्देशन विवेक सोनी कर रहे हैं। वहीं, इसे करण जौहर प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म का नाम है- 'चांद मेरा दिल'। इसके अलावा करण सिंह त्यागी के निर्देशन में बनी फिल्म में भी अनन्या नजर आएंगी। इसका टाइटल अभी तय नहीं है।

## रेड सी इंटरनेशनल फिल्म... में दिखेगा आमिर का जलवा

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड के सुपरस्टार आमिर खान को इस साल के रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (आरएसआईएफएफ) में विशेष सम्मान मिलने जा रहा है। यह प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सव 5 से 14 दिसंबर तक जेद्दा, सऊदी अरब में आयोजित होगा। आमिर खान के साथ ऑस्कर के लिए नामांकन पाने वाली एमीली ब्लंट भी इस कार्यक्रम में सम्मानित की जाएंगी। इन सितारों को उनके उत्कृष्ट करियर और फिल्म इंडस्ट्री पर उनके स्थायी प्रभाव के लिए यह सम्मान दिया जाएगा। इस महोत्सव में शामिल होने वाली अन्य प्रमुख हस्तियों में वायोला डेविस और मोना जाकी का नाम भी शामिल है। आमिर और एमीली ब्लंट, दोनों 'इन कंवर्सेशन विद' सत्र में हिस्सा लेंगे।



## टाइम गॉड बनने की लड़ाई में फिर भिड़े रजत और दिग्विजय

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18 में बीतते दिनों के साथ रिश्तों के समीकरण बदलते जा रहे हैं। पहले दो पक्की सहेली चुम और श्रुतिका की लड़ाई हुई। अब रजत और दिग्विजय के बीच तेज बहस देखने को मिल रही है। शो के प्रोमो वीडियो में दिग्विजय राठी और रजत दलाल के बीच जोरदार लड़ाई देखने को मिल रही है। दोनों दोस्त टाइम गॉड बनने की लड़ाई लड़ रहे हैं। इसमें टास्क के दौरान दिग्विजय रजत दलाल पर गरजते दिखाई दे रहे हैं। टास्क के दौरान दिग्विजय राठी कहते हैं, पागल हो गया है क्या कुछ हो नहीं पा रहा है तो। इस पर रजत कहते हैं गेम खेल रहा है गेम खेल रहे हैं तो। इस पर दिग्विजय राठी कहते हैं पागल आदमी पीछे जाकर भाई की बुराई करता है। इस पर रजत कहते हैं भाई मत बोलना। इस लड़ाई को चाहत सुलझाती नजर आ रही हैं। इस शो में हाल ही में वीकेंड का वार हुआ था। वीकेंड के वार में कृष्णा अभिषेक और सुदेश लहरी एक बार फिर घर के अंदर पहुंचे थे। शो में कृष्णा ने अविनाश और ईशा को लेकर मजाक किया। उन्होंने कहा अविनाश ईशा का बच्चा है तू। विवियन शिल्पा का बच्चा है तू।

## जैकेट के शेष

### बांग्लादेश में हिंदुओं ....

पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी सहित कई नेता शामिल हुए। सभा का संचालन घनश्याम चौधरी ने किया। रैली में उपस्थित संत समाज और वक्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आवाज उठाने का आह्वान किया। साथ ही, उन्होंने हिंदू समाज को संगठित रहकर इस लड़ाई को धर्मनिरपेक्षता और मानवता की रक्षा के लिए आगे बढ़ाने का संकल्प दिलाया।

### बंगाली समाज के .....

जन्मस्थली बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार तथा मंदिरों में तोड़फोड़ की कड़ी निंदा की। बंगीय समाज कुम्हारपारा, मैत्री संघ और ओरना कैम्प से भी बड़ी संख्या में बंगाली समाज के लोग धरना प्रदर्शन में पहुंचे थे, इनमें काफी संख्या ऐसे लोगों की थी जो शरणार्थी के रूप में भारत आए थे और उन्हें बस्तर के विभिन्न क्षेत्र में बसाया गया है। रैली प्रदर्शन में हिंदू, सिख, जैन धर्म के अलावा अनेक समाज के लोग मौजूद रहे। वहीं भाजपा, आरएसएस तथा एबीवीपी के लोग भी मौजूद रहे। कुल मिलाकर आक्रोश रैली में लोगों ने भारत सरकार से मांग की है कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

### केंद्र सरकार से ....

प्रतिनिधियों ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार का जमकर विरोध किया एवं बांग्लादेश की वर्तमान सरकार की कड़ी निंदा की। अपने संबोधन में वक्ताओं ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर केन्द्र सरकार को उचित हस्तक्षेप करने की मांग जोर-शोर से उठाई। महावीर चौक फ्लाईओवर के नीचे दोपहर 2 बजे से प्रारंभ हुए इस प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित रहीं। जिनके हाथों में हिन्दुओं पर हो रहे बर्बरता से संबंधित स्लोगन वाली तख्ती थी। इस मौके पर प्रमुख रूप से हिन्दू संस्कृति सुरक्षा मंच के संयोजक एमडी ठाकुर, विहिप के नंदूराम साहू, नीलकंठ गढे, पवन डागा, मनोज चौधरी, अशोक चौधरी सहित बड़ी संख्या में हिन्दू संगठन व समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

### बांग्लादेश के हिन्दुओं ....

अल्पसंख्यकों पर हो रहा अत्याचार निंदनीय है। इसे जल्द रोका जाए। भारत सरकार और अंतर्राष्ट्रीय मंच बांग्लादेश पर दबाव बनाकर अत्याचार को रोके। बांग्लादेश के हिन्दुओं को भारत लाया जाए। बांग्लादेश के रोहिंग्यो को वापस भेजा जाए। बांग्लादेश में शांति स्थापित करने वहां की सरकार पर दबाव बनाया जाए। नहीं मानने पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अलग-थलग रखा जाए। विश्व स्तर पर बांग्लादेश का बहिष्कार हो। किसी भी हालत में हिन्दू और अल्पसंख्यकों की रक्षा की जाए। विश्व के सभी हिन्दू और सनातनी हमारे भाई हैं। उनकी सुरक्षा आवश्यक है। सभा के बाद सौंपे ज्ञापन में कहा, बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ हो रहे अत्याचार को रोकने भारत सरकार प्रमुखता से पहल करे।

## संसद में विदेश मंत्री जयशंकर ने दिया चीन मामले पर आधिकारिक बयान

# 'एलएसी पर हालात सामान्य, विवाद खत्म होने से चीन संग संबंधों में सुधार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने मंगलवार को लोकसभा में पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच जारी एलएसी विवाद के मामले पर दिए एक विस्तृत बयान में कहा कि सीमा पर तनाव खत्म होने से चीन के साथ संबंधों में सुधार हुआ है। एलएसी पर हालात सामान्य हैं। कूटनीतिक रास्ते से मामले का हल निकला है और अब हम यह चाहते हैं कि समस्या से जुड़े एजेंडे और द्विपक्षीय गतिविधियों में शामिल बाकी विषयों पर बातचीत शुरू की जानी चाहिए।

आगामी दिनों में इसका आगाज किया जाएगा और दोनों देश इलाके में डिसएंगेजमेंट के बाद डीएसक्लेशन व सीमाई क्षेत्रों में अपनी तमाम गतिविधियों के प्रभावी प्रबंधन पर विचार-विमर्श करेंगे। भारत ने चीन को हालांकि ये साफ कर दिया है कि आपसी संबंधों के विकास की पहली शर्त सीमा क्षेत्रों में शांति-सौहार्द की स्थापना और आपसी हितों, सम्मान और संवेदनशीलता पर आधारित है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ हुई हालिया बैठक के बाद हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि जल्द ही विशेष प्रतिनिधियों और विदेश सचिव स्तर के तंत्र की बैठक होगी। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि सरकार इस महत्वपूर्ण संबंध से जुड़ी जटिलताओं के समाधान को लेकर अपना पूरा समर्थन प्रदान करेगी।

### कांग्रेस पर साधा निशाना

डॉ.जयशंकर के बयान के दौरान सदन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी सदन में मौजूद थे। विदेश मंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकसभा इस बात की साक्षी है कि भारतीय क्षेत्र में शामिल अक्साई चिन का करीब 38 हजार वर्ग मील इलाका चीन के अवैध कब्जे में है।

### 1988 से चल रहा संवाद का सिलसिला

विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों के संबंधों के परंपरागत स्वरूप की शुरुआत 1988 में हुई थी। तब हमारे बीच यह स्पष्ट था कि सीमा मामले को शांति और मित्रतापूर्ण बातचीत के साथ सुलझाया जाएगा। फिर 1991, 1993, 1996 के समझौते हुए।

### वर्ष 2020 से हुई थी विवाद की शुरुआत

विदेश मंत्री ने सदन को बताया कि विवाद की शुरुआत चीन द्वारा एलएसी के अलग-अलग इलाकों में अप्रैल और मई 2020 के मध्य में बड़ी तादाद में आक्रामकता के साथ सैन्य जमावड़ा बढ़ाने की वजह से हुई। इसके बाद से ही दोनों देशों के संबंध असामान्य रहे हैं। विवाद के दौरान दोनों सेनाओं के बीच झड़प भी हुई। गलवान की हिंसक झड़प 45 वर्षों में पहली बार हुई ऐसी घटना रही जिससे एलएसी पर सैनिकों की मौत हुई।

## पेज एक के शेष

### मेडिकल कालेज के...

बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में हुई शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के स्वशासी समिति की बैठक में राज्य निर्माण के बाद पहली बार नियमों को संशोधन करते हुए कालेज और अस्पताल से जुड़े अधिष्ठता और चिकित्सा अधीक्षक की वित्तीय शक्तियां बढ़ाई गई हैं। पूर्व में एक लाख रुपए से ऊपर के निर्माण, मरम्मत, दवा एवं उपकरणों की खरीदी सहित अन्य कार्यों के लिए मंत्रालय स्तर पर फाइल भेजनी पड़ती थी। अब डीन और चिकित्सा अधीक्षक 10 लाख रुपए तक की खरीदी अथवा निर्माण कार्य की अनुमति दे सकेंगे। इसके लिए शासन स्तर से किसी अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होगी। उनके पास अब तक 20 हजार रुपए तक भण्डार तथा रीएजेंट की खरीदी का पॉवर था, जिसे असीमित कर दिया गया है। माना जा रहा है कि वित्तीय शक्तियां बढ़ाने के बाद खरीदी प्रक्रिया में लगने वाला लंबा वक्त बचेगा और मरीजों को दवाओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए हुई इस बैठक में चिकित्सा शिक्षा विभाग की आयुक्त किरण कौशल स्वशासी समिति के जनप्रतिनिधि सदस्य, संभाग आयुक्त, संबंधित जिलों के कलेक्टर, मेडिकल कॉलेजों के डीन और अस्पताल अधीक्षक शामिल हुए।

**स्वशासी समितियों का पुनर्गठन** : सभी दस शासकीय कालेजों और उससे संबंधित अस्पतालों में स्वशासी समिति का गठन अलग-अलग समय हुआ था। इसके लिए निर्धारित नियमावली में एकरूपता नहीं थी। अब मॉडल स्वशासी सोसायटियों का ड्राफ्ट प्रशासकीय विभाग द्वारा अनुमोदित कर जारी किया गया है। मेडिकल कालेजों को वित्तीय रुप से सशक्त बनाने के लिए वित्तीय विकेंद्रीकरण कर मेडिकल कालेजों की स्वशासी सोसायटियों को पुनर्गठित किया गया है।

### इन अधिकारियों को...

जिन अधिकारियों के आईएएस बनने से वंचित रह गए हैं, उनमें तीन के नाम शामिल हैं। इनमें सौम्या चौरसिया का नाम भी है। वे घोटाले के मामलों में जेल में बंद है। उनके खिलाफ अलग-अलग अदालतों में मामले विचाराधीन होने के कारण उन्हें पात्र नहीं माना गया है। इसी तरह आरती वासनिक और तीर्थराज अग्रवाल को भी मौका नहीं मिला है। इन दोनों को किन कारणों से आईएएस अवार्ड नहीं हुआ है ये अभी साफ नहीं है।

### महाराष्ट्र का 'महा-फॉर्मूला'...

भी फायदे का सौदा किया है। इधर, महाराष्ट्र में सरकार गठन और शपथ समारोह पर सस्पेंस के बीच महायुति में अजित पवार की अगुवाई वाले सहयोगी दल एनसीपी ने भी पेच फंसा दिया है। एनसीपी ने एकनाथ शिंदे की शिवसेना के बराबर सरकार में जगह की मांग की है। एनसीपी नेता छगन भुजबल ने हालिया विधानसभा चुनावों में बेहतर स्ट्राइक रेट का हवाला देते हुए कहा है कि उनकी पार्टी नई सरकार में एकनाथ शिंदे के पार्टी के बराबर हिस्सेदारी से कम पर नहीं मानेगी। सरकार गठन की कोशिशों के बीच एनसीपी की तरफ से यह नई मांग सामने आई है। छगन भुजबल ने साफ तौर पर कहा है कि महाराष्ट्र विधानसभा में चुनावों में अजित पवार की अगुवाई में एनसीपी ने बेहतर प्रदर्शन किया है। ऐसे में नई सरकार में एनसीपी को भी शिवसेना के बराबर प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। उन्होंने मंगलवार को कहा, "अगर हम अपने गठबंधन में स्ट्राइक रेट देखें तो बीजेपी पहले नंबर पर है और दादा (अजित पवार) की एनसीपी दूसरे नंबर पर है और शिंदे की सेना तीसरे नंबर पर है। इसलिए हमारी मांग है कि सरकार में हमें भी शिंदे के बराबर जगह मिले।

**गृह मंत्रालय नहीं देगी भाजपा** : शिंदे सरकार में डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के पास ही गृह मंत्रालय था। वो इस मंत्रालय को छोड़ना नहीं चाहते हैं। शिंदे गुट का तर्क है कि अगर डिप्टी सीएम का पद हमें मिल रहा है, तो गृह मंत्रालय भी उन्हें ही मिलना चाहिए, लेकिन, सूत्रों के मुताबिक भाजपा गृह मंत्रालय कभी अपने हाथ से जाने नहीं देगी। **अजित पवार का नया पंगा** : इस बीच अजित पवार की एनसीपी ने नई सरकार में शिंदे गुट के बराबर हिस्सेदारी की मांग कर दी है। एनसीपी नेता छगन भुजबल ने कहा भी है कि हमारा स्ट्राइक रेट बेहतर है। इसलिए मंत्रिपद भी उसी हिसाब से मिलने चाहिए। इससे पहले अजित पवार ने कहा कि मुख्यमंत्री भाजपा का होगा, यह तय हो गया है, लेकिन शिवसेना और एनसीपी से एक-एक डिप्टी सीएम बनाया जाएगा।

### गले पर तख्ती...

वर्दी पहने बादल अपनी व्हीलचेयर पर स्वर्ण मंदिर के प्रवेश द्वार पर काम करते दिखे। उनका एक पैर टूटा हुआ है। गले में दोषी होने की तख्ती भी लटकी थी। सिख धर्मगुरुओं ने एक दिन पहले सुखबीर को 'तनखैया' (धार्मिक कदाचार का दोषी) घोषित किया था। अकाली नेता सुखदेव सिंह ढींडसा को भी यही सजा मिली है। वह भी अधिक उम्र के कारण व्हीलचेयर पर थे जबकि पंजाब के पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया ने बर्तन धोए। बादल और ढींढसा के गले में छोटे-छोटे बोर्ड लटकाए गए थे जिसमें उनके गलत कामों को स्वीकार किया गया था। दोनों नेताओं ने एक घंटे तक सेवादार के रूप में काम किया।

### एकलव्य विद्यालय में..

लिए आश्रम भेजा था, जिसमें आश्रम अधीक्षक बालक आश्रम शाला कुरूषनार तथा पूर्व अधीक्षक एकलव्य आदर्श बालक आवासीय विद्यालय छोटेडोंगर ओरछा को दोषी पाया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने कलेक्टर को दिए जांच प्रतिवेदन में यह माना है कि हास्टल में गंभीर लापरवाही बरती गई है। उस आधार पर कलेक्टर विपिन मांझी ने आश्रम अधीक्षक राम किर्तन मरकाम को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते उन्हें ओरछा बीईओ कार्यालय में अटैच किया है।

### हेडमास्टर ने फाइल...

लिया है। बताया जा रहा है, हेडमास्टर राजन बघेल अपने चरित्र प्रमाणपत्र की मार्किंग कराने बीईओ कार्यालय पहुंचा था। इस दौरान हेडमास्टर बीईओ धनेश्वरी साहू से मिलने उनके कैबिन में दाखिल हुआ। आरोप है कि हेडमास्टर किसी काम के लिए बीईओ पर दबाव बनाने लगे। इस बात को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस हुई। बहस के दौरान दोनों के बीच हाथापायी की स्थिति निर्मित हो गई।

### सीसीटीवी में कैद...

मामला शांत कराते हैं। बताया जा रहा है, घटना के बाद संभागीय संयुक्त संचालक द्वारा हेडमास्टर राजन कुमार बघेल को निलंबित किए जाने की बात सामने आई है।


## कार्यालय नगर पंचायत, अंबागढ़ चौकी
## जिला-मोहला-मानपुर-अं. चौकी (छ.ग.)
E-mail .cmoambagarhchoiki @rediffmail.com
Office Phone. No. 07747-248054

### मैनुअल पद्धति निविदा सूचना

क्रमांक/ 1320 /लो.नि.वि./न.पं. /2024-25 — अं. चौकी, दिनांक 03.12.2024

नगर पंचायत अं.चौकी में अधोसंरचना मद अंतर्गत एवं स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अंतर्गत कार्य के लिए निविदा प्रपत्र-ए एवं बी में सीलबंद लिफाफे में स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से तीन लिफाफा पध्दति के द्वारा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत साथ ही जी.एस.टी. में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग (भवन सड़क/विद्युत एस.ओ.आर 2015/2020) के लिये प्रचलित एस.ओ.आर दर एवं नॉन एस.ओ.आर. आयटम दर से प्रभावशील एवं सूचना जारी दिनांक तक संसोधित दर अनुसूची से निविदाएं प्रतिशत दर पर निविदा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है।

(1) निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि - 12.12.2024 को शाम 5.30 बजे तक
(2) निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि - 17.12.2024 को शाम 5.30 बजे तक
(3) निविदा प्रपत्र कार्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि- 24.12.2024 को शाम 5.30 बजे तक
(4) निविदा खोलने की तिथि - 26.12.2024 को दोपहर 12:00 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र राशि | अमानत राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रमांक 07 कान्हे गौठान के पास अटल चौक निर्माण कार्य | 20.00 (SOR 6.40 & Non SOR 13.60) | 750/- | 15000/- | 04 माह |
| 2 | स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अंतर्गत आकांक्षीय शौचालय निर्माण (06 सीटर) | 16.92 (SOR 15.50 & Non SOR 1.12) | 750/- | 12700/- | 04 माह |

निविदा से संबंधित अन्य नियम एवं शर्ते कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार की संसोधन सूचना विभाग के वेवसाईट एवं कार्यालयीन सूचना पटल पर प्रसारित की जावेगी, पृथक से सामाचार पत्र में प्रकाशित नहीं होगी।
टीपः- निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा सूचना विभागीय वेबसाईट मे अपलोड किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत अं.चौकी



## कार्यालय, नगर पंचायत छुईखदान
## जिला- खैरागढ़-छुईखदान- गण्डई (छ.ग.)

क्रमांक / 787/ लो.नि.शा./ निविदा/न.प./2024-25 — छुईखदान, दिनांक 03/12/2024

### ।। मैनुअल पद्धति निविदा सूचना ।।

नगर पंचायत छुईखदान क्षेत्रांतर्गत स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत आंकाक्षीय शौचालय निर्माण कार्य के लिए निविदा प्रपत्र "ए" एवं सी में सील बंद लिफाफे में स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से तीन लिफाफा पद्धति के द्वारा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत साथ ही जी.एस.टी. में पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग के लिए प्रचलित पी.डब्ल्यू.डी. एस. ओ.आर. 2015 से प्रभावशील एवं सूचना जारी दिनांक तक संसोधित दर अनुसूची से निविदाएं प्रतिशत दर पर निविदा अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि | - | 12/12/2024 को शाम 05:00 बजे तक |
| 2 | निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की अंतिम तिथि | - | 17/12/2024 को शाम 05:00 बजे तक |
| 3 | निविदा प्रपत्र कार्यालय में प्राप्त होने की अंतिम तिथि | - | 27/12/2024 को दोप. 03:00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | - | 27/12/2024 को दोप. 04:00 बजे |

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित कुल लागत राशि (लाख में) |
|---|---|---|
| 01 | नगर पंचायत छुईखदान क्षेत्रांतर्गत स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत आंकाक्षीय शौचालय (Aspirational Toilet) निर्माण कार्य। | 16.92 |

टीपः- निविदा की सबंधित अन्य नियम एवं शर्ते, कार्यालयीन अवधि में देखी जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार की संसोधन सूचना विभाग के वेबसाईड एवं कार्यालयीन सूचना पटल पर प्रसारित की जावेगी, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं होगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत छुईखदान



## कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
## कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)
Mail Id- dhkondagaon20@gmail.com

क्रमांक/सि.स./ले.शा./ निविदा/2024-25 968
कोण्डागांव दिनांक 28/11/2024

**शासकीय जिला चिकित्सालय कोण्डागांव में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु तृतीय खुली निविदा आमंत्रण के संबंध में**

शासकीय जिला चिकित्सालय कोण्डागांव में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु (खुली निविदा के माध्यम से) आहार प्रदायगी कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसे जिले के वेबसाईड www.kondagaon.gov.in में देखा जा सकता है। उक्त निविदा कार्य के लिए कार्यावाही हेतु निम्नानुसार निर्धारित की गई है।

01. निविदा फार्म जिले के वेबसाईड डाउनलोड कर निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथिः 09.12.2024 (कार्यालयीन समय में)
02. पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (कार्यालयीन समय में) :-16.12.2024
03. प्राप्त निविदा खोलने की तिथि :- 17.12.2024 (दोपहर के बाद)
04. निविदा फार्म के साथ 1000/- रू. (एक हजार रूपये मात्र) आहार प्रदायगी के लिए डी.डी. (जीवनदीप समिति आर.एन.टी. हॉस्पीटल) के नाम से जमा किया जाना है।

सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला अस्पताल कोण्डागांव (छ.ग.)

G-242504267/2


## किसान पैदल दिल्ली कूच करना चाहते हैं तो सरकार उन्हें क्यों रोक रही: सैलजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



सांसद कुमारी सैलजा ने मंगलवार को कहा कि भाजपा सरकार किसानों को प्रताड़ित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। किसान पैदल दिल्ली कूच करना चाहते हैं तो सरकार उन्हें क्यों रोक रही है।

उन्होंने कहा कि एमएसपी पर फसलों की खरीद का कानून बनाने की मांग पर देश का अन्नदाता लंबे समय से संघर्ष कर रहा है। हर बार भाजपा की सरकार किसानों से झूठा वादा करके किसानों के संघर्ष को दबाने का प्रयास कर रही है। यदि भाजपा सरकार किसानों के आंदोलन को समाप्त करवाना चाहती है तो तुरंत किसानों से बात करके एमएसपी गारंटी का कानून लागू कर दे।

सांसद सैलजा ने कहा कि किसान लंबे समय से एमएसपी की गारंटी का कानून बनाने की मांग कर रहे हैं। खनौरी बॉर्डर पर किसान कई माह से धरने पर बैठे हुए हैं, लेकिन भाजपा की सरकार किसानों से कोई बात नहीं कर रही है।

## संभल हिंसा मामले में पुलिस प्रशासन पर की जानी चाहिए कार्रवाई: अखिलेश

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच करीब सप्ताह भर बाद संसद की कार्रवाई चलाने को लेकर बनी सहमति के बाद मंगलवार को लोकसभा की कार्रवाई सुचारू रूप से चली। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी सहित अन्य विपक्षी दलों ने हालांकि संभल हिंसा और मनरेगा के मामले पर चंद मिनटों के हंगामे के साथ सदन से सांकेतिक बर्हिगमन कर अपना विरोध भी जताया। शून्यकाल में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने संभल मामले को सदन में उठाते हुए वहां पर माहौल बिगाड़ने में पुलिस प्रशासन जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। ताकि फिर कभी ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो सके।


Annexure-I
## कार्यालय नगरपालिका परिषद कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

क्रमांक / 4722 / न.पा.प./ लो.नि.वि./ ई-टेण्डर/2024-25 — कवर्धा, दिनांक 02.12.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख मे) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| SYSTEM TENDER NO. 162198 Construction of shopping complex Old Nagar Palika Office Parishar, Kawardha | 277.54 | 24.12.2024 |

2- उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://u.cgeprocurement.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
नगरपालिका परिषद कवर्धा



## छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग
## मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर
## जिला - रायपुर (छत्तीसगढ़)

क्रमांक एफ 3-9 / 2022 / 1-11 / स्टेशनरी अटल नगर, दिनांक 02/12/2024

### तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना

| क्रमांक | वाहन का नाम | वाहन क्रमांक | क्रय वर्ष | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 01. | मारूति ओमिनी | CG 02-4545 | 2004 | 20,500/- |
| 02. | टाटा इंडिका | CG02-5584 | 2013 | 50,000/- |
| 03. | टाटा इंडिका | CG02-5585 | 2013 | 50,000/- |
| 04. | टाटा इंडिका | CG02-5587 | 2013 | 50,000/- |

निविदा फार्म नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन दिवस में 100.00 (राशि रू. एक सौ मात्र) नगद लेखा शाखा में जमा कर सामान्य प्रशासन विभाग (अधीक्षण) मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर से निविदा फार्म दिनांक 04.12.2024 से 11.12.2024 तक कार्यालयीन समय में प्राप्त किये जा सकते है। निविदा फार्म दिनांक 11.12.2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक जमा की जावेगी। इसके पश्चात प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं किये जायेगें। निविदा उपस्थित निविदाकर्ताओ / प्रतिनिधि के समक्ष सायंकाल 4.00 बजे दिनांक 11.12.2024 को मंत्रालय के समिति कक्ष क्रमांक एस 0-12 में खोली जावेगी। सचिव छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर अटल नगर का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।
**टीपः-** निविदा फार्म के साथ अमानत राशि प्रत्येक वाहन के लिए रूपये 5000/- का बैंक ड्राफ्ट अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। नगद राशि स्वीकार योग्य नही होगी।

उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

G-242504287/7


## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

जगन्नाथ मंदिर प्रबंध समिति की इस्कॉन से दो टूक

## 'शास्त्रों के अनुसार आयोजित करें जगन्नाथ रथ यात्रा'

एजेंसी ▶▶ पुरी



जगन्नाथ मंदिर प्रबंध समिति ने अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) से कहा है कि रथ यात्रा शास्त्रों में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया से दशमी तिथि के बीच आयोजित की जानी चाहिए। पुरी स्थित 12वीं शताब्दी के श्री जगन्नाथ मंदिर की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था एसजेटीएम ने इस बात पर जोर दिया कि जून के अंत या जुलाई में आयोजित की जाने वाली वार्षिक रथ यात्रा के लिए निर्धारित तिथियों में कोई परिवर्तन नहीं होना चाहिए। पुरी के गजपति महाराज के साथ एसजेटीएम के अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने वाले दिव्य सिंह देब ने सोमवार को पुरी के रॉयल पैलेस में एक बैठक के दौरान इस्कॉन को यह जानकारी दी.' बैठक में श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के मुख्य प्रशासक अरबिंद पाधी, इस्कॉन के शासी निकाय आयोग के प्रमुख गुरु प्रसाद स्वामी महाराज, ओडिशा इस्कॉन के निदेशक प्रेमानंद दास महाराज और भुवनेश्वर के क्षेत्रीय निदेशक बनमाली चंद्र दास सहित कई प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद् दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

क्रमांक/923 / तक./न.पा.परि / 2024-25 — दन्तेवाड़ा, दिनॉक : 02.12.2024

### ई-टेण्डर निविदा आमंत्रण सूचना


एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म / ठेकेदारों / एजेंसी / कंपनी से निम्नलिखित कार्य हेतु नगरपालिका परिषद, दंतेवाड़ा द्वारा ऑनलाइन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| सिस्टम ई-टेण्डर न. | कार्य का विवरण | अनु. लागत राशि (लाख में) | निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 162173 | जिला दन्तेवाडा में अंतराज्यीय बस स्टैण्ड निर्माण कार्य भाग-1 | 953.14 लाख | 23.12.2024 समय शाम 5.30 PM |
| 162174 | जिला दन्तेवाड़ा में अंतराज्यीय बस स्टैण्ड निर्माण कार्य भाग-2 | 899.23 लाख | |

2. उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद दन्तेवाड़ा जिला
दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)


## शब्द पहेली - 5711



**बाएँ से दाए**
1. मरघट, कब्रिस्तान-4
3. पागल, बुद्धिहीन-4
8. भगवान, ईश्वर, खुदा-7
10. डांटना, दुत्कार-3
11. तरुण, किशोर-3
13. ओट, घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया, अजनबी-2
18. आनंद, मौज-2
19. सूर्य, भास्कर-2
21. चिंतन, सोच विचार-3
25. वेणी, फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष, आक्रमण, हमला-4

**ऊपर से नीचे**
2. कवि, गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर, भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्ज, पापी, भूत-3
8. शरण, आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट, प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना, अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्ण-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी, दूसरी पत्नी-3

**शब्द पहेली- 5710 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | ऊ | ल | के | ला | ■ | ■ | क | स | क | ■ |
| ह | र्जा | ■ | श | ■ | श | त्रु | ता | ■ | न्या | य |
| गु | ■ | ■ | ही | र | क | ■ | र | ■ | ■ | म |
| ज | ला | व | न | ■ | ■ | गं | ■ | अ | नु | ज |
| र | ■ | च | ■ | बे | ल | गा | म | ■ | की | ■ |
| ■ | शा | न | ■ | क | ■ | ज | ■ | ब | ला | ■ |
| ■ | य | ■ | श | रा | र | ल | ■ | न्द | ■ | त |
| म | द | द | ■ | र | ■ | ■ | अ | र | मा | न |
| श | ■ | ■ | स | ■ | शा | य | र | ■ | ■ | ब |
| क | म | ■ | न | र | म | ■ | मा | ■ | मा | द |
| ■ | जा | न | म | ■ | ■ | म | न | मो | ह | न |

## सूडोकु नवताल - 5723

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

MANGAL SENACHA, BANGA_ORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5722 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

ऐतिहासिक

डा. रामकुमार बेहार

## राजपरिवार में स्वर्ण कुंवर की पृष्ठभूमि



राजपरिवार का षड्यंत्रों भरा वातावरण भी 1910 ई. के विद्रोह का एक कारण था। सी.पी. के चीफ कमिश्नर ने विद्रोह के जो चार प्रमुख कारण बताए, उसमें दूसरे क्रम में रानी सुवर्ण कुंवर की ईर्ष्या व उपेक्षा को कारण रखा गया है। राजपरिवार की यह राजमाता महत्वहीन समझी जाती थी। राजकाज में उसकी सलाह कोई नहीं लेता था। उसका नाम सुवर्ण कुंवर राजा भैरवदेव की दूसरी पत्नी थी। नई व्यवस्था से उसका तालमेल नहीं बैठा, क्योंकि वे इस सिद्धांत के हिमायती थी कि रियासत राज परिवार के लिए है। राजा भैरवदेव को नपुंसक बताते हुए सुवर्णा कुंवर ने उसके होने वाले बच्चे को बता कर रियासत में राजा की स्थिति को खराब बनाया। राजमाता को जो सम्मान मिलना था, वह नहीं मिला। अपनी उपेक्षा के लिए वे दीवान व राजगुरु को कारण मानती थी। दोनों को रियासत से रियासत से निष्कासित करना चाहती थीं। प्रजा नेताओं को 1908 ई में उसने स्पष्ट कहा था कि आदिवासियों की परेशानियां, समस्याएं तब तक दूर नहीं होंगी, जब तक वे विद्रोह का रास्ता नहीं अपनाएंगे। विद्रोह प्रारंभ होने पर जब अंग्रेजी टुकड़ी बस्तर पहुंची, तब 5 मार्च 1910 ई. को सुवर्ण कुंवर गिरफ्तार कर ली गई। महल के एक कमरे में उन्हें नजरबंद रखा गया। 18 अप्रैल 1910 को पंजाब वाहिनी के साथ उन्हें जेल भेजा गया। निर्वासित अवस्था में ही 26 अक्टूबर 1910 ई.को रायपुर में उनकी मृत्यु हो गई।

सुरता

गौकरण मानिकपुरी

## अदभुत नाचा कलाकार रीहिन राधेलाल

जिला गरियाबंद के नागाबुडा नाचा साज के जोकड़ कलाकार रीहिन राधेलाल ध्रुव। छत्तीसगढ़ के लोक नाट्य के विधा नाचा गम्मत ला जीवन आखरी सांस तक निभाय में कोनो कमी नी करीन। आप मन ननपन के पंद्रह बछर उमर ले लीला नाटक अउ नाचा मंच ले परी के भूमिका ले शुरुआती करें रेहेव। जेहा सौ बछर के उमर तक ए विधा ला अंचल जिला प्रदेश सहीत मध्यप्रदेश उडीसा अउ महाराष्ट्र जैसे आने प्रदेश मा लोक नाट्य ला बिखेर के सरलग परयास करत रिहिस।



गरीब परिवार मा जनमे राधेलाल हा कक्षा छठवीं में पढ़ई करत नाचा में पारंगत होईन। जेहा राधेलाल अउ बैशाखू जोड़ के नाव ले नाम कमाईन। अईसन कलाकार अब हमर बीच नईहे , इसी साल देवारी तिहार माने के बाद ए दुनिया अउ कला जगत ला छोड़ के चल दीस। फेर ओकर कमी हा कभू कलाकार मन के बीच दिखत रही। उल्लेखनीय हे कि ओकर नाचा के शैली पारंपरिक साफ सुथरा राहय ,जेकर मिलान दुर्ग मटेवा साथ के नाचा कलाकार न्याईक दास मानिकपुरी मन ले होवय। जागरुकता के कमी रेहे के सेति शासन प्रशासन ले कोनो लाभ नी ले सकिन। अईसन अऊ कतको कलाकार हे जे मन अभावग्रस्त होए के बाद भी अपन छत्तीसगढ़ के माटी के खुशबू ल बगराय में कोनो कमी नी करत हे। राधेलाल ह बता दिस कि कला में गरीबी ह कभु बाधा नी बनय।

चिन्हारी

डा. ज्योति किरण चंद्राकर

## विवाह में डिडवा बिनौकि प्रथा



छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचल में पूर्व समय में डीडवा बिनौकी रस्म विवाह में उत्साह पूर्वक किया जाता था। डिडवा बिनोकी का अभिप्राय होता है,अकेले वर को वधू के बिना घूमाने की प्रथा। अर्थात वर को बारात जाने से पूर्व तैयार करके सुवासिनो द्वारा कलश में दीपक लेकर, वर को लेकर, चार-पांच घरों में डिडवा बिनोकी फिराने ले जाती थी । सुवासिन के साथ अन्य स्त्रियां भी जाती थी। दूसरे घर में जाकर सात बार मौर सौपा जाता था। उसके पश्चात नेंग स्वरूप हल्दी- सुपारी और पैसा वर को दिया जाता था। हल्दी सुपारी नजर उतारकर,आशीष स्वरूप पैसा दिया जाता था। इस रस्म के महत्व में बतलाया जाता है, कि रस्म को करने के पश्चात वर के सम्मान व शान में बढ़ोतरी को दिखाया जाता था। पूर्व समय में यह विश्वास करते थे कि, इस रस्म को करने से वर को किसी की नजर नहीं लगती और वह दूल्हे की वेशभूषा में राजकुमार जैसा प्रतीत होता है। वर्तमान समय में डिडवा बिनोकी की प्रथा छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचल में भी लुप्त हो गया है और आधुनिकता के कारण यह सारे बदलाव हुए हैं।

बस्तर के मड़ई मेले को जानने से पहले जानते हैं मेला और मड़ई के बारे में। मेला और मड़ई दोनों का प्रयोजन धार्मिक होता है, किन्तु मेला स्थिर-स्थायी देव स्थलों में भरता है, जबकि मड़ई में निर्धारित देव स्थान पर आस-पास के देवताओं का प्रतीक- 'डांग' लाया जाता है अर्थात मड़ई एक प्रकार का देव सम्मेलन भी है। मैदानी छत्तीसगढ़ में बइगा और यादव समुदाय की भूमिका मड़ई में सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। बइगा मड़ई लाते और पूजते हैं, जबकि यादव नृत्य सहित बाजार परिक्रमा, जिसे बिहाव या परघाना करते है।





मेला मड़ई: डा. पी सी लाल यादव

# मैदानी इलाकों से अलग होती है बस्तर मड़ई

छत्तीसगढ़ में मड़ई का आरंभ माघ पूर्णिमा से होकर चैत नवमी तक चलता है। बस्तर अंचल में भी यही तिथि में ही मड़ई मेले का आयोजन किया जाता है। बस्तर अंचल में सरवंडी, नरहरपुर, देवी नवागांव और लखनपुरी की मड़ई भरती है। जनवरी माह में कांकेर, चारामा और चित्रकूट मेला तथा गोविन्दपुर, हलबा, हैराडुला, परेगांव, सेलेगांव, अंतागढ़, जैतलूर और भद्रकाली की मड़ई होती है। फरवरी में देवरी, सरोना, नारायणपुर, असूलखार, कोरर की मड़ई होती है।

बस्तर मड़ई माघ पूर्णिमा को होती है। इसके बाद घोटीया, मूली, जैतगिरी, गरेगा और करपावंड की मड़ई होती है। महाशिवरात्रि के अवसर पर चपका की मड़ई भरती है। मार्च में कोंडागांव, केशकाल, फरसगांव, विश्रामपुरी और मद्देड़ का सकल नारायण मेला भरता है। समय के साथ साथ परिवर्तन स्वाभाविक है। इन परिवर्तनों के बावजूद भी मेले मड़ई से जुड़ी धार्मिक पृष्ठभूमि आस्था और विश्वास नहीं बदले हैं। मड़ई में उत्सव की परम्परा उसकी लोक रंगी आभा आज भी बरकरार है।





# बड़ महत्व के जगा आय डोकला के 'तुम'

कांकेर जिला के विकास खंड चारामा ले आठ किलोमीटर दुरिहा में एक ठन गांव हाबय 'डोकला' जिहा दु ठन गोठ के बड़ मानता हावय। एक ठन इहां के देव ' भंगाराम ' सबले जुन्ना देव ठीहा हावय अउ दूसर इहां के ' तूम '। भंगाराम आदिवासी जन जातियों के आराध्य देव हरे अउ तूम हा गांव वाला मन के आस्था के ठीहा हरे।

तूम हा प्राकृतिक जल कुंड हरे जेमे बारो महीना पानी बोहात रहिथे। किसान मन कहिथे एक हार्स पावर के लईक पानी सरलग बोहात रहिथे। ये तूम डोकला के किसान अशोक तिवारी के खेत मा हावय। दुरिहा-दुरिहा के लोगन मन येला देखे बर आथे फेर माईलोगीन मन ला ऐमे पानी भरन नइ देवय। फेर इही पानी हा तरिया जावत हावय तेला सब्बो झन बउर सकथे ऐमे कोनो नियम माईलोगीन बर नई हे।

गांव वाला मन कहिथे की 1903 में एक झन बाबा गांव में आय रिहिन हावय, तेहा पानी के मांग करिस ओ समय मे डोकला में पानी नई रिहिस। गांव वाला मन तिर के गांव भर्रिटोला नही ते माहूद ले पानी लावय जेनहा डोकला ले 2 किलोमीटर दुरिहा मा हावय बाबा जी तिवारी जी के खेत मेर ठाड़े रिहिन, उही करा चिमटा मार के किसिस येदे करा पानी हावय कहिके पानी निकाल दिस,बाबा हा पानी पी के चल दिस फेर पानी के बोहई कम नई होईस, तब ले ये पानी असनेच बोहात हावय। खेत ले एक ठन नाली निकाल देहे तेमे पानी हा गांव के निस्तारी तरिया में जावत रहिथे। तरिया के पानी घलो कभू नई अटावय ।



आस्था : दिनेश वर्मा

लोक साहित्य

डा. मृणालिका ओझा

## छत्तीसगढ़ में समृद्ध है हाना

पूर्वी हिन्दी के अंतर्गत आने वाली भाषाओं और बोलियों में छत्तीसगढ़ी का अपना अलग ही सौंदर्य और लावण्य है। इसकी मिठास तुलनात्मक दृष्टि से अधिक ही है। यह दूसरी बात है कि अभी अन्य भाषाओं के बीच अपनी पहचान बनाने के लिए उसे और संघर्ष करना पड़ेगा। यह भाषा कितनी गुरतुर है इसका स्वयं सिद्ध प्रमाण गुरतुर शब्द ही है-जो गुड़ तुल्य रस (मिठास) से तर है।

छत्तीसगढ़ी में असंख्य कहावतें (हाना) हैं। इनमें अनेक लोक प्रचलित हैं जिनका संग्रह लोक साहित्यवेत्ताओ ने किया है। इसके बाद भी कुछ विलुप्तप्राय हाना हैं जो ग्रामीण परिवेश की तलहटी में विद्यमान हैं, जिन्हें निकालकर वर्तमान तक लाना होगा। देखें कुछ हाना जिसमें यह सामाजिक परिवेश को चित्रित करता है -

गंवई गांव में सब एके हन गा,
कोनो बाह्मण कोनो बनिया,
कोनो ठलहा कोनो कमिया।

सामान्य एवं निम्न आय वर्ग के लोग भी अनेक सुखद स्वप्न देखते हैं, जो साकार नहीं हो पाते शिक्षा मूलक या मार्गदर्शक यह हाना जीवन के इस यथार्थ को चित्रित करते हैं - ओढ़े बर ओढ़ना नहीं, दसाय बर नहीं दसना।

बिहाव बर रद्दा देखे, रतनपुर के कईना।

इस तरह जीवन के हर पहलुओं को रेखांकित और चित्रित करने वाले हाना देखे जा सकते है जो किसी न किसी रूप में मानव जीवन को श्रेष्ठ जीवन जीने के लिए राह बनाते और भटकने से बचने के लिए सचेत करते हैं।



गांव की कहानी

नरेंद्र जायसवाल

# धार्मिक और पौराणिक महत्व का स्थल है सेतगंगा



जिला मुख्यालय मुंगेली से 16 कि मी पश्चिम व कबीरधाम जिला से 54 कि मी पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सेतगंगा का श्रीराम जानकी मंदिर प्राचीन धार्मिक धरोहरों में से एक है। इतिहासकार मंदिर का निर्माण काल 9, वीं या 10 वीं शताब्दी का मानते हैं। इस मंदिर की प्रसिद्धि के पीछे अनेक जनश्रुति हैं। विशाल पत्थरों को तराशकर गर्भगृह के अग्र भाग में खंभों को स्थापित किया गया है। इस मंदिर परिसर से लगा हुआ 100 मी की दूरी पर एक भव्य सिद्धेश्वरी महामाया मंदिर स्थित है। माता मंदिर के पश्चिम दिशा में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास का मंदिर स्थित है। मंदिर के पूर्व दिशा में पवित्र कुंड है। माघी पूर्णिमा के अवसर पर यहां भी चौका आरती का आयोजन होता है। यहां हर रविवार को जिले का सबसे बड़ा बाजार लगता है। माघी पूर्णिमा के अवसर पर पांच दिनों का मेले का आयोजन होता है। हजारों भक्त और श्रद्धालु इस अवसर पर दूर दूर से आते हैं। इस समय सम्पूर्ण देखरेख ग्राम पंचायत तथा जनपद पंचायत मुंगेली के मार्गदर्शन में होता है।



## खबर संक्षेप

### शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का झांसा देकर ठगी, 9 गिरफ्तार


**महासमुंद।** राजधानी पुलिस ने साइबर ठगी के 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एक महासमुंद का भी निवासी है। आरोपी महासमुंद, बिलासपुर, रायपुर, पुणे में छिपे रहे। आरोपियों ने जिले के अलावा कई जगह लोगों से ठगी की थी। आरोपियों के खिलाफ रायपुर, महासमुंद, बिलासपुर, भिलाई समेत कई थानों में मामला दर्ज था। पुलिस ने बताया कि शेयर ट्रेडिंग में 3 करोड़ से ज्यादा की ठगी कर चुके हैं। पुलिस आरोपियों की लगातार खोजबीन कर रही थी। साइबर सेल की मदद से आरोपियों के सिम को ट्रेस कर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी लोगों को शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का झांसा देकर ठगी करते थे और कुछ दिनों बाद फरार हो जाते थे। इसके लिए कई जगह किराए का मकान भी लिए थे। जहां फर्जी आईडी देते थे। इसके चलते पुलिस को खोजने में दिक्कतें हो रही थी। कई प्रार्थियों के पैसों को बैंक की मदद से होल्ड कराया गया है। प्रकरण में रविंदर सिंह चावला (53) पंजाबी कॉलोनी महासमुंद, दीपक टीलवानी (31) महावीर नगर न्यू राजेंद्र नगर रायपुर, तरुण उर्फ रौनक नचरानी (24) आनंद नगर तेलीबांधा को गिरफ्तार किया गया है।

बड़ी गिलहरी, उड़न गिलहरी को गुलेल से बनाते थे निशाना

# विलुप्त प्रजातियों का शिकार करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व फारेस्ट में वन्यप्राणियों का शिकार बदस्तूर जारी है। कोर एरिया में शिकारी कुत्तों की मदद से हिरण, विलुप्त हो रही उड़न गिलहरी, बड़ी गिलहरी का शिकार करने का मामला सामने आया है। रिसगांव एंटीपोचिंग स्क्वाड ने 5 शिकारियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों के निवास से वन्य प्राणियों के सींग, दांत, पंख, फंदा, सागौन चिरान आदि जब्त किया है।

वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 नवंबर की शाम 7:30 बजे सीतानदी अभ्यारण परिक्षेत्र रिसगांव का वन अमला पचपेड़ी हाईटेक बेरियर सांकरा से शासकीय जिप्सी वाहन में सवार होकर हाथी की रात्रिकालीन निगरानी के लिए निकला था। रात 12.30 बजे दो मोटर साइकिल में तीन- तीन व्यक्ति सवार होकर लिखमा मार्ग से टोंगरी डोंगरी वनमार्ग की ओर जाते दिखे। गश्ती दल ने मोटरसाइकिल का पीछा कर उन्हें रोका। पीछे मोटरसाइकिल तथा सामने की मोटर साइकिल का एक व्यक्ति फरार हो गया। मौके पर बुड्रा बेलरगांव निवासी धनसाय तथा उडीदगांव कोंडागांव निवासी अरूण को पकड़कर पूछताछ की गई। आरोपियों ने बताया कि वे शिकार करने के लिए निकले हैं। वे तीनों प्रशिक्षित कुत्तों की मदद से विलुप्त प्रायः वन्यप्राणी भारतीय बड़ी गिलहरी तथा विलुप्तप्राय उड़न गिलहरी को गुलेल से मार गिराया। धनसाय की मोटरसाइकिल में दो थैले मिले, जिसमें 2 नग गुलेल, 71 नग मिट्टी का गुल्का, 1 बड़ा टार्च मिला। बुड्रा निवासी सुरेंद्र, धानेश्वर, रजमन के साथ शिकार किया।

वनरक्षक रतनलाल यादव ने मौके पर जप्तीनामा तैयार किया। आरोपियों के गृहग्राम बुड्रा थाना बोराई जाकर आरोपी सुरेंद्र पिता फूलचंद के घर में तलाशी के दौरान वन्यप्राणी हिरण के 2 सींग, जंगली सुअर का 1 दांत, 1 नग साही पंख, साल एवं सागौन का चिरान एवं हाथ आरा बरामद किया गया। आरोपी बुड्रा निवासी सुरेंद्र पिता फूलचंद, थानेश्वर पिता राजेश गोड़, रमजन पिता धनसाय गोड़ को पकड़कर इसके खिलाफ वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 27, 29, 31, 50, 51 /1-ग/, 52 के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायालय नगरी के समक्ष 27 नवंबर को पेश किया गया। सभी आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जिला जेल धमतरी भेजा गया। इस आपरेशन में सब नोडल एंटी पोचिंग टीम के शैलेश बघेल, वनरक्षक रतनलाल यादव, दीपेंद्र राजपूत, शिवलाल मरकाम, दीनानाथ यादव रहे।

# 2-2 किग्रा के 3 आईईडी को सुरक्षा बलों ने किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केशकाल/कोडागांव

कोण्डागांव व कांकेर के सीमावर्ती ग्राम भण्डारपाल, जबकसा व माड़गांव के पहाड़ी क्षेत्र में माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से आईईडी लगाये जाने की 2 दिसंबर को सूचना पर विशेष कार्ययोजना तैयार की गई। उसके बाद अनिल विश्वकर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव के नेतृत्व में थाना धनोरा से जिला पुलिस बल व कैम्प कुंएमारी से सीएएफ की टीम ग्राम भण्डारपाल, जबकसा, माड़गांव व उसके आसपास क्षेत्र की ओर रवाना हुये थे। अभियान के दौरान लगभग अपरान्ह चार बजे ग्राम माड़गांव पहाड़ी के पास नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को जान से मारने के नियत लगाये गये करीबन 2-2 किलोग्राम के 3 टिफिन बम बरामद किया गया। जिसे बीडीएस टीम द्वारा सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए सावधानी पूर्वक घटना स्थल पर ही विस्फोट का नष्ट किया गया। जिला कोण्डागांव में सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज, जगदलपुर, पुलिस उप महानिरीक्षक उत्तर बस्तर रेंज, कांकेर श्री अमित तुकाराम कांबले के कुशल मार्गदर्शन एवं वॉय अक्षय कुमार , पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव के निर्देशन तथा रूपेश कुमार डाण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ऑप्स जिला कोण्डागांव के पर्यवेक्षण में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है।

■ नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों नुकसान पहुंचाने के नियत से लगाए गए



# निगम के एआरआई पर चाकू से किया हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जल कर वसूलकर लौट रहे निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक पर युवक ने धारदार चाकू से हमला कर घायल कर दिया है। घायल सहित निगम के कर्मचारी एफआईआर कराने कोतवाली पहुंचे। वहीं पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार कन्हैया मंडावी पिता परदेशी राम उम्र 49 वर्ष पोस्ट आफिस वार्ड निवासी नगर निगम में सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर पदस्थ है। एआरआई मंगलवार को साल्हेवारपारा वार्ड में राजस्व कर वसूली के लिए गया था। जहां से टैक्स वसूलकर मोटर साइकिल से निगम लौट रहा था। इसी दौरान साल्हेवारपारा में धारदार चाकूनुमा हथियार लेकर घूम रहे एक युवक ने एआरआई कन्हैया पर हमला कर दिया। घटना में कन्हैया के दाहिने हाथ के बाजू में चोट आई है। युवक के हमले से भयभीत एआरआई ने निगम पहुंचकर अन्य कर्मचारियों को घटना की जानकारी दी। निगम के अन्य कर्मचारी व घायल



एफआईआर दर्ज कराने सिटी कोतवाली पहुंचे। कर्मचारियों ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। घायल की शिकायत पर कोतवाली थाने में आरोपी रवि दीप पिता संतोष उम्र 29 वर्ष जालमपुर वार्ड निवासी के खिलाफ धारा 115-2 बीएनएस व 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी रवि दीप को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है।

### स्कार्पियों की ठोकर से स्कूटी सवार की मौत, चालक मौके से फरार

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रही स्कार्पियों चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में गंभीर रुप से घायल स्कूटी चालक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। घटना 28 नवम्बर की है। पांचवे दिन अस्पताल में स्कूटी चालक की मौत हो गई। जिसका फुटेज भी पुलिस को मिल गया है। मिली जानकारी के मुताबिक सुभाष नगर वार्ड 29 भिलाई निवासी सुभाष शर्मा अपनी स्कूटी सीजी 07 सीएफ 8972 से शाम को घर से निकले थे। इस दौरान नंदिनी रोड में स्कार्पियों चालक ने लापरवाही पूर्व तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार सुभाष शर्मा के वाहन को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में सुभाष शर्मा सड़क पर गिर पड़े घटना में उन्हें सिर समेत शरीर के विभिन हिस्सों में गंभीर चोट आई।। पहले आसपास के लोगों ने घायल को तुरंत लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला पहुंचाया। जहां से उसे गंभीर अवस्था में राम नगर स्थित निजी अस्पताल में अपचार के लिए ले जाया गया। चार दिन उपचार के बाद 2 दिसंबर को सुभाष ने दम तोड़ दिया।

### सड़क किनारे झाड़ियों में मिली युवती की सड़ी गली लाश, इलाके में सनसनी

**सुकमा।** जिले के मुरतोंडा परिक्षेत्र में सड़क किनारे झाड़ियों में एक अज्ञात युवती की नग्न अवस्था में सड़ी गली लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए पूरे मामले को जांच में ले लिया है। सोमवार दोपहर को पाईक रामपुराम गांव के कुछ ग्रामीण कृषि विज्ञान केंद्र के ब्लॉक नंबर तीन में लकड़ी बिनने के लिए गए थे। इस दौरान उन्हें झाड़ियों के बीच नग्न अवस्था में महिला की लाश नजर आई। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी सरपंच को दिया। इसके बाद सरपंच ने देर शाम को पुलिस को सूचना दी। मंगलवार सुबह कोतवाली प्रभारी शिवानंद तिवारी अपने स्टाफ के साथ घटना स्थल पहुंचे और शव को अपने कब्जे लिया।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## हमारा आशियाना

### रेडी टू मूव प्रॉपर्टी @ बेस्ट प्राइस

रायपुर के सभी प्राइम लोकेशन में

| लोकेशन | प्रॉपर्टी टाइप | ऑफर कीमत (लाख में) से शुरू |
|---|---|---|
| रेजिडेंशियल | | |
| कबीर नगर के पास | 1BK, 1BR, 1BHK & 2BHK | 9.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 200 m | 1BHK | 15.75 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | 2 BHK, 3BHK | 20.00 |
| कमर्शियल | | |
| मोहबा बाजार से 700 m दूर | दुकान | 7.50 |
| खालसा स्कूल, पंडरी के पास | ऑफिस एंड दुकान | 38.00 |
| मंत्रालय से 2 km दूर, नया रायपुर | ऑफिस एंड दुकान | 17.50 |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | दुकान | 27.00 |
| शंकर नगर | दुकान | 44.00 |
| राजकुमार कॉलेज के पास | दुकान | 40.00 |
| अवंती विहार चौक, मेन रोड से 100 m | दुकान | 62.50 |
| प्लॉट | | |
| रिंग रोड नंबर-2 से 100 m | कमर्शियल प्लॉट | 27.00 |
| रिंग रोड से लगा हुआ, सिलतरा | कमर्शियल प्लॉट | 29.00 |

avinash a relation for life
संपर्क करें : 90181 81813

#### टीचर

आवश्यकता है- अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हेतु कंप्यूटर (PGDCA एवं TALLY का ज्ञान) गणित, अंग्रेजी विषय हेतु एवं गार्ड- (परिवार सहित रहने की सुविधा) संपर्क- तुलसी बाराडेरा रायपुर मोबाइल- 6263349364.(RO-6434)

#### नर्सिंग स्टाफ

आवश्यकता है- नर्सिंग स्टाफ की अतिशीघ्र आवश्यकता है (ANM / GNM) वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें जीवन मेमोरियल हॉस्पिटल न्यू शांति नगर रायपुर 7400558800. (RO-6431)

#### घरेलु/टेलीकॉलिंग कार्य

आवश्यकता है- घर का घरेलू कार्य एवं टेली कॉलिंग कार्य हेतु, लड़की / महिला चाहिए पार्टटाइम / फुलटाइम समय 8 से 8 खाना + रहना फ्री सैलरी 8000/- आधार फोटो बायोडाटा सहित संपर्क:- गोकुल टावर, गोगांव गुढ़ियारी रायपुर मोबाइल 90393-21951. (RO-3132)

#### सेल्स/ मार्केटिंग

आवश्यकता है- प्रत्येक तहसील एवं जिले स्तर रिसर्च बेस आयुर्वेदिक प्रोडक्ट्स के सेल्स एवं मार्केटिंग हेतु डाक्टर्स, मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव, वैद्य तथा अनुभवी लोगों की आवश्यकता है। आय 20000- 50000/- प्रतिमाह:- 9713517535, 9300494000. (RO-334)

#### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- रायपुर जेल रोड में ऑफिस व फील्ड के सभी कार्य हेतु ऑफिस बॉय की आवश्यकता है, स्वयं का वाहन अनिवार्य 25 वर्ष तक के कम पढ़े लिखे ग्रामीण व शहरी लड़के संपर्क करें- 8839812454.(RO-1241)

#### मैनेजर/सेल्समैन

REQUIRED- Padmini Creation- Surya T.I Mall (Readymade Garment Showroom),Vacancy For, Showroom Manager-2, Experienc Salesman/Girls-4, 9039899116, 7869965800. (आरो न.-6398)

#### ड्रायवर/मुंशी

आवश्यकता है- शादी-शुदा, छत्तीसगढ़ निवासी, अनुभवी कार ड्राइवर चाहिए , आकर्षक वेतन। तापड़िया फटाखा के ऊपर, 2nd फ्लोर नेमीचंद, गली राम सागर परा, रायपुर मोबाइल नंबर 9302296492, 7000823851.(RO-6435)

आवश्यकता है- ट्रेडर्स कंपनी रायपुर को गिट्टी ईटा रेती कार्य हेतु ट्रैक्टर ड्राइवर व मुंशी की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें:- 9329847040.(RO-om)

#### चिकित्साकर्मी

आवश्यकता है- स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल में कार्य करने हेतु आईसीयू ड्यूटी डॉक्टर, योग्यता एमबीबीएस/ बीएएमएस । स्टाफ नर्स, योग्यता बीएससी / जीएनएम। एंडोस्कोपी टेक्निशियन योग्यता डिप्लोमा इन एंडोस्कोपी। बिलिंग एग्जीक्यूटिव योग्यता ग्रेजुएट । सैलरी अनुभव एवं योग्यता अनुसार अपना आवेदन एवं बायोडाटा भेजे मो. 7773010950 Email- hrmanger@sparshb-hilai.com (आरो.-SPD/835)

#### कुक/ड्रायवर

आवश्यकता है- तेलीबांधा के आगे वी.आई.पी. चौक के पास रायपुर में सभी घरेलू कार्य एवं शाकाहारी खाना बनाने के हेतु महिला/पुरुष (ड्राइवर या कुक) चाहिए। ग्रामीणों को प्राथमिकता। पान, गुटका, तंबाखू या किसी तरह का नशा न करने वाले संपर्क करें 9300593000.(RO-1227)

#### हेल्पर कार्य

आवश्यकता है- बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है रूम, बिजली की सुविधा फ्री। पता- बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर 7471176423.(RO-36162)




#### अन्य

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALI-FICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 6294162526. (RO-3128)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें- 8240426971, 8981475043.(RO-816)

#### Business व्यापार

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000/- प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर- 8359913999, 9589288936, रायगढ़ / अंबिकापुर- 7869755871. (RO-3106)

#### टॉवर

टॉवर - मान्य कंपनी द्वारा जमीन खेत प्लॉट पर 5g टावर लगवा कमाएं 30 से 60 लाख एडवांस 45000 किराया +नौकरी जमीनी कागज नक्शा ऑफिस लाएं या घर बैठे ऑनलाइन सर्वे पास कराएं 9993054415, 8278191967, 9238843306. (RO-70)

#### For Rent किराया

किराये से देना है- फर्स्ट फ्लोर पर एक कमरा डबल बेड का किराया पर देना है। मंडी गेट के सामने पंडरी ,9329121313.(RO-2466)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

#### Property प्रापर्टी

#### मकान

मकान बेचना है- मकान बेचना है थर्ड फ्लोर का फुलफर्निस्ड 5बीएचके, फॉलसीलिंग, ईस्ट फेसिंग, 1763 वर्गफुट प्लॉट, 5000 वर्गफुट सुपर बिल्टअप। कीमत 1 करोड़ 40 लाख। पता- रामालाइफ सिटी, सकरी बिलासपुर सम्पर्क करें- 7224067515, 9993601279 (RO-36163)

#### प्लाट

प्लॉट बेचना है - भाटागांव से 4 किलोमीटर नगर निगम क्षेत्र के अंदर आवासीय प्लॉट बेचना है तथा विनायक सिटी के पास 40x40=1600 वर्गफिट डायवर्टेड प्लॉट बेचना है। संपर्क- 9300219970, 9329527913.(RO-326)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ


#### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

#### Appointment आवश्यकता

#### सिविल इंजीनियर

आवश्यकता है- सिविल इंजीनियर, साइड सुपरवाइजर, चौकीदार की आवश्यकता है। पता- संतोषी कंस्ट्रक्शन कबीर नगर रायपुर मो. 8815464571 (RO-6432)

#### सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- सुपरवाइजर 2, सुरक्षा गार्ड 18 लेडी गार्ड 2, मार्केटिंग अधिकारी 2, योग्यता 10वीं, स्नातकोत्तर (आवास 1 time भोजन फ्री गार्ड हेतु, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन 11000/- से 15000/- संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED 434 चतुर्थतल प्रोग्रेसिव पॉइंट लालपुर रायपुर मोबाइल नंबर:- 7746000016, 7747000019, 7747000016. (RO-3114)

हरिभूमि क्लासीफाईड
छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

#### चिकित्साकर्मी

आवश्यकता है- हॉस्पिटल में लड़के और लड़कियों की आवश्यकता है Post. Pationt care, Reception, OT Home care Qalification. 10th ,12th , Bsc. Diploma B.com G N M Salery. 9000 se 16500 Adress- Sattyam Bihar Raipur Contect Number 9534773221 (RO-6433)

आवश्यकता है- अनुभवी NICU नर्सिंग स्टाफ -04, अनुभवी NICU ड्यूटी डॉक्टर-01, एक्स-रे टेक्नीशियन -01, नर्सिंग स्टाफ (Bsc Nursing ) GNM, ANM-10, H.R मैनेजमेंट- 01 श्री कृष्णा मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल अंबे फ्यूल्स के पास सारखी रोड अभनपुर 7389101264 मिलने का समय 11:30 से 3:00 तक (RO-1790)

#### आवश्यकता

आवश्यकता है- रावाभाटा में कार्य करने हेतु स्मार्ट ग्रेजुएट लड़के की आवश्यकता है। वेतन 19 से 20 हजार संपर्क:- क्लासिक स्पार्कलर्स, जय गोपाल सोसायटी, फफाडीह चौक, रायपुर(RO-394)

#### दुकान कार्य

आवश्यकता है- PVC पाइप दुकान में काम करने हेतु लड़के चाहिए 04 पता- आर. बी. पाटीदार एंड कंपनी नर्सिंग मील कम्पाऊन्ड प्लेट फार्म नंबर- 7 के पास गुढ़ियारी रायपुर छत्तीसगढ़ मोबाइल नंबर - 843 590 4413 (RO-6430)

आवश्यकता है- किताब दुकान में कार्य करने हेतु युवक व युवतियों की वेतन योग्यतानुसार 10वीं 12वीं पास या कम पढ़े-लिखे भी संपर्क कर सकते हैं पता- अजंता बुक डिपो रायपुर मो. 9302566690.(RO-A)

आवश्यकता है- तेलीबांधा रायपुर में पेंट दुकान में कार्य करने हेतु पढ़े लिखे लड़कों की आवश्यकता है,संपर्क करे - सुबह 10 से शाम 5 बजे तक । मोबाइल 9893159580, 9425506411.(RO-373)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

आवश्यकता है- ऑटोपार्ट्स की दुकान में पैकिंग कार्य हेतु लड़को की आवश्कता हैं। वेतन योग्यतानुसार । संपर्क - तृप्ति सेल्स कार्पोरेशन, एम. जी.रोड,रायपुर । मोबाइल 9340273375. (RO-370)

#### घरेलु कार्य

आवश्यकता है- गृह कार्य हेतु एक अनुभवी महिला की आवश्यकता है। रहने खाने की सुविधा वेतन योग्यता अनुसार 800/- से 12000/- एक अनुभवी ड्रायवर चाहिए कम से कम 05 साल का अनुभव रहने की सुविधा वेतन योग्यता अनुसार मो.- 7003707355, 9340109282. (RO-6426)

#### टेलीकॉलर/टेक्नीशियन

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु 12TH PASS टेलीकॉलर- 2 ऑफिस असिस्टेंट -02 सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4 सर्विस टेक्निशियन 2 OFFICE BOY 1 (अनुभव आवश्यक नहीं) संपर्क:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.(RO-3133)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

हरिभूमि क्लासीफाईड

## खबर संक्षेप



### हुंडई का अनुसंधान के लिए आईआईटी से समझौता

**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर ग्रुप ने बैटरी और इलेक्ट्रिक वाहन के क्षेत्र में अनुसंधान को गति देने के लिए तीन आईआईटी संस्थानों के साथ गठजोड़ किया है। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि इसमें पांच वर्षों में 70 लाख डॉलर का निवेश होने का अनुमान है। वाहन समेत कई क्षेत्रों में मौजूदगी रखने वाले दक्षिण कोरियाई समूह ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली, आईआईटी बॉम्बे और आईआईटी मद्रास के साथ गठजोड़ किया है।

### अप्रिलया की आरएस 457 बाइक जनवरी से होगी महंगी



**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी पियाजियो व्हीकल्स अपनी स्पोर्ट्स बाइक अप्रिलिया आरएस 457 की कीमत जनवरी से 10,000 रुपये तक बढ़ाएगी। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इटली की वाहन विनिर्माता कंपनी अप्रिलिया का स्वामित्व पियाजियो समूह के पास है। कंपनी ने बयान में कहा कि यह मूल्य वृद्धि अप्रिलिया आरएस 457 के लिए उपलब्ध सभी तीन रंगों पर लागू होगी। इसमें कहा गया है कि पूरे भारत में मौजूदा एक्स-शोरूम कीमत में 10,000 रुपये की बढ़ोतरी की योजना बनाई गई है। साल 2025 में अप्रिलिया आर 457 की कीमत 4.2 लाख रुपये (महाराष्ट्र शोरूम) होगी।

### रुपया निचले स्तर से उबरा डॉलर तीन पैसे मजबूत



**मुंबई,।** घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच मंगलवार को सीमित दायरे में कारोबार के बाद रुपया अपने अबतक के निचले स्तर से उबरा और अंत में तीन पैसे की बढ़त के साथ 84.69 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपये में गिरावट की मुख्य वजह डोनाल्ड ट्रंप की ब्रिक्स मुद्रा को लेकर दी गई चेतावनी, यूरो क्षेत्र में राजनीतिक अस्थिरता, कमजोर घरेलू समष्टि आर्थिक संकेतक और निरंतर विदेशी पूंजी की निकासी रही।

### स्विगी का घाटा कम होकर 625.53 करोड़ रुपए पर




**नई दिल्ली।** खानपान एवं किराना के सामान की आपूर्ति करने वाली कंपनी स्विगी का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत घाटा कम होकर 625.53 करोड़ रुपये रह गया। स्विगी ने मंगलवार को शेयर बाजारों को जुलाई-सितंबर, 2024 तिमाही के वित्तीय नतीजों की सूचना दी। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी का घाटा 657 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने पहली बार शेयर बाजारों को अपने तिमाही नतीजों की जानकारी दी है।

### टाटा पावर ने मप्र में सौर परियोजना की शुरू




**नई दिल्ली।** टाटा पावर की इकाई टाटा पावर रिन्यूएबल्स एनर्जी ने मध्य प्रदेश के नीमच में 431 मेगावाट डीसी सौर परियोजना चालू करने की मंगलवार को घोषणा की। टाटा पावर ने बयान में कहा, 1,635.63 एकड़ में फैली इस परियोजना में सिंगल-एक्सिस ट्रैकर्स और बाई-फेशियल मॉड्यूल का अनूठा संयोजन है। इससे भारत में सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए एक नया मानक स्थापित होगा।

# घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या बढ़कर 17 करोड़ पहुंचने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या चालू वित्त वर्ष में सात से दस प्रतिशत बढ़कर 16.4 से 17 करोड़ तक रहने का अनुमान है। इसी अवधि में विमानन उद्योग का घाटा 2,000-3,000 करोड़ रुपये रहने के आसार है। साख निर्धारण करने वाली एजेंसी इक्रा के अनुसार, 2024-25 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या सालाना आधार पर 5.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 7.93 करोड़ रही थी। हालांकि यह भीषण गर्मी और अन्य मौसम संबंधी व्यवधानों से आंशिक रूप से प्रभावित हुई।

- रेटिंग एजेंसी इक्रा ने जारी की चालू वित्त वर्ष के लिए रिपोर्ट
- विमानन उद्योग का घाटा 2,000-3,000 करोड़ रुपए रहने के आसार

### 20 से 30 अरब रुपए शुध्द घाटे का अनुमान

घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रियों की संख्या में निरंतर वृद्धि के बीच इक्रा ने भारतीय विमानन उद्योग पर परिदृश्य को 'स्थिर' बरकरार रखा है। इक्रा की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सह-समूह प्रमुख किंजल शाह ने कहा कि उद्योग को वित्त वर्ष 2024-25 और 2025-26 में 20-30 अरब रुपये का शुद्ध घाटा होने का अनुमान है।



### पहली छमाही में 16.2 फीसदी यात्री बढ़े

भारतीय विमानन कम्पनियों के अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 16.2 प्रतिशत बढ़ी। रेटिंग एजेंसी ने मंगलवार को कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या वार्षिक आधार पर सात से दस प्रतिशत बढ़कर 16.4 से 17 करोड़ तक पहुंचने की संभावना है।

### एटीएफ की कीमत डॉलर पर निर्भर

यह विमानन कंपिनयों की बेहतर मूल्य निर्धारण शक्ति के समर्थन से अतीत में हुए घाटे की तुलना में काफी कम है। विमानन कंपनियों की लागत संरचना आमतौर पर दो प्रमुख घटकों विमान ईंधन या एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों और रुपया/डॉलर की दरों पर निर्भर करती है।

### लागत का 40 फीसदी हिस्सा ईंधन पर खर्च

इक्रा ने कहा कि सालाना आधार पर वित्त वर्ष 2024-25 के पहले आठ महीनों में एटीएफ की औसत कीमत 6.8 प्रतिशत घटकर 96,192 रुपये प्रति किलोलीटर हो गईं। यह कोविड-19 वैश्विक महामारी के पहले की तुलना के 65,261 रुपये प्रति किलोलीटर के स्तर से अधिक है। विमानन कंपनी की लागत का करीब 30 से 40 प्रतिशत हिस्सा ईंधन लागत, जबकि करीब 35-50 प्रतिशत हिस्सा परिचालन व्यय का होता है।

## चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने इस कदम की घोषणा की

# चीन का अमेरिका पर पलटवार, गैलियम समेत अन्य सामग्री के निर्यात पर लगाया प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶| बीजिंग

चीन ने मंगलवार को अमेरिका को गैलियम, जर्मेनियम, एंटीमनी और संभावित सैन्य उपयोग वाली अन्य प्रमुख उच्च-प्रौद्योगिकी सामग्रियों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने इस कदम की घोषणा अमेरिका द्वारा कंप्यूटर चिप बनाने वाले उपकरण, सॉफ्टवेयर और उच्च बैंडविड्थ मेमोरी चिप के निर्यात पर नियंत्रण के अधीन चीनी कंपनियों की अपनी सूची का विस्तार करने के बाद की। इन चिप का इस्तेमाल उन्नत अनुप्रयोगों के लिए होता है।

### अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति दे रहे चेतावनी

व्यापार प्रतिबंधों को ऐसे समय में बढ़ाया जा रहा है, जब नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन और अन्य देशों से आयात पर शुल्क में भारी वृद्धि करने की चेतावनी दे रहे हैं। इससे व्यापार और प्रौद्योगिकी पर बढ़ते तनाव के और बढ़ने की संभावना है। चीन के विदेश मंत्रालय ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

**खास बातें**

- जर्मेनियम, एंटीमनी व सैन्य उपयोग की सामग्रियों पर प्रतिबंध
- अमेरिका ने कंप्यूटर चिप बनाने वाले उपकरण सॉफ्टवेयर पर लगाया प्रतिबंध
- ट्रंप ने अन्य देशों से आयात पर शुल्क में भारी वृद्धि की चेतावनी दी है



### अमेरिका के खिलाफ चीन का कड़ा विरोध दर्ज

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, "चीन ने सेमीकंडक्टर निर्यात नियंत्रण उपायों को अद्यतन करने, चीनी कंपनियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने और चीन की प्रौद्योगिकी प्रगति के दुर्भावनापूर्ण दमन के लिए अमेरिका के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है।"

### अमेरिका की कंपनी सूची में 140 चीन की कंपनियां

*चीन ने पहले निर्यातकों को गैलियम जैसी रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सामग्री को अमेरिका भेजने के लिए लाइसेंस के लिए आवेदन करने की आवश्यकता बताई थी। अमेरिका की तथाकथित 'कंपनी सूची' में हाल ही में शामिल की गई लगभग सभी 140 कंपनियां चीन में स्थित हैं।*

### चीनी कंपनियों के खिलाफ एकतरफा प्रतिबंध

*लिन ने कहा, " चीन अमेरिका द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा की अवधारणा को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने, निर्यात नियंत्रण उपायों के दुरुपयोग, तथा चीनी कंपनियों के खिलाफ अवैध एकतरफा प्रतिबंधों और लंबे समय तक अधिकार क्षेत्र लगाने का दृढ़ता से विरोध करता है।" चीन में मिलने वाले खनिजों का इस्तेमाल कंप्यूटर चिप, कारों और अन्य उत्पादों में किया जाता है।*

### ग्रेफाइट के निर्यात पर सख्त नियंत्रण लगेगा

*चीन ने जुलाई, 2023 में कहा था कि उसे निर्यातकों को गैलियम और जर्मेनियम जैसी सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सामग्री अमेरिका भेजने के लिए लाइसेंस के लिए आवेदन करना होगा। अगस्त में, चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि वह एंटीमनी के निर्यात को प्रतिबंधित करेगा और ग्रेफाइट के निर्यात पर सख्त नियंत्रण लगाएगा।*

### एंटीमनी का उपयोग बैटरी से लेकर हथियारों तक

*एंटीमनी का इस्तेमाल बैटरी से लेकर हथियारों तक कई तरह के उत्पादों में किया जाता है। ऐसे खनिजों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। साल 2021 के अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय व्यापार आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, चीन एंटीमनी का एक प्रमुख उत्पादक है, जिसका उपयोग अग्निरोधी, बैटरी, अंधेरे में देखने में सक्षम बनाने वाले चश्मे और परमाणु हथियार बनाने में किया जाता है।*

# शेयर बाजार में तीसरे दिन भी तेजी कायम

## सेंसेक्स 597 अंक उछला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच मंगलवार को एचडीएफसी बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे प्रमुख शेयरों में खरीदारी आने से शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी बनी रही।

- एचडीएफसी बैंक व रिलायंस में रही खरीदारी

इस दौरान सेंसेक्स 597 अंक और निफ्टी 181 अंक चढ़कर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 597.67 अंक उछलकर 80,845.75 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 701.02 अंक बढ़कर 80,949.10 पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 181.10 अंक बढ़कर 24,457.15 पर पहुंच गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से अदाणी पोर्ट्स में करीब छह प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा एनटीपीसी, एक्सिस बैंक,



भारतीय स्टेट बैंक, लार्सन एंड टूब्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, आईटीसी, सन फार्मा, एशियन पेंट्स और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, सकारात्मक वैश्विक धारणा के बीच घरेलू सूचकांकों ने मजबूती का रुख कायम रखा। निवेशक अब संभावित वृद्धि कारकों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

### अदाणी पोर्ट्स का शेयर छह फीसदी चढ़ा


अदाणी समूह की सात कंपनियों के शेयर मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए। इनमें अदाणी पोर्ट्स के शेयर में छह प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यह सेंसेक्स और निफ्टी में शामिल कंपनियों में सबसे अधिक लाभ में रही। बीएसई में अदाणी पोर्ट्स का शेयर 6.02 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स 5.15 प्रतिशत, एसीसी 2.56 प्रतिशत, अदाणी एंटरप्राइजेज 2.33 प्रतिशत, सांघी इंडस्ट्रीज 2.09 प्रतिशत, अदाणी विल्मर 1.19 प्रतिशत और एनडीटीवी का शेयर 0.45 प्रतिशत चढ़ा।

**भारत के बढ़ते कद की ओर करता है इशारा**

# देश में बीते वित्त वर्ष लगभग 92,000 पेटेंट आवेदन जमा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में पिछले वित्त वर्ष (2023-24) के दौरान लगभग 92,000 पेटेंट आवेदन जमा किए गए। यह प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिक विकास के केंद्र के रूप में भारत की बढ़ते कद को बताता है। पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक (सीजीपीडीटीएम) उन्नत पंडित ने मंगलवार को कहा कि बौद्धिक संपदा (आईपी) दिशानिर्देशों को नया रूप दिया जा रहा है और नए मानदंडों के लिए विभिन्न पक्षों से जानकारियां मांगी जा रही हैं। पंडित ने यहां उद्योग मंडल एसोचैम के एक कार्यक्रम में कहा, "पिछले वित्त वर्ष में करीब 92,000 पेटेंट आवेदन दायर किए गए। इसका मतलब है कि हर छह मिनट में एक नई प्रौद्योगिकी भारत में बौद्धिक संपदा संरक्षण की मांग कर रही है।" उन्होंने कहा, "हम बौद्धिक संपदा दिशा-निर्देशों में सुधार कर रहे हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों में आईपी के संरक्षण के लिए बनाए गए थे। यह प्रक्रिया जारी है, ऐसे दिशा-निर्देशों के प्रभाव को और मजबूत बनाने के लिए उद्योग मंडलों और आईपी हितधारकों द्वारा भी योगदान दिया जा सकता है।"




### भारत के पेटेंट कार्यालय की दक्षता को करता है रेखांकित

पंडित ने कहा, "हम कुशल आईपी आवेदन दाखिल प्रक्रिया की दिशा में काम कर रहे हैं। स्वीकृत पेटेंट में यह तीव्र वृद्धि आवेदनों को संसाधित करने और आईपी अधिकार प्रदान करने में भारत के पेटेंट कार्यालय की दक्षता को रेखांकित करती है।

### टॉरेंट पावर योग्य संस्थागत नियोजन से पूंजी जुटाएगी

**नई दिल्ली।** टॉरेंट समूह की कंपनी टॉरेंट पावर ने पात्र संस्थागत नियोजन के जरिये पूंजी जुटाने को लेकर निर्गम के खुलने की घोषणा की। कंपनी यह निर्गम 1,555.75 रुपये प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर जारी करेगी। यह क्यूआईपी (पात्र संस्थागत नियोजन) एक या अधिक चरणों में 5,000 करोड़ रुपये तक जुटाने की कंपनी की योजना का हिस्सा है। कंपनी ने न तो जारी किए जाने वाले शेयरों की संख्या और न ही कुल निर्गम आकार का खुलासा किया। हालांकि, ऐसा अनुमान है कि निर्गम का आकार 3,500 करोड़ रुपये से 5,000 करोड़ रुपये के बीच रह सकता है। टॉरेंट पावर ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि निदेशक मंडल की कोष जुटाने वाली समिति ने दो दिसंबर को हुई अपनी बैठक में आज निर्गम खोलने को अधिकृत करने पर विचार किया और उसे मंजूरी दी।

**सोना 200 रुपए टूटकर 79,000 रुपए प्रति 10 ग्राम रहा**

# सोना 200 रुपए टूटा चांदी 2400 रुपए उछली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत में लगातार दूसरे दिन नरमी जारी रही और यह 200 रुपये टूटकर 79,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। कारोबारियों ने कहा कि हालांकि, चांदी की कीमत 2,400 रुपये के उछाल के साथ 92,400 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। चांदी बाजार में तेजी का रुख, मुख्य रूप से औद्योगिक मांग के कारण है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 200 रुपये गिरकर 78,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।



### विनिर्माण पीएमआई के कारण डॉलर मजबूत

एबन्स होल्डिंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चिंतन मेहता के अनुसार, उम्मीद से बेहतर अमेरिकी विनिर्माण पीएमआई आंकड़ों के कारण अमेरिकी डॉलर को मजबूती मिली, जिससे सोने की कीमतें लगभग स्थिर रहीं। एशियाई बाजार में चांदी 1.93 प्रतिशत बढ़कर 31.46 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।



### आरबीआई ने जैवरॉन फाइनेंस का पंजीकरण किया रद्द

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने अनियमित ऋण प्रक्रियाओं के कारण नागपुर स्थित जैवरॉन फाइनेंस का पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि जैवरॉन फाइनेंस ने अपने डिजिटल ऋण परिचालन में वित्तीय सेवाओं की 'आउटसोर्सिंग'' में रिजर्व बैंक के आचार संहिता के दिशानिर्देशों का उल्लंघन किया है। इसमें कर्ज मूल्यांकन, ऋण वितरण, ब्याज दर तय करने के साथ-साथ केवाईसी (अपने ग्राहक को जानो) सत्यापन प्रक्रिया जैसे अपने मुख्य निर्णय लेने वाले कार्यों को 'आउटसोर्स'' किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा कि कंपनी न केवल ऋण सेवा प्रदाताओं (एलएसपी) पर उनकी क्षमता, सुरक्षा और आंतरिक नियंत्रण, अंतिम लाभकारी मालिकों, राष्ट्रीयता एवं शेयरधारिता प्रतिरूप का आकलन करने के लिए उचित प्रक्रिया अपनाने में विफल रही।

## बिजनेस साइट

### फाडा और राडा ने आयोजित की डीलर संगोष्ठी, एचएसआरपी नंबर प्लेट पर चर्चा



**रायपुर।** फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाईल एसोसिएशन (फाडा) और रायपुर ऑटोमोबाईल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) ने मंगलवार को होटल मयूरा, जी. ई. रोड में एक डीलर संगोष्ठी का आयोजन किया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों के तहत हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) पर चर्चा करना था। संगोष्ठी में केंद्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 और केंद्रीय मोटर यान 1989 के प्रावधानों के तहत सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर बताया गया कि छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल 2019 से पहले विक्रय किए गए सभी वाहनों पर एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए सरकार ने मेसर्स रियल बेजान इंडिया लिमिटेड और रोसमार्टा सेफ्टी सिस्टम लिमिटेड को अधिकृत किया है। इन कंपनियों ने संगोष्ठी में अपने अधिकारी भेजे, जिन्होंने एचएसआरपी नंबर प्लेट की प्रक्रिया और डीलर के द्वारा उन्हें लगाने के तरीकों पर जानकारी दी। भारत सरकार ने 1 अप्रैल 2019 से एचएसआरपी नंबर प्लेट की शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य वाहनों में पारदर्शिता लाना और धोखाधड़ी को कम करना था। यह नंबर प्लेट एल्युमिनियम से बनी होती है और इसमें कई सुरक्षा फीचर्स होते हैं। एचएसआरपी के बिना वाहन चलाने पर केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम के तहत जुर्माना भी हो सकता है। संगोष्ठी में फाडा और राडा के पदाधिकारियों, परिवहन विभाग के अधिकारियों और प्रदेश के ऑटोमोबाईल डीलरों एवं उनके कर्मचारियों ने भाग लिया।

# आईआईटी खड़गपुर के 11 छात्रों को 1 करोड़ का पैकेज

**कोलकाता।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर के छात्रों को 2024-25 'प्लेसमेंट'' सत्र के पहले दो दिन में 800 से अधिक नौकरी के प्रस्ताव मिले हैं। संस्थान ने एक बयान में यह जानकारी दी। संस्थान में 'प्लेसमेंट'' सत्र रविवार को शुरू हुआ। दिए गए अधिकांश प्रस्ताव सॉफ्टवेयर, एनालिटिक्स, वित्त, बैंकिंग, परामर्श और मुख्य इंजीनियरिंग क्षेत्रों में थे। सोमवार शाम छह बजे तक छात्रों को 13 अंतरराष्ट्रीय 'ऑफर'' भी मिले हैं। 11 छात्रों को एक करोड़ रुपये (सालाना) से अधिक का पैकेज मिला है, जबकि अबतक का सबसे अधिक पैकेज 2.14 करोड़ रुपये का मिला है। एप्पल, कैपिटल वन, डीई शॉ, ग्लीन, गूगल, ग्रेविटन, माइक्रोसॉफ्ट, ऑप्टिवर, क्वांटबॉक्स, डेटाब्रिक्स, स्क्वायरपॉइंट कैपिटल, एबुलिएंट सिक्योरिटीज कुछ ऐसी कंपनियां थीं जिन्होंने पहले दिन 'प्लेसमेंट'' सत्र में भाग लिया।



## लग्जरी आइटम्स में हो सकते हैं शामिल

# महंगे रेडीमेड कपड़ों पर लग सकता है 28 फीसदी जीएसटी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शादियों के सीजन में केंद्र सरकार की ओर से झटका मिल सकता है, दरअसल 21 दिसंबर को जीएसटी काउंसिल की बैठक है और इसमें ब्रांडेड कपड़े पर लगने वाले जीएसटी को बढ़ाया जा सकता है। ऐसे में अगर आपकी शादी दिसंबर महीने के बाद है और आपने अभी शादी के लिए कपड़े नहीं खरीदे हैं तो इनके महंगे होने की संभावना है। फिलहाल रेडीमेड कपड़ों पर चार स्लैब में अलग-अलग जीएसटी वसूला जाता है, जिसमें 5 से 28 फीसदी तक टैक्स है। वहीं 21 दिसंबर को होने वाली बैठक के बाद मंत्री समूह ब्रांडेड रेडीमेड कपड़ों पर टैक्स कलेक्शन बढ़ा सकता है।

- जीएसटी काउंसिल की 21 दिसंबर को बैठक प्रस्तावित है

### रेडीमेड कपड़ों पर है ये स्लैब

वैसे तो जीएसटी के केंद्र सरकार ने 4 स्लैब बनाए हुए हैं, लेकिन रेडीमेड कपड़ों पर तीन स्लैब में जीएसटी लगता है। 1,500 रुपए तक के कपड़ों पर 5 प्रतिशत जीएसटी, 1,500-10,000 रुपए तक के कपड़ों पर 18 प्रतिशत जीएसटी और 10,000 से अधिक के कपड़ों पर 28 प्रतिशत जीएसटी लिया जाता है।



### रेडीमेड कपड़ों पर लग सकता है टैक्स

अभी रेडीमेड कपड़ों पर तीन स्लैब में जीएसटी लगता है, इसको लेकर 21 दिसंबर को जीएसटी काउंसिल की बैठक में बड़ा फैसला हो सकता है। जीएसटी काउंसिल की बैठक में मंत्री समूह रेडीमेड कपड़ों पर टैक्स स्लैब को बढ़ा सकता है। जीएसटी काउंसिल की बैठक में 5 फीसदी के टैक्स स्लैब को हटाया जा सकता है। ऐसे में रेडीमेड कपड़ों पर 21 दिसंबर के बाद 18 फीसदी और 28 फीसदी जीएसटी टैक्स चुकाना पड़ सकता है।

### ब्रांडेड कपड़ों पर 28 फीसदी जीएसटी संभव

*फिलहाल सरकार कपड़ों की प्राइस के हिसाब से तीन स्लैब में कपड़ों पर जीएसटी वसूलती है, लेकिन 21 दिसंबर को होने वाली जीएसटी काउंसिल की बैठक में सरकार ब्रांडेड कपड़ों को 28 फीसदी के स्लैब में डाल सकती है, जिसके बाद ब्रांडेड कपड़े पहले के मुकाबले और ज्यादा महंगे हो जाएगे।*

### 148 वस्तु हो सकती हैं महंगी

*मंत्री समूह जीएसटी काउंसिल को 148 वस्तुओं पर जीएसटी की दरों में बदलाव का प्रस्ताव देगा और इस पर जीएसटी काउंसिल अंतिम फैसला करेगी। मंत्री समूह की रिपोर्ट पर 21 दिसंबर को जीएसटी काउंसिल की बैठक होगी। काउंसिल की अध्यक्षता केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण करेंगी और इसमें राज्यों के वित्त मंत्री भी शामिल होंगे।*

## खबर संक्षेप



### अल-साद ने अल-नासर को हराकर पहुंचा प्लेऑफ़ में

**रियाद।** कतर के क्लब अल-साद ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना खेल रहे सऊदी अरब के क्लब अल-नासर को 2–1 से हराकर एएफसी चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के प्लेऑफ में जगह बनाई। अल-नासर पहले ही प्लेऑफ में अपनी जगह सुरक्षित कर चुका था इसलिए उसने पिछले तीन मैच में पांच गोल करने वाले रोनाल्डो को इस मैच में विश्राम दिया। इस दिग्गज फुटबॉलर ने बाहर बैठकर यह मैच देखा। अल-साद ने मध्यांतर के आठ मिनट बाद अकरम अफीफ के गोल की मदद से बढ़त हासिल कर ली। निर्धारित समय का खेल समाप्त होने में जब केवल 10 मिनट का समय बचा था तब रोमेन सैस ने आत्मघाती गोल करके स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। कतर की टीम को हालांकि इंजरी टाइम में पेनल्टी मिली जिसे अल्जीरिया के एडम ओनास ने गोल में बदल दिया।

### गुकेश और लिरेन ने एक और बाजी ड्रॉ खेली



**सिंगापुर।** भारतीय चैलेंजर डी गुकेश और गत चैंपियन डिंग लिरेन ने मंगलवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप की सातवीं बाजी ड्रॉ खेली जिससे दोनों समान अंक के साथ बराबर चल रहे हैं।
दोनों खिलाड़ियों के बीच यह लगातार चौथी बाजी ड्रॉ रही। दोनों खिलाड़ियों के सात दौर के बाद समान 3.5 अंक हैं। दोनों अब भी चैंपियनशिप जीतने से चार अंक दूर हैं। जो खिलाड़ी 14 बाजी के मुकाबले में पहले 7.5 अंक जुटा लेगा वह चैंपियन बनेगा। दोनों खिलाड़ी 72 चाल के बाद बाजी को ड्रॉ कराने को राजी हो गए। यह इस मुकाबले का पांचवां ड्रॉ है।

### मेस्सी और रोनाल्डो विश्व एकादश के लिए नामांकित



**होफडॉर्प (नीदरलैंड)।** लियोनेल मेस्सी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो भले ही अब यूरोप के फुटबॉल क्लबों की तरफ से नहीं खेलते हैं लेकिन वह अब भी अपने साथी खिलाड़ियों के बीच लोकप्रिय हैं। इसकी बानगी विश्व एकादश के लिए नामांकित किए गए 26 खिलाड़ियों की सूची है जिसमें 37 वर्षीय मेस्सी और 39 वर्षीय रोनाल्डो ही ऐसे खिलाड़ी हैं जो वर्तमान में यूरोप के क्लबों की तरफ से नहीं खेलते हैं। इन 26 खिलाड़ियों का चयन 70 देशों के 28,000 खिलाड़ियों के मतों से किया गया। अन्य 24 नामांकित खिलाड़ी पिछले वर्ष इंग्लैंड, जर्मनी, स्पेन और फ्रांस के क्लबों के साथ खेले थे। इटली में खेलने वाला कोई भी खिलाड़ी इस सूची में शामिल नहीं है। अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका में खेलने खेलने वाले खिलाड़ियों को भी इसमें जगह नहीं मिली है।

क्रिकेट : दो दिन बाद एडिलेड में खेला जाना है दूसरा टेस्ट

# टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया टीम को झटका स्टार खिलाड़ी स्मिथ को लगी गहरी चोट

एजेंसी ▶▶| एडिलेड

ऑस्ट्रेलिया को 6 दिसंबर से भारत से एडिलेड में 5 टेस्ट की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में दो-दो हाथ करना है। लेकिन इस मुकाबले से पहले ही ऑस्ट्रेलिया को झटका लग गया है। टीम के स्टार बैटर स्टीव स्मिथ चोटिल हो गए हैं। स्मिथ को नेट प्रैक्टिस करते समय उंगली पर चोट लग गई। इसके बाद वो काफी दर्द में नजर आए और फीजियो के साथ मैदान से बाहर चले गए। इससे पहले, जोश हेजलवुड और मिचेल मार्श की चोट ने ऑस्ट्रेलिया टीम की टेंशन बढ़ाई हुई है। हेजलवुड तो दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं।

### लाबुशेन की बॉल अंगूठे पर जा लगी

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्टीव स्मिथ नेट्स पर बल्लेबाजी का अभ्यास कर रहे थे। उन्हें मार्नस लाबुशेन थ्रो डाउन करा रहे थे। इसी दौरान एक गेंद उनके दाएं हाथ के अंगूठे पर जा लगी। वो दर्द से छटपटा रहे थे और उन्होंने कुछ देर के लिए बल्लेबाजी भी छोड़ दी थी। इसके बाद टीम का मेडिकल स्टाफ नेट्स में आया और स्मिथ की चोट की पड़ताल की। इसके बाद उन्होंने नेट्स छोड़ दिया।



### कुछ देर बाद नेट्स पर आए, अंगूठे का होगा स्कैन

हालांकि, कुछ देर बाद स्मिथ दोबारा बल्लेबाजी के लिए नेट्स पर उतरे थे। फिलहाल, ये पता नहीं चला है कि उनकी चोट कितनी गंभीर है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया एहतियातन स्मिथ का स्कैन करा सकता है। ऑस्ट्रेलिया पहले से ही मिचेल मार्श की चोट को लेकर परेशान है। ऐसे में अगर स्मिथ की चोट गंभीर होती है और वो दूसरा टेस्ट नहीं खेल पाते हैं तो ये ऑस्ट्रेलिया के लिए बहुत बड़ा झटका होगा। पर्थ टेस्ट में स्मिथ नाकाम रहे थे।

## पिंक बॉल टेस्ट में इन भारतीय गेंदबाजों ने लिए सर्वाधिक विकेट

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच 6 दिसंबर से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का दूसरा मैच खेला जाएगा। यह मुकाबला एडिलेड ओवल के मैदान पर पिंक बॉल से खेला जाएगा। भारत ने अब तक 4 पिंक बॉल टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 3 में उन्हें जीत मिली है और सिर्फ एक में हार मिली है। इस बीच डे-नाईट टेस्ट मैचों में सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाजों के बारे में जानते हैं।

### अश्विन - 18 विकेट

रविचंद्रन अश्विन पिंक बॉल टेस्ट में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने भारत के सभी 4 मैचों में हिस्सा लिया, जिसमें 13.83 की उम्दा औसत के साथ 18 विकेट लिए हैं।



### अक्षर - 14 विकेट

बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल ने पिंक बॉल से सिर्फ 2 मैच खेले हैं, जिसकी 9.14 की जोरदार औसत के साथ 14 विकेट अपने नाम किए हैं।

### उमेश यादव - 11 विकेट

भारतीय तेज गेंदबाज उमेश यादव का भी डे-नाईट टेस्ट में जोरदार प्रदर्शन रहा है। भारतीय तेज गेंदबाज ने 2 मैचों में 15.54 की उम्दा औसत के साथ 11 विकेट लिए हैं।

### इशांत और बुमराह ने लिए 10-10 विकेट

पिंक बॉल टेस्ट में इशांत शर्मा और जसप्रीत बुमराह भी 10-10 विकेट ले चुके हैं। इशांत ने 2 टेस्ट में 10 विकेट लिए थे। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले में कुल 9 विकेट चटकाए थे। बुमराह ने 3 डे-नाईट टेस्ट में 10 विकेट लिए हैं।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी

# श्रेयस गोपाल ने बड़ौदा के खिलाफ ली हैट्रिक



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस समय खेली जा रही सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में कर्नाटक क्रिकेट टीम के स्पिनर श्रेयस गोपाल ने बड़ौदा क्रिकेट टीम के खिलाफ मुकाबले में हैट्रिक लेने का कारनामा किया।

दिलचस्प रूप से उनकी हैट्रिक में हार्दिक और क्रुणाल पांड्या के अहम विकेट शामिल रहे। उन्होंने उपयोगी गेंदबाजी करते हुए कुल 4 विकेट चटकाए। उम्दा गेंदबाजी के बावजूद वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके।

### ऐसी रही गोपाल की गेंदबाजी

बड़ौदा की पारी के 11वें ओवर में गोपाल ने अविश्वसनीय गेंदबाजी की। इस लेग ब्रेक गेंदबाज ने अपने ओवर की पहली गेंद पर अर्धशतक लगा चुके शाश्वत रावत (63) का विकेट लिया। इसके बाद उन्होंने अगली 2 गेंदों पर क्रमशः हार्दिक (0) और कप्तान क्रुणाल (0) को पवेलियन की राह दिखाई। अपने अगले ओवर में उन्होंने भानु पानिया (42) का अहम विकेट चटकाया। अपने 4 ओवर के कोटे में उन्होंने 19 रन देते हुए 4 सफलताएं हासिल की।

### आईपीएल की नीलामी में सीएसके ने गोपाल को खरीदा

*इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की नीलामी में गोपाल को चेन्नई सुपरकिंग्स ने उनके बेस प्राइस 30 लाख रुपये में खरीदा था। वह इससे पहले मुंबई इंडियंस, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स की टीमों का हिस्सा रह चुके हैं। अपने आईपीएल करियर में उन्होंने अब तक 52 मैचों में 25.94 की औसत के साथ 52 ही विकेट लिए हैं। वह आखिरी बार आईपीएल में 2022 में खेले थे।*

राइफल संघ से मांगी डेट

# भारत में होगा एशियाई राइफल पिस्टल कप का आयोजन



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत 2026 में एशियाई राइफल एवं पिस्टल कप की मेजबानी करेगा। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने यह घोषणा की। भारत को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट की मेजबानी सौंपने का फैसला एशियाई निशानेबाजी परिसंघ की कार्यकारी समिति की बैठक में लिया गया। एएससी के महासचिव डुएज अलओटैबी ने एनआरएआई के महासचिव सुल्तान सिंह को भेजे गए पत्र में मेजबान महासंघ को प्रतियोगिता की प्रस्तावित तिथियों से अवगत कराने के लिए कहा है।

### एनआरएआई के महासचिव ने कहा- हम खुश हैं

एनआरएआई के महासचिव सुल्तान सिंह का कहना है कि हम एक और शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता की मेजबानी मिलने से बेहद खुश हैं। हम एशियाई निशानेबाजी परिसंघ की कार्यकारी समिति के बहुत आभारी हैं और हम उन्हें आश्वासन देते हैं कि हमेशा की तरह हम इस प्रतियोगिता का शानदार तरीके से आयोजन करेंगे।''

### सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों के साथ प्रतिस्पर्धा का मौका : देव

*इस दौरान एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने भी कहा, 'यह अंतरराष्ट्रीय सर्किट में भारतीय निशानेबाजी के बढ़ते महत्व का एक और सबूत है और हम बेहद खुश हैं कि हमारे खिलाड़ियों को अपने घरेलू दर्शकों के सामने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिलेगा।'*



# भारतीय जूनियर हॉकी टीम मस्कट रवाना एशिया कप में फहराएगी जीत का परचम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम एशिया कप में अपने खिताब का बचाव करने के लिए मंगलवार को मस्कट के लिए रवाना हो गई, जिससे टीम को अगले साल होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में मदद मिलेगी। जूनियर एशिया कप सात से 15 दिसंबर तक खेला जाएगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा।

### भारत का मुकाबला

इस प्रतियोगिता में शीर्ष पर रहने वाली तीन टीमें सैंटियागो, चिली में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। पूल ए में भारत का मुकाबला चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश से होगा जबकि पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग और श्रीलंका शामिल हैं। भारत के अभियान की अगुवाई कप्तान ज्योति सिंह और उप कप्तान साक्षी राणा करेंगी। टीम में ऐसे खिलाड़ी भी शामिल हैं जिन्हें सीनियर टीम के साथ खेलने का अनुभव है।

### बाबोविच के गोल से डेम्पो ने नामधारी को हराया

**लुधियाना।** डेम्पो एससी ने मंगलवार को यहां मातिजा बाबोविच के दूसरे हाफ में किये गये गोल से आई लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे दौर के मुकाबले में नामधारी एफसी को 1-0 से मात दी। बाबोविच ने 47वें मिनट में डेम्पो एससी के लिए गोल दागा।

# वर्ल्ड ब्लाइंड क्रिकेट काउंसिल का बड़ा फैसला टी20 वर्ल्ड कप की मेजबानी करेगा भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मुल्तान में वर्ल्ड ब्लाइंड क्रिकेट काउंसिल की आम सालाना बैठक में अगले साल भारत में होने वाले शुरूआती ब्लाइंड महिला टी20 विश्व कप को 'हाइब्रिड मॉडल' के आधार पर कराने का फैसला लिया गया जिसमें पाकिस्तान अपने मैच नेपाल या श्रीलंका में खेलेगा। भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान में पुरुष टी20 दृष्टिबाधित क्रिकेट विश्व कप से हटने का फैसला किया था और इसके कुछ हफ्ते बाद ही यह कदम उठाया गया।

### पाकिस्तान अपने मैच नेपाल या श्रीलंका में खेलेगा

### टी20 वर्ल्ड कप बैठक में 11 सदस्य देश रहे मौजूद

महिलाओं के टूर्नामेंट की मेजबानी के अधिकार पिछले साल भारत को दिए गए थे और सोमवार को आम सालाना बैठक में इसकी पुष्टि की गई जिसमें 11 सदस्य देश मौजूद थे। भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड वर्चुअली बैठक में शामिल हुए। भारत में ब्लाइंडक्रिकेट संघ के अध्यक्ष जीके महनतेश ने कहा टूर्नामेंट की मेजबानी का अधिकार पिछले साल (2023) ही भारत को दिया गया था। उस समय यह भी तय किया गया था कि अगर पाकिस्तान की टीम के भारत आने में वीजा की समस्या आती है तो टूर्नामेंट 'हाइब्रिड मॉडल' में आयोजित किया जाएगा।

### पाकिस्तान अपने सभी मैच तटस्थ स्थल पर खेलेगा

यह पूछने पर कि पाकिस्तान के मैच कहां होंगे तो महनतेश ने कहा पाकिस्तान की दृष्टिबाधित महिला टीम पूरे टूर्नामेंट के दौरान या तो नेपाल में या श्रीलंका में ही रहेगी। उन्होंने कहा भारतीय टीम नेपाल या श्रीलंका में उनके खिलाफ खेलने के लिए जाएगी। पूरे टूर्नामेंट का खर्च हमारा क्रिकेट बोर्ड उठाएगा। हम इन दोनों देशों में से किसी एक में पाकिस्तानी टीम के रहने का पूरा खर्च वहन करेंगे। सीएबीआई न ही भारतीय क्रिकेट बोर्ड से और न ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से मान्यता प्राप्त है।

## भारत ने मलेशिया को 3-1 से हराया, पाक से आज होगी खिताबी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| मस्कट

गत चैंपियन भारत ने पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी खिताब की हैट्रिक की ओर कदम बढ़ाते हुए मंगलवार को यहां सेमीफाइनल में मलेशिया को 3-1 से हराकर महाद्वीपीय टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। भारत बुधवार को फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। पाकिस्तान ने पहले सेमीफाइनल में जापान को 4-2 से हराया। टूर्नामेंट में अब तक अजेय भारत ने दिलराज सिंह, रोहित, और शारदा नंद तिवारी के गोल की मदद से फाइनल में जगह पक्की की।मलेशिया के लिए एकमात्र गोल अजीमुद्दीन कमरुद्दीन ने 57वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर किया।



### महान स्क्वाश खिलाड़ी राज मनचंदा का निधन

**नई दिल्ली।** अर्जुन पुरस्कार विजेता और छह राष्ट्रीय खिताब जीतने वाले महान स्क्वाश खिलाड़ी राज मनचंदा का रविवार को यहां निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। उनके परिवार के करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी। भारतीय स्क्वाश जगत के सबसे चर्चित चेहरों में से एक मनचंदा 1977 से 1982 तक राष्ट्रीय चैंपियन रहे और उन्होंने सेना के लिए अभूतपूर्व 11 खिताब जीते। इस दौरान उन्होंने एशियाई चैंपियनशिप और विश्व स्तरीय टूर्नामेंटों में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया और उन्हें 1983 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।






HDFC BANK

एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
शाखा: अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर, फोन : 0771-4243149/240
CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com

मांग–सूचना

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) की धारा 13 (2) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़ें।
जबकि अधोहस्ताक्षरी प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का माननीय एनसीएलटी–मुंबई द्वारा दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश द्वारा अनुमोदित समामेलन की एक योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) का प्राधिकृत अधिकारी है। वित्तीय संपत्ति और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत मांग नोटिस जारी किए गए। , यहां नीचे सूचीबद्ध उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों से संबंधित नोटिस/नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित मांग नोटिस/नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान करने का आह्वान किया गया है। नीचे दिए गए विवरण के अनुसार, अधोहस्ताक्षरी ने इन नोटिसों को उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों के अंतिम ज्ञात संबंधित पते के परिसर में चिपकाया है। उक्त नोटिस की प्रतियां अधोहस्ताक्षरी के पास उपलब्ध हैं, और उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि, यदि चाहें तो, किसी भी कार्य दिवस पर संबंधित प्रति अधोहस्ताक्षरी से प्राप्त कर सकते हैं। सामान्य कार्यालय समय.
उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारियों/कानूनी प्रतिनिधियों को नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर एचडीएफसी को भुगतान करें। यहां नीचे दी गई राशियां उनके संबंधित नामों में अतिरिक्त ब्याज के साथ दी गई हैं। जैसा कि उक्त डिमांड नोटिस में बताया गया है, नीचे कॉलम (सी) में उल्लिखित संबंधित तारीखों से लेकर भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, ऋण समझौते और उक्त उधारकर्ता द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हो, के साथ पढ़ा जाए। . ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित सुरक्षित संपत्ति को क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा एचडीएफसी के पास गिरवी रखा गया है।
सुरक्षित संपत्ति को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्रं. | ऋणी/जमानतदार का नाम एवं पता | बकाया राशि | मांग सूचना तिथि | बंधक संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | (ब) | (स) | (द) | (इ) |
| 1. | श्री कुमार राजेश, प्लॉट 9, खसरा 11/74(भाग), {11/44 (भाग) पुराना}, प.ह.नं.–15/20, जिला दुर्ग, तहसील दुर्ग, हरि नगर, कातुलबोड़ वार्ड–59, मौजा कातुलबोड़, दुर्ग–491001.<br>श्री कुमार राजेश, RVC Centreand College, मेरठ, मेन रोड, मेरठ –250001.<br>श्री कुमार राजेश, भारतीय सेना, गैरिसन इंजीनियर साउथ मेरठ, कैंट मेरठ, मेरठ – 250001.<br>श्रीमती नेताम लक्ष्मी, मकान नंबर–00, नवागांव, वार्ड नंबर–02, नवागांव, धमना–दुर्ग–491223.<br>श्रीमती नेताम लक्ष्मी, प्लॉट 9, खसरा 11/74(भाग), {11/44 (भाग)पुराना}, प.ह.नं.–15/20, जिला दुर्ग,तहसील दुर्ग, हरि नगर, कातुलबोड़ वार्ड–59, मौजा कातुलबोड़, दुर्ग–491001. | ₹ 30,15,228/- as on 30-OCT.-2024* | 23-NOV-2024 | सभी भाग एवं आंशिक भाग, प्लॉट नंबर 8 और 9 क्षेत्रफल – 2064 वर्गफीट, खसरा नं. –11/74(भाग), {11/44 (भाग) पुराना}, स्थित–कातुलबोड़, वार्ड–59, हरि नगर, प.ह.नं.–15/20, RIC–दुर्ग–1, NPN–दुर्ग, तह.– दुर्ग और जिला – दुर्ग, छत्तीसगढ़ और **चौहद्दी**–उत्तर – प्लॉट नंबर 10, दक्षिण – सड़क, पूर्व – शिक्षा जी का प्लॉट, पश्चिम – सड़क. |
| 2. | श्री दास तपन कुमार, यूनिट–HIG-1064, औद्योगिक क्षेत्र, स.क्रमांक, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, पावर हाउस, दुर्ग–490009.<br>श्री दास तपन कुमार, MIG 1-2123, हाउसिंग बोर्ड, वार्ड नंबर 16, इंडस्ट्रियल एस्टेट, भिलाई, भिलाई – 490026.<br>श्री दास तपन कुमार, शंकर केमिकल एंड ट्रेडिंग कंपनी, प्लॉट नंबर 50, लाइट इंडस्ट्रियल एरिया, छावनी, इंडस्ट्रियल एस्टेट भिलाई, भिलाई – 490026.<br>श्रीमती दास ताप्ती, यूनिट–HIG-1064, औद्योगिक क्षेत्र, स.क्रमांक, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, पावर हाउस, दुर्ग–490009.<br>श्रीमती दास ताप्ती, MIG 1-2123, हाउसिंग बोर्ड, वार्ड नंबर 16, इंडस्ट्रियल एस्टेट, भिलाई, भिलाई – 490026.<br>श्रीमती दास ताप्ती, शंकर केमिकल एंड ट्रेडिंग कंपनी, प्लॉट नंबर 50, लाइट इंडस्ट्रियल एरिया, छावनी, इंडस्ट्रियल एस्टेट भिलाई, भिलाई – 490026. | ₹ 28,16,254/- as on 30-SEP.-2024 | 16-NOV-2024 | यूनिट HIG-1064 का वह सारा टुकड़ा और पार्सल, जिसका क्षेत्रफल 160.18 वर्गमीटर कंस्ट्रक्शन एरिया भूतल 69.58 वर्गमीटर, प्रथम तल 40.98 वर्गमीटर, खसरा नं. 1347, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी (दुर्ग डिवीजन), औद्योगिक क्षेत्र छावनी वार्ड, वार्ड नं. 26, तह. और जिला – दुर्ग, छत्तीसगढ़ और **चौहद्दी**–उत्तर – 30 फीट रोड, दक्षिण – HIG-1063, पूर्व – HIG-1071, पश्चिम – 20 फीट रोड। |
| 3. | श्री सिंह अजय कुमार, प्लॉट–A-27, सृष्टि समृद्धि, स.क्रमांक, खसरा नं. 306/2, 308/1, 309/1-2, 311/1-2, 313/2, 315/2, प.ह.नं. 1, ग्राम–बोदरी, तह.–बिल्हा, बिलासपुर–छ.ग.–495001.<br>श्री सिंह अजय कुमार, DSB-63 जमुना कोलियरी, राम जानकी मंदिर के पास, मेन रोड, जमुना कोलियरी, कोतमा सिटी, अनूपपुर – 484444.<br>श्री सिंह अजय कुमार, मेसर्स अजय कुमार सिंह, सिविल कॉन्ट्रैक्टर्स, वार्ड नंबर 6, क्वार्टर नंबर D 5b/53, जमुना कोलियरी – अनूपपुर – 484444.<br>श्री सिंह विमल, वार्ड नंबर 6 जमुना कोलियरी, जेपी एस स्कूल के पास, जमुना कोलियरी, कोतमा सिटी, अनूपपुर – 484444.<br>श्री सिंह विमल, प्लॉट– प्लॉट–A-27, सृष्टि समृद्धि, स.क्रमांक, खसरा नं. 306/2, 308/1, 309/1-2, 311/1-2, 313/2, 315/2, प.ह.नं. 1, ग्राम–बोदरी, तह.–बिल्हा, बिलासपुर–छ.ग.–495001. | ₹ 7,48,400/- as on 30-SEP.-2024 | 16-NOV-2024 | परिवर्तित भूमि क्रमांक–27 का वह सारा टुकड़ा और पार्सल, क्षेत्रफल–2000 वर्गफुट, सि.मी. क्रमांक 309/1, 309/2 स्थित–बोदरी, 'सृष्टि समृद्धि' प.ह.नं–01 वार्ड 4, शहिद भगत सिंह वार्ड, RIC–बिल्हा, तह. एवं जिला. बिलासपुर, छत्तीसगढ़ और **चौहद्दी**–उत्तर– प्लॉट 28, दक्षिण – सड़क, पूर्व – गार्डन, पश्चिम – सड़क। |
| 4. | श्री तुरकाने चेतन, यूनिट–D-232–सेक्टर–4, कौशल्या माता विहार (कमल विहार), स. क्रमांक, नगर विकास योजना क्रमांक 4, रायपुर–492001.<br>श्री तुरकाने चेतन, 018, अटल चौक, नरदहा, अटल चौक – रायपुर– 493111.<br>श्री तुरकाने चेतन, मेसर्स चेतन मिठाईवाला, 018, अटल चौक, रायपुर – 493111.<br>श्रीमती बाई सरोज, 018, अटल चौक, नरदहा, अटल चौक – रायपुर– 493111.<br>श्रीमती बाई सरोज, यूनिट–D-232–सेक्टर–4, कौशल्या माता विहार (कमल विहार), क्रमांक, नगर विकास योजना क्रमांक 4, रायपुर–492001<br>गजेंद्र राकेश कुमार (जमानतदार) पिता काल राम गजेंद्र, वार्ड क्रमांक 51, मेहर पारा, लालपुर, रायपुर– 492001. | ₹ 8,79,428/- as on 30-SEP.-2024 | 16-NOV-2024 | परिवर्तित भूमि, D-232, क्षेत्रफल–646 वर्गफुट। सुपरबिल्टअप खसरा नं. 143/1 भाग, ग्राम–डुंडा में स्थित "कमल विहार योजना, नंबर–4" प.ह.नं. नंबर–118/51/72 RIC रायपुर–1, तह. और जिला रायपुर छत्तीसगढ़ और **चौहद्दी**–उत्तर–सड़क, दक्षिण–भूमि संख्या–D-214, पूर्व–भूमि D-231, पश्चिम से–भूमि D-233. |
| 5 | श्री सुना जया, यूनिट–F-5, F-6, गुलशन वाटिका, स. क्रमांक. 181/1, 181/5, 181/5, 181/8, 181/12, 181/4, 181/6, 181/11, 181/11, 181/18, प.ह.नं. 119, मौजा–सेजबहार, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड के पास, रायपुर–492001.<br>श्री सुना जया, MIG 46, B ब्लॉक, हिमालया हाइट्स, डुमरतराई, रायपुर – 492001.<br>श्री सुना जया, मेसर्स जया सूना, MIG 46B ब्लॉक, हिमालया हाइट्स, रायपुर – 492001.<br>श्री सुना धनु, MIG 46, B ब्लॉक, हिमालया हाइट्स, डुमरतराई, रायपुर – 492001.<br>श्री सुना धनु, यूनिट–F-5, F-6, गुलशन वाटिका, स. क्रमांक. 181/1, 181/5, 181/5, 181/8, 181/12, 181/4, 181/6, 181/11, 181/11, 181/18, प.ह.नं. 119, मौजा–सेजबहार, छ.ग. हाउसिंग बोर्ड के पास, रायपुर–492001. | ₹ 8,79,428/- as on 30-SEP.-2024 | 16-NOV-2024 | प्लॉट नंबर F-5 और F-6 का वह सारा टुकड़ा और पार्सल, क्षेत्रफल–1200 वर्गफीट। (600 वर्गफुट और 600 वर्गफुट) खसरा क्र. 15000/41, गुलशन वाटिका, स्थित – ग्राम–सेजबहार, प.ह.नं. नंबर–82, आरआईसी–रायपुर–18, कांदुल, तहसील और जिला रायपुर छत्तीसगढ़ और **चौहद्दी**–उत्तर – सड़क, दक्षिण – प्लॉट नंबर F-11 और F-12 से, पूर्व – प्लॉट नंबर F-7, पश्चिम – प्लॉट नंबर F-4. |
| 6 | श्री अरोड़ा चरणपाल सिंह, खसरा नंबर 454/30, प.ह.नं. 26, प्लॉट नंबर 22, हाउस शीट नंबर 15, मौजा अमेरी, कस्तूरबा नगर, वार्ड नंबर 4, बिलासपुर–छ.ग.–495001.<br>श्री अरोड़ा चरणपाल सिंह, 4/732 अयोध्या नगर, सेंट फ्रांसिस स्कूल के पास, अयोध्या नगर बिलासपुर, बिलासपुर (एम. कॉर्प), बिलासपुर – बिलासपुर–छ.ग. – 495001.<br>श्री अरोड़ा चरणपाल सिंह, मेसर्स शैली पेंट गैलरी, मंगला अमलतास कॉलोनी, बिलासपुर – बिलासपुर–छ.ग. – 495001.<br>श्री सिंह बलबीर, 4/732, अयोध्या नगर, सेंट फ्रांसिस स्कूल के पास, अयोध्या नगर बिलासपुर, बिलासपुर (एम. कॉर्प), बिलासपुर – बिलासपुर–छ.ग. -495001.<br>श्रीमती कौर जसबीर, 4/732 अयोध्या नगर, सेंट फ्रांसिस स्कूल के पास, अयोध्या नगर बिलासपुर, बिलासपुर (एम. कॉर्प), बिलासपुर – बिलासपुर–छ.ग. – 495001.<br>श्री सिंह हरविन्दर पाल, 4/732 अयोध्या नगर, सेंट फ्रांसिस स्कूल के पास, अयोध्या नगर बिलासपुर, बिलासपुर (एम.को.), बिलासपुर – बिलासपुर–छ.ग. – 495001.<br>श्री सिंह बलबीर, खसरा नंबर 454/30, पी.एच.नं. 26, प्लॉट नंबर 22, हाउस शीट नंबर 15, मौजा अमेरी, कस्तूरबा नगर, वार्ड नंबर 4, बिलासपुर–छ.ग.–495001.<br>श्रीमती कौर जसबीर, खसरा नंबर 454/30, प.ह.नं. 26, प्लॉट नंबर 22, हाउस शीट नंबर 15, मौजा अमेरी, कस्तूरबा नगर, वार्ड नंबर 4, बिलासपुर–छ.ग.–495001.<br>श्री सिंह हरविन्दर पाल, खसरा नंबर 454/30, प.ह.नं. 26, प्लॉट नंबर 22, हाउस शीट नंबर 15, मौजा अमेरी, कस्तूरबा नगर, वार्ड नंबर 4, बिलासपुर–छ.ग.–495001. | ₹ 22,59,940/- as on 30-SEP.-2024 | 16-NOV-2024 | परिवर्तित आवासीय भूमि का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, क्षेत्रफल–1380 वर्गफुट, निर्माण–700 वर्गफुट। खसरा नं.–454/30, शीट संख्या 15, ब्लॉक–1, प्लॉट–22, स्थित–अमेरी, प.ह.एन.–26, वार्ड क्रमांक–04, कस्तूरबा नगर, RIC एवं तह. और जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ और **चौहद्दी**–उत्तर – बंगाली बाबू की भूमि, दक्षिण–मोहन का घर, पूर्व–सड़क, पश्चिम–ठाकुर की भूमि। |

*अतिरिक्त ब्याज के साथ। भुगतान और/या वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क जैसा लागू हो आदि।
यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त के अनुसार एचडीएफसी को भुगतान करने में विफल हो जाते हैं, तो एचडीएफसी उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगा, जो पूरी तरह से जोखिम में है। उक्त उधारकर्ता(ओं)/कानूनी वारिस(ओं)/कानूनी प्रतिनिधियों(ओं) की लागत और परिणाम के बारे में।
उक्त उधारकर्ता/कानूनी उत्तराधिकारी/कानूनी प्रतिनिधि को उक्त अधिनियम के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्ति/अचल संपत्ति को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है, चाहे वह बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से हो। एचडीएफसी की पूर्व लिखित सहमति। कोई भी व्यक्ति जो अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, वह अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

स्थान : रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग
दिनांक : 04.12.2024
पंजीकृत पता– एचडीएफसी बैंक हाऊस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर पर्ल (पश्चिम), मुंबई–400020

कृते / प्राधिकृत अधिकारी
एचडीएफसी बैंक लिमिटेड
ASA


# चंद्रमा पर जाने की चाह रखने वालों के लिए बड़ी खबर नासा को मिले वहां गुफाओं के नेटवर्क के सबूत

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

चंद्रमा पर जाने की तैयारी में सबसे बड़ी दिक्कत वहां सूर्य से आने वाले हानिकारक विकरणों से निपटना है।इसके लिए कई तरह के प्रस्ताव हैं जिनमें से कुछ वहां मजबूत इमारतें बनाने के इरादे शामिल हैं। पर नासा के एक अंतरिक्ष यान ने चंद्रमा की ऐसी तस्वीरें हासिल की हैं जो एक बहुत ही उत्साह बढ़ाने वाले सबूत दे रही हैं। नासा के वैज्ञानिकों को चंद्रमा की सतह के नीचे लावा ट्यूब और उससे जुड़ी गुफाओं के नेटवर्क के सबूत मिले हैं। कई वैज्ञानिकों का कहना है कि ये गुफाएं वहां जाने वाले इंसानों की कई समस्याओं का एक साथ समाधान कर सकते हैं।

## 14 साल पुराने आंकड़ों से मिले नतीजे

नासा के एलआरओ लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर या एलआरओ से प्राप्त आंकड़ों का इस्तेमाल करने वाले वैज्ञानिकों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने चंद्रमा की सतह के नीचे गुफाओं के ये सबूत खोजे हैं। 2010 में एलआरओ के मिनी-आरएफ (मिनिएचर रेडियो-फ्रीक्वेंसी) उपकरण से जमा किए गए रडार आंकड़ों का टीम ने फिर से अध्ययन किया जिसमें टीम को एक गड्ढे के आधार से 200 फीट से अधिक दूर तक फैली एक गुफा के सबूत मिले।



## कहां मिले सबूत

खास बात ये है कि यह गड्ढा मैरे ट्रैंक्विलिटैटिस इलाके में चंद्रमा पर पहले मानव लैंडिंग स्थल से 230 मील उत्तर पूर्व में मौजूद है। गुफा की पूरी सीमा का तो पता नहीं चला है, लेकिन यह मैरे के नीचे कई मील तक फैली हो सकती है, इसकी गुंजाइश बहुत अधिक है। यही इस खोज का सबसे खास बात है जो काफी उम्मीदें जगाने वाली है।

**दशकों से था अंदेशा** : वैज्ञानिकों को दशकों से संदेह है कि चंद्रमा पर भी पृथ्वी की तरह ही सतह के नीचे गुफाएं हैं। नासा के लूनार ऑर्बिटर से मिली तस्वीरों में ऐसे गड्ढों का सुझाव दिया गया था जो गुफाओं की ओर ले जा सकते हैं। इन्हीं तस्वीरों ने नासा के अपोलो मानव लैंडिंग से पहले चंद्रमा की सतह का मैप बनवाया था।

## पहले भी मिल चुके हैं चंद्रमा पर गड्ढे

2009 में **JAXA** (जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी) के कागुया ऑर्बिटर द्वारा ली गई तस्वीरों से एक गड्ढे की पुष्टि हुई थी, और तब से **LRO** द्वारा ली गई सतह की तस्वीरों और थर्मल मापों के माध्यम से चंद्रमा पर कई गड्ढे पाए गए हैं। लेकिन, किसी को यह उम्मीद नहीं थी कि यही गड्ढे आपस में एक नेटवर्क के जरिए भी जुड़े रह सकते हैं। अगर ऐसा है तो चंद्रमा पर ये बहुत सारी संभावनाओं को पैदा करने वाली खोज साबित होगी।

## दूर-दूर तक फैली हो सकती हैं गुफाएं

इस खोज से गुफाओं के नेटवर्क के उत्साह बढ़ाने वाले प्रमाण मिले हैं। मैरीलैंड के ग्रीनबेल्ट में **NASA** के गोडार्ड स्पेस फ़्लाइट सेंटर में स्थित **LRO** परियोजना वैज्ञानिक नोआ पेट्रो ने कहा, अब मिनी-**RF** रडार डेटा के विश्लेषण से हमें पता चलता है कि ये गुफाएं कितनी दूर तक फैली हो सकती हैं। साफ जाहिर है कि ऐसे में चंद्रमा पर हो रहे शोधकार्य और यहां तक कि भविष्य के अभियानों में भी बदलाव देखने को मिल सकता है। **LRO** ने खुलासा किया कि चंद्रमा के गड्ढे चंद्र सतह पर मानव गतिविधि का समर्थन कर सकते हैं। पृथ्वी पर यहां पाए जाने वाले 'लावा ट्यूबों' की तरह, वैज्ञानिकों को संदेह है कि चंद्र गुफाएं तब बनीं जब पिघला हुआ लावा ठंडे लावा के क्षेत्र के नीचे बहता था, या लावा की नदी के ऊपर एक पपड़ी बनती थी। ऐसे में यहां पहुंच तक चंद्रमा के अंदर की संरचना, उसके बनने की प्रक्रिया सहित कई अहम भूगर्भीय जानकारियां मिल सकती हैं।

## निधन

**मंजू देवी अग्रवाल (मोदी)**



**भिलाई।** अग्रवाल समाज चरोदा के प्रतिष्ठित परिवार हरीश कुमार मोदी, शिव कुमार मोदी और राजनांदगांव के विधि डायग्नोस्टिक एवं रिसर्च सेंटर के संचालक डॉ. अमित कुमार मोदी की माता श्रीमती मंजू देवी अग्रवाल (मोदी) पति स्व. सुरेश कुमार मोदी का मंगलवार को सायंकाल निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा भिलाई चरोदा, पदुम नगर स्थित उनके निज निवास से 4 दिसंबर बुधवार को दोपहर 12 बजे मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

# झारखंड में पहली बार मिला उड़ने वाला 'तक्षक नाग'

**रांची।** झारखंड में पहली बार ऑर्नेट फ्लाइंग स्नेक मिला है। प्रदेश की राजधानी रांची के नामकुम स्थित आसीएच दफ्तर में यह दूर्लभ सांप पाया गया। इस उड़ने वाले सांप को तक्षक नाग के नाम से बुलाया जाता है। झारखंड में पहली बार इस प्रजाति का सांप मिला है। आसीएच दफ्तर में सांप देखने के बाद हड़कंप मच गया। डर के मारे कर्मचारी दफ्तर छोड़कर भाग गए। कर्मचारियों ने सांप पकड़ने वाले यानी स्नेक कैचर रमेश महतो को बुलाया। उन्होंने सांप सावधानी पूर्वक पकड़कर एक कार्टन में डालकर सुरक्षित रेस्क्यू किया।



## नागों का राजा

तक्षक नाग को नागों का राजा भी कहा जाता है। तक्षक को भगवान शिव के गले में रहने वाले नागराज वासुकी का छोटा भाई माना जाता है। महाभारत काल में जब पांडवों के पौत्र परीक्षित शासन कर रहे थे, तक्षक नाग ने ही उन्हें काटा था। इसके काटने से उनकी मौत हो गई थी।

## बहुत ही दुर्लभ है यह सांप

वन्यजीव विशेषज्ञ रमेश का कहना है कि यह सांप बहुत ही दुर्लभ है। इसकी सुरक्षा के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसे बिरसा जूलॉजिकल पार्क के स्नेक हाउस में रखा जाएगा। वहां पर इसकी अच्छी देखभाल होगी। फिलहाल, यह मेरे संरक्षण में है और कल इसे स्नेक हाउस में शिफ्ट कर दिया जाएगा।















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com